दैनिक
केसरिया हिन्दुस्तान

R.N.I. No. MPHIN/2021/82530

खबरे बेबाक, बेखौफ बेझिझक

समूह सम्पादक : रविन्द्र सिंह पवैया

ग्वालियर, भोपाल, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र , उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, से एक साथ प्रसारित

वर्ष 03 : अंक -255 | ग्वालियर, गुरूवार 25 अप्रैल 2024 | पेज- 8 मूल्य - 2 रूपए

आपके एक वोट की ताकत से हम दुनिया में पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था बन गए: मोदी

10 सालों में हुआ काम ट्रेलर, देश को बहुत आगे लेकर जाना है: प्रधानमंत्री मोदी

हरदा, 24 अप्रैल (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को हरदा में आयोजित जनसभा में कहा कि आपके एक वोट की ताकत से हम दुनिया में पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था बन गए। आपके एक वोट ने दुनिया में भारत का डंका बजा दिया। सीमा पर से आंख दिखाने वाले दुश्मन के होश ठिकाने लगा दिए। आपका वोट है, जिसने अयोध्या में 500 साल के इंतजार के बाद रामलाल को भव्य मंदिर में विराजमान कराया। इन 10 वर्षों में जो काम हुआ है, वह केवल एक ट्रेलर है। अभी हमें देश को बहुत आगे लेकर जाना है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता मोदी ने कहा कि देश में इस बार लोकसभा चुनाव को लेकर एक अलग ही उत्साह है। हमारा हरदा तो देश और मध्य प्रदेश की हृदयस्थली है और हृदय से मिला आशीर्वाद कभी खाली नहीं जाता। ये क्षेत्र भी पूरे देश में सुर से सुर मिला रहा है। देश के हर कोने में एक ही सुर है और मप्र में भी एक सुर है वो ये कि फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जब से काम संभाला है मध्य प्रदेश को और विकास की ऊंचाइयों पर ले गए हैं।

उन्होंने सभा के दौरान कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का खतरनाक हिडन एजेंडा अब खुलकर सामने आ चुका है। सेक्युलरिज्म के नाम पर वोट बैंक की राजनीति करने वाली कांग्रेस ने सामाजिक न्याय की मूलभूत भावना की भी हत्या कर दी है। अब ये खुलकर सामने आ गया है कि कांग्रेस पार्टी दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों से कितनी नफरत करती है। कर्नाटक में कांग्रेस ने धर्म के आधार पर आरक्षण दे दिया है। इसके लिए गैर कानूनी तरीके से एक चालाकी की है। मुसलमान की सभी जातियों को ओबीसी कोटे में डाल दिया है। कांग्रेस ने इन सबको ओबीसी में डालकर ओबीसी को जो हक मिलता था, उसका बहुत बड़ा हिस्सा उसने छीन लिया।

मोदी ने कहा कि आपके पूर्वजों ने जो संपत्ति बचाई जो आपको मिली है, अब कांग्रेस कहती है कि आप अपनी संतानों को वो संपत्ति नहीं दे सकते। करीब-करीब आधी संपत्ति कांग्रेस की सरकार बनेगी तो कानूनन आपसे लूट लेगी। कांग्रेस का एक ही मंत्र है, 'जिंदगी के साथ भी लूट और जिंदगी के बाद भी लूट। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमारी आस्था पर हमले करती है। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को ठुकरा दिया। कांग्रेस को मंदिर और मंदिर जाने वालों से भी दिक्कत है। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कार्यक्रम की शुरुआत में भारत माता की जय के साथ उद्बोधन शुरू किया। उन्होंने कहा कि आज विश्व में जो सम्मान भारत का है, मोदी जी के नेतृत्व में वह कांग्रेस के समय में कभी नहीं रहा। 2014 के पहले भारत को विश्व में घोटालों का देश के रूप में जाना जाता था भारत की इज्जत नहीं की जाती थी लेकिन प्रधानमंत्री मोदी बनने के बाद देश की छवि सुधरी और सम्मान मिला।

प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारियां हुई पूर्ण, काफिले के साथ की गई रिहर्सल

मुरैना। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को चुनावी विजय दिलाने के लिये मतदाताओं से अपील करने के लिये मुरैना आ रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। गुरूवार सुबह 10 बजे हेलीपैड़ से लेकर आमसभा स्थल तक आधा सैकड़ा वाहनों के काफिले को लेकर पूर्ण रिहर्सल की गई। इसके साथ ही मुख्यमंत्री के आगमन से लेकर आमसभा स्थल तक आने की तैयारियों को भी अंतिम रूप दिया गया। आमसभा के मंच को एसपीजी ने अपने अधीन ले लिया है। हेलीपैड से लेकर आम सभा परिसर में चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात कर दी गई है।

मुरैना-श्योपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी शिवमंगल सिंह तोमर के पक्ष में चुनावी सभा के लिये कल 25 अप्रैल को सुबह 10 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुरैना आ रहे हैं। पुलिस परेड ग्राउण्ड पर विशाल आमसभा आयोजित की जायेगी। इसमें प्रधानमंत्री के साथ मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव सहित प्रत्याशी व अन्य राजनीतिज्ञ उपस्थित रहेंगे। आमसभा स्थल पर बाहर से आया हुआ पुलिस बल सुरक्षा की दृष्टि से तैनात कर दिया गया है। वहीं अति विशिष्ठ लोगों के लिये बैठक व्यवस्था पृथक से की गई है। इस आमसभा में हजारों लोगों के शामिल होने की संभावनाओं को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है। प्रशासन व पुलिस ने सुरक्षा को लेकर पूर्ण इंतजामात कर लिये हैं। आमसभा स्थल पर लगभग 250 फिट की लम्बाई के 5 सेक्टर बनाये गये हैं। जिन्हें 10 भागों में विभाजित किया गया है।

पानी बोतल, माचिस, लाइटर, बेग लाना वर्जित

मुरैना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा में आने वाले सभी आमजन से पुलिस ने अपील की है कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये आमसभा स्थल में पानी की बोतल, माचिस, लाइटर, किसी भी प्रकार की धारदार वस्तु, बेग, इत्यादि पूर्णतः वर्जित रहेगा। प्रत्येकजन असुविधा से बचने के लिये इस प्रकार की कोई भी सामग्री अपने साथ लेकर न आवे।

आमसभा स्थल पर बनाये हैं दो प्रवेश द्वार

पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित होने जा रही आमसभा में कल 25 अप्रैल को प्रवेश के लिये दो द्वार बनाये गये हैं। पहला प्रवेश द्वारा नाला नम्बर 1 पर आमजन के लिये तथा दूसरा प्रवेश द्वार व्हीआईपी रोड पर एसएएफ हनुमान मंदिर के सामने विशिष्ठजन तथा मीडियाकर्मियों के लिये बनाये गये हैं। पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि अपने वाहन पार्किंग स्थल में पार्क करने के बाद पैदल, एमएस रोड होते हुये संग्रहालय से कोतवाली होकर नाला नम्बर 1 के सामने निर्मित किये गये आमजन प्रवेश द्वार से कार्यक्रम स्थल में प्रवेश पा सकेंगे। वहीं व्हीआईपी रोड पर एसएएफ हनुमान मंदिर के सामने से विशिष्ठजन के साथ मीडियाकर्मी प्रवेश करेंगे। आमसभा समाप्त होने के पश्चात इन्हीं प्रवेश द्वारों से बाहर निकलने की व्यवस्था की गई है।

ख़रीद केंद्र बनी दलालों का अड्डा , किसानों से की जा रही रूपए की माँग

दैनिक केसरीया हिंदुस्तान,संतोष सिंह चौहान

भिंड - शासन द्वारा कराई जा रही किसानों की फ़सल की ख़रीद के लिए केंद्र बनाए गए पर उन केंद्रों पर बीचोलिया इधर उधर की बीहड़ की ज़मीन लगा कर कर रहे फ़सल बिक्रय , मिहोना ख़रीदी केंद्र बनी दलालों का अड्डा प्रति ट्राली 100? की किसानों से की जा रही उगाही ओर फ़िर 10? प्रति बोरी की कर रहे माँग सेवा सहकारी संस्था मिहोना पर फ़सल बेचने गए किसान ने लगाए आरोप अगर नहीं दी राशि तो सेम्पल फ़ेल की कही जा रही बात यह आरोप लगाते हुए किसान कुबेर सिंह निवासी सींगपुरा ने बताया कि कल दिनांक 23 अप्रेल को सिलोट बुक कराकर ख़रीद केंद्र मिहोना पर पहुँच गया था पर मुझसे रुपए की माँग कर रहे पीड़ित किसान कुवेर सिंह ने समिति प्रबंधक सुरेंद्र गोतम पर आरोप लगाए

एक शाम मतदाता के नाम कार्यक्रम 25 को

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान /एम. जी. राजन, ब्यूरो चीफ, शिवपुरी

लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप प्लान के अंतर्गत एक शाम मतदाता के नाम कार्यक्रम का आयोजन आज किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 25 अप्रैल को सांय 7 बजे से तात्याटोपे प्रागंण राजेश्वरी रोड़ शिवपुरी में आयोजित किया जाएगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमराव सिंह मरावी ने बताया कि मतदाता जागरूकता के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। इसमें विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं और कलाकारों द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए गीत, संगीत, नृत्य-नाटिका एवं अन्य कला के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी जाएगी।

कार्यक्रम को लेकर जिला पंचायत सीईओ और स्वीप के नोडल अधिकारी उमराव मरावी ने बैठक की और कहा कि सभी कार्यक्रम मतदाता जागरूकता की थीम पर ही होना चाहिए। सभी स्कूल कॉलेज यह ध्यान रखें और उसी के अनुसार कार्यक्रम तैयार करें।

सशस्त्र बलों के लिए विकसित की गई सबसे हल्की स्वदेशी बुलेट फ्रूफ जैकेट

नई दिल्ली। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग (डीआरडीओ) ने सशस्त्र बलों के लिए सबसे हल्की स्वदेशी बुलेट प्रूफ जैकेट विकसित किया है। इसे कानपुर स्थित रक्षा सामग्री और भंडार अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान (डीएमएसआरडीई) में तैयार किया गया है। हाल ही में इस बुलेट प्रूफ जैकेट का चंडीगढ़ की लैब में परीक्षण किया गया, जो पूरी तरह बीआईएस के उच्चतम खतरे के स्तर 6 के मानकों पर खरी उतरी है। डीआरडीओ की चंडीगढ़ में स्थित टर्मिनल बैलिस्टिक अनुसंधान प्रयोगशाला (टीबीआरएल) में टेस्ट की गई 7.62 × 54 स्वदेशी बुलेट प्रूफ जैकेट बीआईएस 17051 के स्तर 6 के मानकों पर आधारित है। इसे गोला-बारूद से सुरक्षा के लिए देश में सबसे हल्की बुलेट प्रूफ जैकेट बताया गया है। हाल ही में इस बुलेट प्रूफ जैकेट का बीआईएस 17051-2018 के अनुसार टीबीआरएल, चंडीगढ़ में सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया था। यह जैकेट नए डिजाइन दृष्टिकोण पर आधारित है, जहां नई प्रक्रियाओं के साथ नवीन सामग्री का उपयोग किया गया है। इस जैकेट का फ्रंट हार्ड आर्मर पैनल (एचएपी) आईसीडब्ल्यू (इन-कंजंक्शन विद) और स्टैंड अलोन डिज़ाइन दोनों में 7.62 × 54 आर एपीआई (स्नाइपर राउंड) के कई हिट (06 शॉट्स) का मुकाबला करने में सक्षम है। एर्गोनॉमिक रूप से डिजाइन किया गया फ्रंट एचएपी पॉलिमर बैकिंग के साथ मोनोलिथिक सिरेमिक प्लेट से बना है, जो ऑपरेशन के दौरान पहनने की क्षमता और आराम को बढ़ाता है।

एक और प्रेम प्रसंग के चलते मौत

अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट

17 अप्रैल पोरसा लंगड़िया निवासी उमेश पुत्र रामगोविन्द प्रजापति शादी में मुरैना गया था। उमेश का गांव की ही रायठौर समाज की लड़की सपना (बदला हुआ नाम) से पिछले कई महीनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था।मिली जानकारी के अनुसार मृतक 17 अप्रैल को मुरैना में गांव के ही रायठोर समाज की शादी में शामिल होने गया था। जब उमेश घर नहीं लौटा तो परिजनों ने सिटी कोतवाली मुरैना में मृतक उमेश की गुमसुदगी दर्ज कराई।

जानकारी के अनुसार लड़की सपना के चाचा मुरैना में गल्ला मंडी के पास रहते हैं। वह अपने चाचा की लड़की की शादी में मुरैना गई थी।मृतक भी शादी में मुरैना गया हुआ था।क्योंकि पहले से लड़की के परिजनों को इन दोनो। के प्रेम प्रसंग के बारे में पता होने से मृतक उमेश को लड़की के

परिजनों ने पकड़ लिया।और कहीं दूर जाकर मौत के घाट उतार दिया इसके साथ ही मृतक उमेश की लाश को गंजरामपुर के पास इमिलिया गांव के कुएं में फेंक दिया। जिससे कि उन पर कोई शक नहीं करे बाद में शादी में आकर शामिल हो गए। मुरैना सिटी कोतवाली पुलिस को इमलिया गांव में बने कुएं में किसी मृतक की लाश पड़ी होने की सूचना मिली।मौके पर पुलिस पहुंची मृतक की लाश को कुएं से बाहर निकलवाया और लाश की सिनाख्त की तो शिनाख्त उमेश प्रजापति गांव लंगडिया पोरसा के रूप में हुई।मृतक के हाथ रस्सी से बंधे हुए थे। मृतक की बॉडी को मुरैना शव विच्छेदन ग्रह लाया गया।

करैरा पुलिस द्वारा हाथ भट्टी की कच्ची शराब सहित दो आरोपियो को किया गिरफ्तार

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

हरी निवास साहू

करैरा, शिवपुरी पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड के द्वारा जिले मे अवैध मादक पदार्थ जुआ सट्टा, अवैध हथियार, अवैध खनन परिवहन, अवैध शराव की धरपकड, लोकसभा चुनाव -2024 के तहत जीरो टालरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये उक्त निर्देश के पालन मे अति0 पुलिस अधीक्षक संजीव मुले के निर्देशन एवं करैरा एस.डी.ओ.पी. शिवनारायण मुकाती के मार्गदर्शन में थाना करैरा पुलिस को आज दिनांक 24.04.2024 को सुवह के समय मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति एक काले कलर की हीरो स्पलेन्डर प्लस मोटर सायकिल बिना नम्बर की पर शराब से भरी नीले रंग की दो कैनो को लटकाकर ग्राम खैराई से करैरा तरफ शराब विक्रय करने के लिये आ रहे है । मुखबिर की सूचना की तस्दीक हेतु टीला रोड स्टेडियम के पास पहुचकर चैकिंग लगाई तभी कुछ देर बाद मुखबिर द्वारा बताये हुलिया की एक बिना नम्बर की हीरो स्पलेन्डर प्लस मोटर सायकिल पर

दो व्यक्ति आते दिखे जिन्हे फोर्स की मदद से पकडा नाम पते पूछे तो मोटर सायकिल चलाने वाले व्यक्ति ने अपना नाम रूप सिंह पुत्र छोटेलाल पाल उम्र 25 साल नि0 ग्राम टीला व पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम नरेन्द्र पुत्र कल्लू परिहार उम्र 23 साल नि0 ग्राम श्योपुरा का होना बताया। मोटर साईकिल लटकी हुई दो प्लास्टिक की नीले रंग की कैनो को उतार कर ढक्कन खोल कर चैक किया तो दोनो कैनो में करीब 40 - 40 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब भरी पाई गई । दौनो से शराव को ले जाने के संवंध मे वैध लायसैंस मांगा न होना वताये । दौनो कैनो मे भरी हुई कुल 80 लीटर कच्ची शराव कीमती 16 हजार रूपये एवं बिना नम्बर की हीरो स्पलेन्डर प्लस मोटर सायकिल जिसका चैसिस नम्बर ऱ्स्क्र्र-ऋड्ढ126ह॥श्व47169 व इंजन नम्बर ॠ11श्वछ्वह॥श्व81958 कीमती 80 हजार रूपये को विधिवत जप्त किया एवं आरोपीगण रूप सिंह पुत्र छोटेलाल पाल उम्र 25 साल नि0 ग्राम टीला ,नरेन्द्र पुत्र कल्लू परिहार उम्र 23 साल नि0 ग्राम श्योपुरा थाना करैरा जिला शिवपुरी को गिरफ्तार किया गया । आरोपीगणो के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अप0 क्र0 306/24 पंजीबद्ध किया गया ।

इनकी रही भूमिका

थाना प्रभारी निरी0 सुरेश शर्मा, सउनि प्रवीण त्रिवेदी मय फोर्स प्र0आर0 669 अभयराज सिंह आर0 1073 अनूप कुमार, आर0 732 संजीव श्रीवास्तव ।

भाजपा रिकार्ड मतों से जीतेगी- सुधा राठौर

भिण्ड -सांसद भिंड दतिया एवं भाजपा प्रत्याशी संध्या राय के समर्थन में भाजपा जनों सहित महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने सघन जनसंपर्क किया भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष सुधा राठोर ने बताया की भिंड दतिया लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती संध्या राय के समर्थन में बुधवार को भाजपा जनों सहित महिला मोर्चा की बहनों ने मेहगांव विधानसभा के ग्राम रैका, ग्राम मुस्तरा एवं विभिन्न गांव में मोदी की गारंटी के पर्चे बांटे एवं सांसद भिंड-दतिया एवं लोकसभा प्रत्याशी संध्या राय को ऐतिहासिक मतों से जिताने का आमजन से आग्रह किया इस दौरान मेहगांव पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष ममता भदौरिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुधा राठौर, महिला मोर्चा पूर्व महामंत्री पूर्णिमा भदौरिया, मेहगांव मंडल मंत्री मुन्नी नरवरिया, मंडल उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा, किसान मोर्चा मंडल मेहगांव उपाध्यक्ष गुड्डी निगम आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मप्र: 10वीं, 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित

अनुष्का अग्रवाल 10वीं और जयंत यादव 12वीं के टॉपर

भोपाल. मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है. मंडला की अनुष्का अग्रवाल ने 10वीं में टॉप किया है. अनुष्का को 495 अंक मिले हैं. कालापीपल शाजापुर के जयंत यादव ने 12वीं में टॉप किया है. इस साल इन दोनों परीक्षाओं में 17 लाख से अधिक स्टूडेंट्स ने भाग लिया था। मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बुधवार शाम 4 बजे कक्षा 10 और कक्षा 12 परीक्षा के नतीजे घोषित कर दिए हैं. इसे आप वेबसाइट पर भी देख सकते हैं. स्कूल शिक्षा विभाग की प्रमुख सचिव रश्मि अरुण शमी रिजल्ट जारी किया जा रहा है. 10वीं की परीक्षा 5 फरवरी को शुरू होकर 28 फरवरी 2024 तक चली थी. 12वीं की परीक्षा 6 फरवरी को शुरू हुई और 5 मार्च को समाप्त हो गई थी. इस साल 12वीं की परीक्षा में 9,92,101 छात्र-छात्राएं और 10वीं की परीक्षा में 7,48,238 छात्र-छात्राएं शामिल हुए. पिछले साल एमपी बोर्ड की 12वीं कक्षा का रिजल्ट 55.28 प्रतिशत और 10वीं कक्षा के परिणाम 63.29 प्रतिशत रहे थे। **10 लाख ने कक्षा 12वीं, 7.48 लाख ने दी थी कक्षा 10वीं की परीक्षा** इस साल 10वीं की परीक्षा 5 फरवरी को शुरू हुई और 28 फरवरी 2024 तक चली थी. 12वीं की परीक्षा 6 फरवरी को शुरू हुई और 5 मार्च को समाप्त हो गई थी. इस साल 12वीं की परीक्षा में 9,92,101 छात्र-छात्राएं और 10वीं की परीक्षा में 7,48,238 छात्र-छात्राएं शामिल हुए. पिछले साल एमपी बोर्ड की 12वीं कक्षा का रिजल्ट 55.28 प्रतिशत और 10वीं कक्षा के परिणाम 63.29 प्रतिशत रहे थे।

अंकुश शर्मा ने 10 वीं कक्षा में 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, माता पिता किया नाम रोशन

अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट

अम्बाह। दिमनी। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश का रिजल्ट हुआ जारी माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश का रिजल्ट हुआ जारी। रतिराम पुरा दिमनी के अंकुश शर्मा पुत्र सियाराम शर्मा ने 10 वीं कक्षा में 500 में से 454 अंक हासिल कर 90.8त्न के साथ किया गुरुकुल डे बोर्डिंग स्कूलटॉप अंकुश शर्मा ने कहा कि अच्छे अंक प्राप्त करना जीत हासिल करना मेरी मेहनत है और माता पिता स्कूल टीचर्स गुरु का आशीर्वाद रहा है।

सृष्टि नौगरैया ने किया 10 वीं बोर्ड परीक्षा में ब्लॉक टॉपर

दैनिक केसरिया हिंदुस्तानहरी निवास साहू

करैरा। 2023- 24 हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में समाजसेवी रामभरोसे नौगरैया (मुनीम जी) की सुपौत्री एवं गल्ला व्यवसायी सूर्यकांत नौगरैया की पुत्री सृष्टि



नौगरैया ने 96 त्न अंक प्राप्त कर करैरा ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त कर शिवपुरी जिले की प्रावीण्य सूची में तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए परिवार समाज एवं नगर का नाम रोशन किया सृष्टि ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता एवं शिक्षकों को देते हुए कहा कि आगे भी कोशिश जारी रहेगी कि भविष्य में और बडी सफलता अर्जित कर पाऊं। सृष्टि की इस उपलिब्ध पर नगर के गणमान्य समाजसेवियों, व्यापारियों सहित पत्रकार गणों ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना करते हुए हर्ष व्यक्त किया।

राष्ट्रीय दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

विधायक रेणुका को प्रधानमंत्री का दिल्ली बुलावा, अंबिकापुर के आमसभा में सीएम की कुर्सी पर विधायक रेणुका को बिठाकर की चर्चा

देबाशीष गांगुली (संभागीय प्रमुख सरगुजा । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)*

मनेन्द्रगढ़। भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र से विधायक व पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री रेणुका सिंह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंबिकापुर के पीजी कालेज में आयोजित विजय संकल्प शंखनाद रैली के दौरान छत्तीसगढ़ व सरगुजा संभाग और भरतपुर सोनहत विधानसभा के विकास कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधायक रेणुका सिंह को दिल्ली बुलाया। प्रधानमंत्री बुधवार को अंबिकापुर में सरगुजा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी चिंतामणी महराज के पक्ष में चुनावी सभा को सम्बोधित करने पहुंचे थे। जैसे ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंच पर पहुंचे तो विधायक रेणुका सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हाथ जोड़कर अभिवादन किया तो प्रधानमंत्री ने रेणुका सिंह से उनका हालचाल पूछा। विजय संकल्प। शंखनाद आमसभा के दौरान विधायक रेणुका सिंह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातचीत चर्चा का विषय रही। गौरतलब है कि वर्तमान में प्रदेश की पहली विधानसभा भरतपुर सोनहत विधानसभा सीट से विधायक रेणुका सिंह सरगुजा लोकसभा से सांसद रह चुकी है व मोदी सरकार में प्रदेश से इकलौती केंद्रीय मंत्री रही है।

सीएम की कुर्सी पर बिठाकर की चर्चा

विजय संकल्प शंखनाद रैली को जब प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय संबोधित कर रहे थे तब मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बैठे थे इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कुछ दूरी पर बैठी विधायक रेणुका सिंह को नरेंद्र मोदी ने बुलाया और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जिस कुर्सी पर बैठे थे उसमे बिठाया और लगभग 7 मिनट तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधायक व पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री रेणुका सिंह ने प्रदेश के विकास कार्यों और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को लेकर चर्चा करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेणुका सिंह को दिल्ली आने के लिए कहा।

'रहना है जो स्वस्थ तो, धरती को ना करो अस्वस्थ, पेड़ बचाओ प्राण बचाओ' , जिले के सुप्रसिद्ध दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में बच्चों ने मनाया अर्थ डे

देबाशीष गांगुली (संभागीय प्रमुख सरगुजा । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)

मनेंद्रगढ़। के प्रसिद्ध विद्यालय दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में सभी वर्ग के छात्र-छात्राओं ने बड़े ही उत्साह वर्धन के साथ मनाया अर्थ डे। साथ ही साथ धरती की रक्षा हमारा कर्तव्य है इसका संदेश भी दिया।

प्री प्राइमरी के प्रभारिक शिक्षिकाओं ने अपने नन्हे नौनिहालों के साथ हरित दिवस का आयोजन किया जिसमें ध्यान रखा गया कि सभी कुछ हरे रंग में हो फल,सब्जी, छात्र छात्राएं आज हरे रंग के पोषक से सज्जित थे। छात्रों ने हरियाली के महत्व का संदेश देते हुए लघु नाटिका की,पौधे लगाए तथा कक्षा में कई तरह के अलग-अलग क्राफ्ट बनाएं।

कक्षा पहली और दूसरी के छात्र-छात्राओं ने अंग्रेजी में कवितावाचन किया तथा साथ ही साथ बहुत ही सुंदर-सुंदर चित्रकारी द्वारा अर्थ डे के प्रति अपने विचार व्यक्त किए, तीसरी कक्षा के छात्राओं ने अपनी मातृभाषा हिंदी में कविता वाचन द्वारा अर्थ डे के प्रति अपने भाव को सबके समक्ष रखा। तो वही चौथी और पांचवी के छात्र-छात्राओं ने अर्थ डे से संबंधित पोस्टर बनाएं और अपने मन में उत्पन्न विचारों को नारा (स्लोगन) के रूप में फ्रेंच भाषा में लिखकर दर्शाया, इतना ही नहीं कक्षा छठवीं, सातवीं और आठवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा एक

जुलूस निकाला गया जिसमें छात्रों ने पर्यावरण को बचाने की शपथ ली और लोगों को पर्यावरण की रक्षा के लिए प्रेरित भी किया। छठवीं के छात्र-छात्राओं ने ÷माइ सिटी प्रॉब्लम एंड सॉल्यूशन ÷ पर अपने विचार चित्र द्वारा प्रस्तुत किया तो सातवीं के छात्र-छात्राओं ने इसी विषय पर निबंध लिखकर अपनी सोच का प्रदर्शन किया तो आठवीं के छात्र-छात्राओं ने अर्थ डे पर आयोजित वाद -विवाद में हिस्सा लेकर अपनी सकारात्मक सोच को सामने लाए।

समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर किया नामांकन

जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव पत्नी प्रियंका शाक्य रही साथ मौजूद*

केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव

लोकसभा चुनाव बुधवार को सपा प्रत्याशी डॉक्टर नवल किशोर शाक्य ने दो सैटों में नामांकन पत्र दाखिल किया उन्होंने सैकड़ो समर्थकों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर निर्वाचन अधिकारी के समक्ष नामांकन-पत्र दाखिल किया इससे पहले समाजवादी पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ता केंद्रीय कार्यालय फर्रुखाबाद पर एकत्रित हुए और वहां से नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए कलेक्ट्रेट पहुंचे नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में डॉ नवल किशोर शाक्य ने कहां की भाजपा जो वादे करके सत्ता में आई थी वह एक भी वादों को पूरा नहीं किया भाजपा ने कहा था कि किसानों की आई दोगुनी की जाएगी और रोजगार दिया जाएगा लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा सांप्रदायिक रंग देने का काम कर रही है लेकिन जनता सब समझती है जनता भाजपा के झूठे वादों में आने वाली नहीं है जनता ने मन बना लिया है की बदलाव होना बहुत आवश्यक है क्योंकि भाजपा के किए हुए वादे सारे खोखले थे इस मौके पर जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, पूर्व विधायक अजीत कठेरिया, पूर्व विधायक प्रताप सिंह यादव, पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, पूर्व विधायक कायर हुसैन सिद्दीकी, राशिद जमाल सिद्दीकी पूर्व ब्लाक प्रमुख, प्रियंका शाक्य,ओम प्रकाश यादव बिहारी विधानसभा प्रभारी, पुष्पेंद्र यादव सीटू, इंद्रेश यादव के अलावा सैकड़ो समर्थक उपस्थित रहे।

हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर छत्तीसगढ़ की पुर्व राज्यसभा सांसद और भाजपा से लोकसभा कोरबा क्षेत्र की प्रत्याशी सरोज पांडेय नज़र आई भक्तिभाव में, मनेंद्रगढ़ एवं चिरमिरी के मंदिरों में पूजा अर्चना कर शोभा यात्रा में हुई सम्मिलित, लोगों से किया भेंट मुलाकात

देबाशीष गांगुली (संभागीय प्रमुख सरगुजा । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)

चिरमिरी। हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर पालिक निगम चिरमिरी शहर के जी.एम. कॉम्प्लेक्स में स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर पूजा अर्चना कर भोग भंडारे भव्य आयोजन किया गया, जिसमें सर्व प्रथम सुंदर कांड फिर हवन पूजन किया गया जिसके बाद श्रद्धालुओं को भोग वितरण भी किया गया। स्थानीय लोगों एवं श्री हनुमान जन्मोत्सव आयोजन समिति के युवाओं ने भक्तिमय हो कर मंदिर परिसर को बड़ी ही खुबसूरती से सजाया।? हर साल की तरह इस साल भी मंदिर परिसर में सैकड़ों भक्तजनों की भीड़ उमड़ते देखा गया, हनुमान जी की पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया, मंदिर परिसर में लोग हनुमान जी की भक्ति में झूम उठे।

जैसा कि सबको पता है कि वर्तमान में लोकसभा चुनाव का माहौल है, और छत्तीसगढ़ की पुर्व राज्यसभा सांसद एवं भाजपा पार्टी की लोकसभा कोरबा की प्रत्याशी सरोज पांडेय का जनसंपर्क कार्यक्रम निरंतर जारी है, चिरमिरी के जी.एम. कॉम्प्लेक्स के हनुमान

मंदिर में हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर सरोज पांडेय ने हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की, श्रद्धालुओं के बीच सम्मिलित हो कर प्रसाद ग्रहण किया, और लोगों से भेंट मुलाकात किया और प्रसाद ग्रहण किया। वहां मौजूद नगर पालिक निगम चिरमिरी के नेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा के कार्यकर्ता संतोष कुमार सिंह, प्रकाश केसरी एवं बूथ के समस्त कार्यकर्ताओं ने उनका फूल माला अर्पण कर उनका स्वागत किया, इसी तरह जिले के मनेंद्रगढ़ शहर में भी वहां के स्थानीय लोगों द्वारा हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर भव्य आयोजन किया गया जिसमें सरोज पांडेय सम्मिलित हो कर लोगों के संग संग प्रभु की भक्ति में झूम उठीं और हनुमान जी की पूजा अर्चना कर भगवान का आशीर्वाद लिया।

चिरमिरी शहर के पोंड़ी में स्थित हनुमान मंदिर में आयोजित कार्यक्रम का सफल आयोजन श्री हनुमान जन्मोत्सव आयोजन समिति द्वारा किया गया, जिसके समस्त सदस्यों ने पूरे भक्तिभाव से श्रद्धालुओं के लिए सारी व्यवस्थाओं का सर्वोत्तम ख्याल रखा, समिति के सदस्य निखिल राय, आदित्य श्रीवास्तव, सन्नी, शुभम, तरूण, संदीप, विकास, आकाश आदि ने इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी एहम भुमिकाएं निभाईं।

भाजपा पर सवाल खड़े करने वाले खुद जवाब दें कि कांग्रेस के कार्यकाल में ज्योत्सना महंत सांसद रही, उन्होंने किन कार्यों में 25 करोड़ की राशि इस्तेमाल की: विधायक रेणुका सिंह

मोंदी की गारंटी से भारत का एक भी ऐसा क्षेत्र नहीं जो वंचित रहेगा, भाजपा जो कहती हैं वो करके दिखाती है: रेणुका सिंह

देबाशीष गांगुली (संभागीय प्रमुख सरगुजा । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)

एमसीबी। भाजपा मंडल मनेंद्रगढ़ कार्यालय में भाजपा द्वारा प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया, भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह, ने इस दौरान कहा कि कांग्रेस नेता चरणदास महंत भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं, कोरबा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय ने जो क्षेत्र के सभी 942 पंचायतों को विकास कार्यों के लिए 25-25 लाख रुपये देने की बात कही है वह पूरा किया जायेगा, भाजपा वही वादा करती है जिसे पूरा किया जा सके। आपको बता दें कि अपने चुनावी सभा के दौरान सरोज पांडेय ने लोकसभा क्षेत्र के सभी पंचायतों को विकास कार्यों के लिए प्रति वर्ष 25-25 लाख रूपए देने की बात कही थी, जिस पर नेताप्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा था कि एक सांसद को साल में पांच करोड़ रुपए ही मिलते हैं, ऐसे प्रति वर्ष 942 पंचायतों को 25-25 लाख कैसे दिया जा सकता है? अब देखना होगा की इस बयान के बाद कांग्रेस नेता का क्या बयान आता है इस दौरान रेणुका सिंह विधायक ने संवाद करते हुए पुछा कि कांग्रेस नेत्री ज्योत्स्ना महंत बताए की पूरे पांच साल वो सांसद रही हैं उन्होंने ये 25करोड़ की राशि कहाँ और किस मद में खर्च की है, याद रहे भाजपा ज़ो बोलती है उसे निभाती है जिन्होंने सरकारी पैसो का दुरूपयोग किया है वो याद रखें जांच में सभी चीज दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगी हम स्वास्थ शिक्ष और रोजगार को लेकर मैदान में है, बेहतर स्वास्थ व्यवस्था और युवाओ को रोजगार देना इस बार हमारी पहली प्रथमिकता होगी, विधायक रेणुका सिंह ने कहा कि मनेन्द्रगढ़, केलहारी, जनकपुर तक सड़क चौड़ी करण के कार्य हेतु 158करोड़ की राशि शासन द्वारा स्वीकृत्य हो गई है, जल्द ही सड़क चौडी करण का कार्य भी शुर हो जाएगा उपलब्धियों के बारे में बता दें कि विधायक रेणुका सिंह के द्वारा जिस भी पद पर रहते हुए जिम्मेदारी ली गई है उसे पूरा किया गया है लोकप्रिय विधायक रेणुका सिंह अपने कार्यकाल के दौरान अंबिकापुर रेल मरगा से जोड़ा वहीं एयरपोर्ट की सुविधा भी सरगुजा वासियो को दी यह बड़ी उपलब्धि समेत उनके दवारा कराए गए कार्यों को जनता भूल नहीं सकती भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल केशरवानी ,नगर पालिका में नेताप्रतिपक्ष सरजू यादव मुख्यरूप से शामिल रहे।

सपा युवजनसभा के जिला सचिव बने मुकेश यादव तिलक भईया

केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव

एटा/समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति एवं समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के निर्देशन पर समाजवादी पार्टी युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गिरी के अनुमोदन पर मुकेश यादव उर्फ तिलक भईआ को युवजन सभा का जिला सचिव मनोनीत किया गया है मनोनयन से जनपद एटा में हर्ष का माहौल रहा रविवार को समर्थकों ने एटा अलीगंज में मिठाई बांटकर कर खुशी जताई विधानसभा अलीगंज के अंतर्गत ग्राम नगला गुलाल निवासी मुकेश यादव तिलक भैया द्वारा पार्टी के लिए किए गए

बेहतर कार्य पर यह बड़ी जिम्मेदारी दी गई है पार्टी की नई जिम्मेदारी मिलने पर मुकेश यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल और युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद कुमार गिरी का आभार व्यक्त किया कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है उसे पूरी निष्ठा एव ईमानदारी पूर्वक निर्वाह करूंगा। पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाते हुए संगठन को और मजबूत करेंगे वही समर्थकों ने मिठाई बांटकर खुशी जताई युवजन सभा के जिला अध्यक्ष ग्राम प्रधान बबलू चौहान ने कहा समाजवादी पार्टी ने मुकेश यादव को युवजन सभा का जिला सचिव नामित कर पूरे जनपद का मान बढ़ाया है इससे जनपद के सपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है मनोनयन से जिले की समाजवादी पार्टी और मजबूत होगी खुशी जताने वालों में डॉ नवल किशोर शाक्य, भूपेंद्र प्रजापति जिला महासचिव, पुष्पेंद्र यादव उर्फ सीटू, डॉ योगेश यादव, लव यादव, संदीप यादव विधानसभा अध्यक्ष , मोनू यादव जिला सचिव, अमन श्रीवास्तव, ऋषि श्रीवास्तव ,संतोष गौतम भूपेंद्र सिंह यादव, सूरज गुप्ता नगर अध्यक्ष अलीगंज के अलावा तमाम समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता रहे मौजूद।

कक्षा 10वीं में जिले के 03 विद्यार्थी प्रदेश की मैरिट लिस्ट में

10वीं का परीक्षा परिणाम 63.84 प्रतिशत, प्रदेश में 11वें स्थान पर

12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 69.65, प्रदेश में 16वें स्थान पर

सीधी जिला संभाग में प्रथम स्थान पर

कलेक्टर ने दी शुभकामनाएं

सीधी

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 10वीं एव 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 69.65 प्रतिशत रहा। परीक्षा में कुल शामिल छात्र 14213 मे से 9900 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुये जिसमें प्रथम श्रेणी में 6976, द्वितीय श्रेणी में 2916 विद्यार्थी पास हुये। इसी प्रकार हाई स्कूल परीक्षा में सीधी जिले का परीक्षा परिणाम 63.84 प्रतिशत रहा। कुल 17355 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुये जिसमें से 11079 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुये। प्रथम श्रेणी में 7114, द्वितीय श्रेणी में 3845 और 60 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुये। कक्षा 10वीं एवं 12वीं में दोनों में सीधी जिला सम्भाग में प्रथम स्थान पर रहा। प्रदेश स्तर पर कक्षा 12वीं में सीधी की रैंकिंग 16वां रही जबकि कक्षा 10वीं में जिला 11वे स्थान पर रहा। कक्षा 10वीं में जिले के 03 विद्यार्थी प्रदेश की मैरिट लिस्ट में आए।

कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने मैरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनायें दी हैं। साथ ही सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों, उनके माता पिता, स्कूल के प्राचार्य एवं सभी शिक्षकों को इस उपलब्धि के लिये बधाई प्रेषित किया है।

कक्षा 12 वीं का परीक्षा परिणाम

	बालक	बालिका	योग
कुल दर्ज	6776	7550	14326
शामिल	6694	7519	14213
प्रथम श्रेणी	3235	3741	6976
द्वितीय श्रेणी	1402	1514	2916
तृतीय श्रेणी	4	4	8
पूरक	1006	1110	2116
फेल	1046	1150	2196
कुल पास	4641	5259	9900
प्रतिशत	69.33	69.94	69.65

कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम

	बालक	बालिका	योग
कुल दर्ज	8497	9036	17533
शामिल 8370	8985	17355	
प्रथम श्रेणी	3513	3661	7114
द्वितीय श्रेणी	1852	1993	3845
तृतीय श्रेणी	34	26	60
पूरक	832	1057	1889
फेल	2137	2247	4384
कुल पास	5399	5680	11079
प्रतिशत	64.51	63.22	63.84

राज्य स्तर प्रावीण्य सूची कक्षा 10वीं

क्र.	नाम	स्कूल	मैरिट में स्थान
1	कु. लाली तिवारी	शा.उत्कृष्ट विद्यालय सीधी	नौवां
2	श्री नीलेश कुमार शाहू	काशी उ.मा.वि. अमिलिया	नौवां
3	श्री वरूण साकेत	श्री गणेश उ.मा.वि. अमहा	नौवां

जिला प्रावीण्य सूची का विवरण कक्षा 12वीं

क्र.	नाम	स्कूल	मैरिट में स्थान
1	सतेन्द्र कुमार प्रजापति	शा.उत्कृष्ट विद्यालय सीधी	प्रथम
2	विशाल प्रजापति	शा.उत्कृष्ट विद्यालय सीधी	प्रथम
3	शौरभ गुप्ता	शा.उत्कृष्ट विद्यालय सीधी	द्वितीय
4	सर्वेश मिश्रा	सरस्वती उ.मा.वि. मडरिया	प्रथम
5	प्रद्युम्न पटेल	मॉडल स्कूल रामपुर नैकिन	द्वितीय
6	आयुश शुक्ला	सरस्वती उ.मा.वि. मडरिया	द्वितीय
7	सहारा तिवारी	शा.उत्कृष्ट विद्यालय सीधी	तृतीय
8	मान्या सोनी	शा.उत्कृष्ट विद्यालय सीधी	तृतीय
9	अमन सिंह	शा.उ.मा.वि. खड्डी	प्रथम
10	शिवांश मिश्रा	शा.उत्कृष्ट विद्यालय सीधी	द्वितीय
11	अंकित कुमार गुप्ता	शा.उत्कृष्ट विद्यालय सीधी	प्रथम
12	निधी साकेत	शा.कन्या.उ.मा.वि. सीधी	प्रथम

जिला प्रावीण्य सूची का विवरण कक्षा 10वीं

क्र.	नाम	स्कूल	मैरिट में स्थान
1	विक्रम मिश्रा	गांधी स्कूल सीधी	प्रथम
2	ओम कुमार द्विवेदी	गाँधी स्कूल सीधी	प्रथम
3	प्राची पटेल	रायल पब्लिक स्कूल चुरहट	द्वितीय
4	अभिनव पाठक	शा.उत्कृष्ट विद्यालय सीधी	तृतीय
5	अरविन्द कुमार गुप्ता	श्री गणेश स्कूल अमहा	तृतीय

स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास की समीक्षा बैठक आयोजित

मातृ स्वास्थ्य एवं शिशु स्वास्थ्य की दिशा में करें सार्थक पहल-कलेक्टर श्री सोमवंशी

सीधी। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग की विस्तृत समीक्षा की गई। मातृ मृत्यु दर शिशु मृत्यु दर के आंकड़ों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए मातृ स्वास्थ्य एवं शिशु स्वास्थ्य की दिशा में सार्थक पहल करने के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास आपसी समन्वय से काम करते हुए इस दिशा में प्राथमिकता से कार्य करें। कलेक्टर ने कहा कि गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तथा 5 वर्ष के कम उम्र के बच्चों तथा शासन की सभी योजनाओं का लाभ सहजता से पहुंचाना सुनिश्चित करें। गर्भवती महिलाओं की सभी स्वास्थ्य जांचे समय से हों तथा शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव हो यह सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने बच्चों के पोषण स्तर में सुधार तथा शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने गत वर्षों में मातृ मृत्यु तथा शिशु मृत्यु के कारणों का विश्लेषण करने तथा रणनीति बनाकर सुधारात्मक कदम उठाने को कहा है जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं में कमी लाई जा सके।

मंगल दिवस एवं दस्तक अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश

कलेक्टर ने सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में मंगल दिवस के सुव्यवस्थित आयोजन के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक आंगनवाड़ी केन्द्र में गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तथा 5 वर्ष से कम आयु के सभी बच्चों का चिन्हांकन कर लें। मंगल दिवस में उन्हे बुलाकर शासन की योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उन्हें स्वास्थ्य एवं पोषण के विषय में भी जागरूक करें। बच्चों की चांच कर उनमें से कुपोषित तथा अतिकुपोषित बच्चों की पहचान कर पोषण स्तर में सुधार के लिए प्रयास किए जाएं। कलेक्टर ने कहा कि गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों का टीकाकरण सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। दस्तक अभियान के दौरान हमारी जिम्मेदारी है कि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित नहीं रहे। कई बार जानकारी के अभाव में बच्चे टीकाकरण से वंचित रह जाते हैं। यह हमारी जिम्मेदारी है कि टीकाकरण दिवस के पूर्व बच्चों के माता-पिता को टीकाकरण के संबंध में जानकारी हो जाए।

सिकल सेल एनीमिया अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने इस अभियान को सवोच्च प्राथमिकता देने को कहा है। कलेक्टर ने कहा कि जिले में सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग का कार्य व्यवस्थित ढंग से करें तथा चिन्हित व्यक्तियों को समुचित उपचार की सुवधि उपलब्ध कराई जाए। कलेक्टर ने कहा कि विकासखण्ड स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन की बेहतर समीक्षा की जाए। आगामी बैठक से खण्ड चिकित्सा अधिकारियों से विस्तृत समीक्षा की जाएगी। सभी खण्ड स्तरीय अधिकारी योजनाओं की संपूर्ण जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहेंगे।

बैठक में अपर कलेक्टर राजेश शाही, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई.जे. गुप्ता, सिविल सर्जन डॉ. एस.बी.खरे, जिला कार्यक्रम अधिकारी आर.सी. त्रिपाठी सहित सभी संबंधित खण्डस्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

जवाहर नवोदय विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव

सीधी। शिक्षा मंत्रालय शिक्षा एवं साक्षरता विभाग भारत सरकार के निर्देशानुसार डॉ. पी.एल. मिश्र जिला शिक्षा अधिकारी सीधी के मुख्य अतिथ्य में दिनांक 23.04.2024 को जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट में प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य विनीत कुमार शुक्ल ने बताया कि प्रेरणा उत्सव के कार्यक्रम में जिले के निजी व सरकारी विद्यालयों से बड़ी संख्या में प्रतिभागी शामिल हुये। विद्यालय स्तर पर निबंध लेखन, अभिव्यक्ति कौशल एवं मूल्य शिक्षा पर आधारित चित्रकला के द्वारा छात्रों का चयन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. मिश्र ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बताया कि प्रेरणा कार्यक्रम किताबी ज्ञान के साथ-साथ हमारे अन्दर छिपी विभिन्न प्रतिभाओं के प्रदर्शन का मंच है। जिल से चयनित 02 छात्रों को आने वाले समय में वडनगर, जिला मेहषाणा, गुजरात में स्थित विद्यालय में आयोजित होने वाले प्रेरणा कार्यक्रम में सम्मिलित होने का अवसर दिया जायेगा। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक सुबोध कुमार तिवारी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान के लिए सभी कर्मचारियों, छात्रों एवं एनसीसी कैडेट्स को धन्यवाद दिया।

नापतौल विभाग की उदासीन रवैया से रोजाना लुट रहे ग्राहक -जय सिंह राजू

सीधी ब्यूरो । बाजार में हर कदम पर ग्राहकों को लूटने के लिए व्यवसायियों द्वारा जाल बिछाये गए हैं। ग्राहक कितना भी जागरूक हो उसका लुटना तय है। सबसे ज्यादा लूट नापतौल के नाम पर रोजाना हो रही है। मुंहमांगी कीमत देने के बाद भी सही वज़न में ग्राहक को सामान नहीं मिलता। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता जय सिंह ने आगे कहा है कि कहने के लिए जिला मुख्यालय में नापतौल विभाग भी संचालित है लेकिन निरीक्षक कहा ड्यूटी बजाते हैं कोई नहीं जानता। यह जरूर है कि कार्यालय भृत्य के सहारे संचालित हो रहा है। भृत्य के मार्फत ही काम निपटाने का यहां प्रचलन है। श्री सिंह ने कहा है कि यदि विभाग के माध्यम से यह जांच नहीं होगी कि जिस तराजू बांट में तौल हो रही है वह सही वज़न का है और उसमें हर साल शील लग रही है तो फिर उसकी उपयोगिता क्या है। यह विभाग केवल बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सेवा में लगा है। इसी वजह से फुटपाथी एवं छोटे व्यवसायी बांट के स्थान पर पत्थर का उपयोग भी बेखौफ होकर कर रहे हैं। इसी तरह लोहे की सरिया तौलने एवं पेट्रोल पंपों में भी नापतौल की बाजीगिरी चल रही है। यहां तो एक ही झटके में ग्राहक को लंबा चूंना लगा दिया जाता है।रसोई गैस के सिलेंडरों में भी डेढ़ -दो किलो कम वजन मिल रहा है।

प्रदेश मैरिट में 10वीं के 3 विद्यार्थियों को जगह, 12वीं में सिफर

10वीं में उत्कृष्ट विद्यालय सीधी, श्री गणेश विद्यालय, काशी उमावि अमिलिया के छात्रों को मिली कामयाबी

सीधी । माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आज अपरान्ह 4 बजे पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्ड्री के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। घोषित परिणाम में हाई स्कूल की परीक्षा में प्रदेश मैरिट में सीधी जिले के 3 छात्र-छात्राओं ने बाजी मारी है। जिले के तीनों छात्रों को प्रदेश मैरिट में नौवां स्थान मिला है। तीनों ही छात्रों के समान अंक हैं। इसमें शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 सीधी के छात्रा कुमारी लाली तिवारी पिता विनय कुमार तिवारी, श्रीगणेश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमहा सीधी के वरुण साकेत पिता वंशधारी साकेत एवं काशी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमिलिया के नीलेश कुमार साहू पिता उमेश कुमार साहू को प्रदेश मैरिट में 486 अंक के साथ नौवां स्थान मिला है। इस बार प्रदेश मैरिट में सीधी जिले से केवल हाई स्कूल परीक्षा में ही तीन छात्रों को नौवां स्थान मिलने से काफी मायूसी छाई हुई है। हायर सेकेण्ड्री की परीक्षा में तो सीधी जिले से कोई भी विद्यार्थी जगह बना पाने में सफल नहीं हो सका। इसको लेकर कई तरह की चर्चाएं चल रही हैं। चर्चा के दौरान कुछ अभिभावकों का कहना था कि आरंभ में विधानसभा चुनाव एवं बाद में लोकसभा चुनाव के चलते शासकीय विद्यालयों के अधिकांश शिक्षकों की ड्यूटी चुनाव में लगी हुई थी। चुनाव ड्यूटी लगने के बाद अधिकांश शिक्षकों ने क्लॉस में पठन-पाठन कराना ही लंबे समय तक बंद कर दिया था। जिसका असर परीक्षा परिणामों पर स्पष्ट रूप से दिख रहा है। ऐसा आभाष हो रहा है कि शासकीय विद्यालयों में पठन-पाठन को लेकर इस वर्ष काफी लापरवाही बरती गई है। समस्या इस बात की है कि निजी विद्यालयों के शिक्षकों की ड्यूटी चुनाव में नहीं लगी थी इसके बाद भी उनके परीक्षा नतीजों ने सबसे ज्यादा विद्यार्थियों को मायूस किया है। इसी वजह से छात्र-छात्राओं में भी काफी मायूसी नजर आई। खासतौर से ऐसे छात्र-छात्राएं जो पढने् में काफी अव्वल थे लेकिन कुछ नंबरों से चूक के कारण उन्हें प्रदेश मैरिट में जगह नहीं मिल सकी। परीक्षा परिणामों में इस वर्ष गिरावट को लेकर जिला शिक्षा विभाग के अधिकारी स्पष्ट रूप से कुछ कहने से बचते रहे। फिर भी यह माना जा रहा है कि इस संबंध में जिला शिक्षा विभाग द्वारा आगे बैठक लेकर परीक्षा परिणामों में आई गिरावट पर चर्चा कर कारण तलाशें जाएंगे। परीक्षा परिणामों की गिरावट के लिए जो भी कारण जिम्मेदार रहे होंगे उनको आगे दूर करने पर भी खासतौर पर ध्यान दिया जाएगा। जिससे बोर्ड परीक्षाओं पर आगे असर न रहे।

चुनाव ड्यूटी के कारण परीक्षा परिणाम पर पड़ा असर- त्रिपाठी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 सीधी के प्राचार्य शंभूनाथ त्रिपाठी ने चर्चा के दौरान कहा कि उनके विद्यालय से प्रदेश मैरिट में कई बच्चे हर वर्ष जगह बनाते थे। किंतु इस बार केवल कक्षा 10वीं की छात्रा कुमारी लाली तिवारी पिता विनय कुमार तिवारी ने ही 486 अंक पाकर नौवां स्थान अर्जित किया है। कक्षा 10वीं में अन्य छात्रों को कोई जगह नहीं मिली है। इसी के साथ इस वर्ष पहली बार ऐसा हुआ है कि उत्कृष्ट विद्यालय सीधी का कोई भी छात्र 12वीं की परीक्षा में प्रदेश मैरिट में जगह नहीं बना सका है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि परीक्षा परिणाम प्रभावित रहने का मुख्य कारण चुनाव ड्यूटी रहा है। विद्यालय के अधिकांश शिक्षकों की ड्यूटी चुनाव में लगी थी। इस वजह से प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए कई दिनों तक वह विद्यालय में कक्षाएं नहीं ले सके।

सामाजिक समरसत्ता सद्भाव संगोष्ठी का हुआ आयोजन

आप सब 365 दिन कार्य करने वाले कार्यकर्ता हैं - नरेंद्र सिंह तोमर

दैनिक कैसेरिया हिंदुस्तान -*समाचार पत्र

ग्वालियर-/- भारतीय जनता पार्टी सामाजिक समरसता का भाव रखती है। आप सब 365 दिन कार्य करने वाले कार्यकर्ता हैं, यदि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता ठान ले कि मुझे अपना मतदान केंद्र इतने वोटों से जीतना है तो उसे अपने संकल्प से कोई नहीं रोक सकता। भारतीय जनता पार्टी हर वर्ग को साथ में लेकर चलती है। लहर प्रबल है, चहुंओर कमल है। देवतुल्य कार्यकताओं से लोकसभा क्षेत्र ग्वालियर के घर-घर जाकर मोदी जी की गारंटी व डबल इंजन की भाजपा सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जन जन को अवगत कराते हुए प्रत्येक बूथ पर भाजपा की ऐतिहासिक विजय को सुनिश्चित करें। उक्त बात मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने गोयल वाटिका, हुरावली चौराहे पर आयोजित भाजपा के सामाजिक समरसता, सद्भाव, संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में भी हम पिछले बार की तुलना में अधिक मतों से भारत सिंह कुशवाह को सांसद का चुनाव जिताएंगे। उन्होंने कहा कि श्री भारत सिंह कुशवाह को इस लोक सभा चुनाव में विजय मिले इसके लिए हम सब यहां सम्मेलन में आये है। आप लोगों का उत्साह और आप लोगों की भीड़ देख कर यह पता चल रहा है कि आप लोगों ने भारत सिंह कुशवाह को जिताने का फैसला ले लिया।

इस अवसर पर भारत सिंह कुशवाहा ने कहा कि मोदी की सरकार युवाओं, महिलाओं, गरीबों, किसानों की सरकार है। मोदी जी ने कहा था, मेरी सरकार युवाओं, महिलाओं, गरीबों, किसान, है। आज पूरे देश में विकास हो रहा है। गांव एक दूसरे गांव से सड़कों के माध्यम से जुड़ गए हैं। गरीबों को मुफ्त चावल देने का काम अगर कोई किया तो वह प्रधानमंत्री ने किया। गरीब कल्याण योजना के तहत लाभ मिल रहा है। हर घर नल पहुंच रहा है, गरीब आदमी को पक्के मकान का सपना पूरा हो रहा है।

भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि आप लोगों की सेवा करने के लिए यहां आया हूं, आप लोगों के समर्थन और आशीर्वाद से पार्टी ने मुझ पर भरोसा जताया है, मैं वादा करता हूं कि आप लोगों का सेवक बनकर ग्वालियर के विकास के लिए सदैव तत्पर रहूंगा उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने गरीबों के लिए खाद्यान्न योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, रेडी-फेरी वालों को सहयोग समेत अनेक योजनाओं के माध्यम से भारत सरकार ने दलित एवं पिछड़े वर्ग को सशक्त बनाने का कार्य किया है। केंद्र सरकार सदैव पंक्ति के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के विकास के लिए संकल्पबद्ध है।पहले देश में जाति और धर्म के नाम राजनीति होती थी। मोदी जी ने राजनीति की परिभाषा, तौर-तरीके बदल डाला। उन्होंने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास पर काम कर रही है। इसलिए आप सभी लोग 7 मई को भाजपा के पक्ष में शत प्रतिशत मतदान करें।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अभय चौधरी, पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर लोकसभा सयोंजक जय सिंह कुशवाहा धर्मेन्द्र राणा, प्रतीक तिवारी, सहित सभी मण्डल अध्यक्ष गण एवं पार्षद उपस्थित रहे।

'मोको करनो है मतदान कि पोलिंग ले चल लांगुरिया..'

पद्मा विद्यालय की छात्राओं ने संगीतमयी नृत्य नाटिका के माध्यम से दिया मतदान का संदेश

ग्वालियर

÷मोको करनो है मतदान कि पोलिंग ले चल लांगुरिया÷ लोकगीत की धुन पर शासकीय पद्माराजे कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने मतदान पर केन्द्रित संगीतमयी नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही सभी को मतदान करने का संदेश दिया। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन एवं संभाग आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े सहित कार्यक्रम में मौजूद सभी अधिकारियों एवं वरिष्ठ नागरिकों ने इस प्रस्तुति की खुलकर सराहना की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने इस अवसर पर सभी को लोकतंत्र के महापर्व 7 मई को अपने मताधिकार का उपयोग करने की शपथ दिलाई। साथ ही स्वयं वोट डालने एवं अपने परिजनों, मित्रों व पड़ोसियों को मतदान के लिये प्रेरित करने का आह्वान किया।

स्वीप (सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता) के तहत बुधवार को तानसेन रेसीडेंसी में आयोजित हुए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में यह प्रस्तुति हुई। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर श्री अरविंद सक्सेना, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री विवेक श्रोत्रिय, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान, पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं शहर के वरिष्ठ व युवा मतदाता मौजूद थे।

पद्मा विद्यालय के आचार्य श्री बृजेश यादव के निर्देशन व छात्रा कु. कामाक्षी की कोरियोग्राफी में महिलाओं द्वारा संचालित ÷पिंक बूथ÷ सहित मतदान के महत्व को रेखांकित कर रही मनोहारी प्रस्तुति को दर्शकों की खूब सराहना मिली। संभाग आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने इस उत्कृष्ट प्रस्तुति से खुश होकर कु. कामाक्षी को स्वीप का ब्राण्ड एम्बेसडर बनाने की घोषणा की। साथ ही कहा कि जिले में जगह-जगह इस नृत्य नाटिका का मंचन कराकर लोगों को मतदान के लिये प्रेरित कराया जायेगा।

लोकसभा चुनाव में सभी बढ़चढ़कर मतदान करें - श्री राजन

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने कहा कि मतदान करने में ग्वालियर जिला प्रदेश में बहुत पीछे है। पिछले विधानसभा चुनाव में ग्वालियर जिले का मतदान प्रतिशत मात्र 60 प्रतिशत रहा, जबकि प्रदेश का औसत 78 प्रतिशत था। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हम सभी को वोट के माध्यम से सरकार चुनने का अधिकार है। इसका हम सभी को अपने वोट का उपयोग करना चाहिए। इस बार के लोकसभा चुनाव में सभी बढ़चढ़कर मतदान के लिये आगे आएं। सभी लोग न केवल स्वयं अपने मताधिकार का प्रयोग करें, बल्कि दूसरों को भी इसके लिये प्रेरित करें।

मौत का खेल फिर से चालू सब्जी भाजी की तरह बेच रहे हैं बारूद से भरे पटाखें नहीं है शासन प्रशासन का डर

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
भोपाल संभाग ब्यूरो राजू मेहरा.9425727854

बैरसिया।। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के बैरसिया क्षेत्र में फिर शुरू हुआ मौत का मंजर चालू हाल ही में हरदा जिले में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट होने से कई मासूमों को अपनी जान गाबाना पड़ा थोड़ी लापरवाही कर सकती है तबाही ऐसा ही एक मंजर देखने को मिल रहा है ग्राम बांदीखेड़ी के पास बैरसिया रोड भोपाल मनीष फटाखा सेंटर जहां पर ग्रामीण क्षेत्र के लिए लाइट सप्लाई का पावर हाउस है 33 केवी और 11 केवी के तारों का चारो तरफ मखड़जाल फैला हुआ है उसके नीचे चल रहा है बारूद से भरे पटाखों का बेचने का व्यापार अगर शॉर्ट सर्किट से एक छोटी चिंगारी निकाल कर गिर गई तो हो सकता है बड़ा धमाका शासन प्रशासन के नियमों को ताख में रखकर चल रहा है यह बारूद के पटाखों का गोरख धंधा इस पटाखा व्यापारी मुरली गंगवानी को नहीं है किसी की परवाह इसका कहना है कि मेरे पास बहुत पैसा है नीचे से लेकर ऊपर तक मेरा पैसा पहुंचता है मेरी दुकान फैक्ट्री कौन बंद कर सकता है नेता और मंत्रियों से मेरी अच्छी पकड़ है मेरी पहुंच कांग्रेस और भाजपा दोनों पार्टियों से है मेरा शासन प्रशासन क्या बिगाड़ लेगा इसलिए कुछ समझ नहीं आ रहा है यह व्यापारी निडर होकर मेन रोड पर सब्जी भाजी की तरह बेच रहा है बारूद से बने पटाखे आखिर क्या है इसका राज इस व्यापारी को मिल रहा है किसका आशीर्वाद

प्रेक्षक श्री कृष्णा आदित्य ने क्रिटिकल मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

ग्वालियर -/ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ग्वालियर संसदीय क्षेत्र में चुनाव पर निगरानी रखने के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री कृष्णा आदित्य ने बुधवार को भितरवार विधानसभा क्षेत्र में स्थित क्रिटिकल मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने इन मतदान केन्द्रों पर स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न कराने के लिये की जा रही तैयारियों की वस्तुस्थिति जानी। इस अवसर पर भितरवार एसडीएम श्री डी एन सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उनके साथ थे।

निर्वाचन प्रेक्षक श्री कृष्णा आदित्य ने भितरवार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अमरौल, ररूआ, चीनौर एवं बनवार में स्थित क्रिटिकल मतदान केन्द्रों का जायजा लिया। उन्होंने इस अवसर पर मौजूद एसडीएम एवं एआरओ श्री डी एन सिंह सहित सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन कर क्रिटिकल मतदान केन्द्रों पर विशेष इंतजाम किए जाएँ। साथ ही इन मतदान केन्द्रों से जुड़े मतदाताओं को विश्वास दिलाएँ कि वे निर्भीक होकर अपने मताधिकार का उपयोग करें। प्रशासन और पुलिस उनकी सुरक्षा के लिये पूरी तरह मुस्तैद है।

शासकीय उमावि झागर में नुक्कड़ नाटक एवं चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यभम से मतदाताओं को किया गया जागरूक

गुना। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतेन्द्र सिंह के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गुना श्री प्रथम कौशिक के मार्गदर्शन में स्वीयप गतिविधियां जारी हैं। जिले में लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान 07 मई 2024 को होना है। इसी क्रम में आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झागर में नुक्कड़ नाटक एवं चित्रकला आदि गतिविधियां आयोजित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों द्वारा सभी विद्यार्थियों एवं पालकों को लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य श्री राजेश जाटव, वरिष्ठ अध्यापक श्री नरेन्द्र भार्गव, गिर्राज किरार प्रियंका चौहान, मोइनुद्दीन खान, नोडल टीम के सदस्य मनोज कुमार नागले एवं समस्ते स्टॉनफ सहित ग्राम के नागरिक उपस्थित रहे।

एमपी बोर्ड 10वीं,12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित

सिटी सेन्ट्रल स्कूल के दो छात्रों ने प्रदेश में एवं चार छात्रों ने जिले की मेरिट में बाजी मारी

दैनिक केसरीया हिंदुस्तान गोपाल त्रिपाठी

भिण्ड । माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा घोषित परीक्षा परिणामों का छात्र छात्राओं का बेसब्री से इंतजार था, इंतजार की घडिय़ा बुधबार शाम चार बजे पूरी हो गई।

जानकारी के अनुसार अनुसार जिले में बेहत्तर परीक्षा परिणाम देने के लिए जिले की अग्रणी एवं प्रसिद्ध संस्था सिटी सेन्ट्रल स्कूल के कक्षा 12वीं कला संकाय ग्रुप के छात्र संदीप सिंह एवं छात्रा अंजली बघेल ने 95.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त किया, इसी क्रम में जिले की मैरिट सूची में छात्रा खुशी शर्मा एवं लक्ष्मी भदौरिया ने 94 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले में प्रथम स्थान व माही जैन ने 93.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के विज्ञान संकाय के छात्र आशीष कुशवाह ने 94.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है, प्रदेश की टॉप मेरिट लिस्ट में दसवें नंबर पर आये संदीप सिंह पुत्र ज्ञान सिंह अंक 477/500, 95.4 प्रतिशत एवं अंजली बघेल पुत्री वीरेन्द्र सिंह बघेल अंक 477/500, 95.4 प्रतिशत अंक लाकर काफी खुश हैं, जब द्वय छात्रों से इस सफलता का राज पूछा तो उन्होंने बताया कि अच्छे अंक लाने के लिए पूरे वर्ष कन्सिसटेन्सी के साथ पढ़ाई की कितने घंटे पढऩा है ऐसा कुछ तय नहीं किया बस प्रदेश में अपने स्कूल का नाम के साथ अपने माता पिता व शिक्षा देने वाले गुरूओं का नाम रोशन हो यही हमारी इच्छा थी, जिसमें हम सफल भी हुये, द्वय छात्रों ने अपनी इस अपार कामयाबी का श्रेय टीचर्स और परेंटस को दिया। मेरिट में आये छात्र-छात्राओं के साथ उनके माता-पिता को स्कूल प्रबंन्धन ने विद्यालय बुलाकर माल्यार्पण का मिठाई खिलाई व उज्जवल भविष्य की कामना की।

विद्यालय परिवार ने दी शुभकामनाऐं

सफल हुये सभी छात्र-छात्राओं ने कहा कि अपनी कड़ी मेहनत व लग से इस स्थान को प्राप्त किया है इस स्थान को पाने में उनके माता-पिता और विद्यालय परिवार के गुरूजनों का भरपूर समय-समय पर सहयोग मिला। इस सफलता पर संस्था के संचालक राजेश शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी बी.एस. पाल, प्राचार्य पी.के. शर्मा, मनोज मिश्रा, रामभरत पाठक, डॉ. प्रभात पाठक, आलोक शर्मा, पुनीत शर्मा, संतोष श्रीवास्तव, शिवकुमार शुक्ला, सुनील शर्मा, पवन भदौरिया, कामिनी नामदेव, लवली दण्डौतिया, रिचा मुदगल, लवली यादव, हिमांशु तिवारी एवं पवन प्रकाश चतुर्वेदी सहित सभी शिक्षकों ने सफल छात्र-छात्राओं व उनके माता पिता को बधाई एवं शुभकामनाऐं प्रेषित कीं एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

राष्ट्रीय दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

स्वर्गीय कुंवर सर्वेश सिंह की अस्थियों का उनके पुत्र विधायक कुंवर सुशांत सिंह ने हरिद्वार गंगा में तर्पण किया गया

भाजपा कार्यकर्ताओं ने अस्थि विसर्जन कलश यात्रा पर पुष्पा वर्षा कर स्वागत किया। पूर्व सांसद स्वर्गीय कुंवर सर्वेश सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर? श्रद्धांजलि देते हुए नम आंखों से विदा किया

शमीम अहमद ब्यूरो दैनिक के,हिन्दुस्तान

शेरकोट। पंचतत्व में विलीन हुए मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी/पूर्व सांसद स्वर्गीय कुंवर सर्वेश सिंह जी की अस्थियों का उनके पुत्र विधायक कुंवर सुशांत सिंह द्वारा बुधवार को हरिद्वार की मोक्षदायिनी गंगा नदी में तर्पण किया गया। इस दौरान भूतपुरी तिराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अस्थि विसर्जन कलश यात्रा पर पुष्पा वर्षा कर स्वागत किया। पूर्व सांसद स्वर्गीय कुंवर सर्वेश सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर? श्रद्धांजलि देते हुए नम आंखों से विदा किया। इस मौके पर अस्थि कलश विसर्जन यात्रा मे गाड़ियों के काफिला के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। बुधवार की सुबह उनके पैतृक ग्राम रतूपुरा से उनकी अस्थि कलश को लेकर हरिद्वार के लिए निकले उनके पुत्र विधायक कुंवर सुशांत सिंह को लोगों ने रास्ते में रोककर पूर्व सांसद के अस्ति कलश पर पुष्प वर्षा कर उन्हें अंतिम विदाई दी। इस दौरान नम आंखों से अपने पिता कुंवर सर्वेश सिंह की अस्थि विसर्जन के लिए अस्थि कलश यात्रा

लेकर सुबह गांव रतूपुरा से लेकर शरीफनगर, सुजननगर, शेरगढ़,सुआवाला,भूतपुरी,शेरकोट तिराहे पर पहुंचे जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने नम आंखों से अपने नेता कुंवर सर्वेश सिंह की कलश यात्रा पर पुष्पा वर्षा कर श्रद्धांजलि दी इसके बाद हरिद्वार पहुंचकर कुंवर सुशांत सिंह ने विधि-विधान अपने पिता/पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह की अस्थियों को गंगा में विसर्जित किया। इस मौके पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि चंद्रपाल सिंह,नवीन शर्मा, विधायक प्रतिनिधि नितिन चौहान,मनित प्रताप सिंह,राहुल ठाकुर उनके सहयोगियों के द्वारा विधि विधान पूर्वक मंत्रोच्चारण के साथ अस्थियों का विसर्जन कराया गया। भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह की अस्थियों का गंगा में विसर्जन होते ही स्वर्गीय सर्वेश सिंह अमर रहें और जय श्री राम के नारों से हरिद्वार गंगा घाट गूंज उठा. वहीं पूर्व सांसद की अस्थियों को विधि विधान से विसर्जन कारने वाले तीर्थ पुरोहित प. दिलीप वशिष्ठ ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व सांसद स्वर्गीय सर्वेश सिंह के अस्थि विसर्जन का कार्यक्रम विधि विधान से किया गया है। स्वर्गीय पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह पंचतत्वों में विलीन होने के बाद भी क्षेत्र के लोगों के दिलों में जिंदा रहेंगे। लोग हमेशा उन्हें व उनके समाज के लिए किए गए कार्य को याद किये जातें रहेगे। वही अस्थि कलश विसर्जन यात्रा का कई स्थानों पर फूलों की वर्षा कर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर अस्थि कलश विसर्जन यात्रा मे गाड़ियों के काफिला के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख प्रदीप कुमार बबली,पूर्व चेयरमैन नफीस कुरैशी,चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी ,शेरकोट निवासी समाजसेवी ठाकुर संजय गहलौत , कामेश्वर राजपूत,अचल चौहान,काज़ी नदीम ,बिट्टू चौहान,शमीम अहमद पत्रकार द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ हरेवली तिराहे पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा नम आंखों से विदा किया। मेम्बर कलवा कुरैशी,पूर्व चेयरमैन गुरजीत सिंह,पूर्व सांसद प्रतिनिधि सीपी सिंह, रावत,वसीम अंसारी, सर्वजीत सिंह हुन्दल, आशीष चौहान,ठाकुर विजेयश सिंह,शरद कर्णवाल,रचित बसंल,कुंवर कुनाल, आदि उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने गेहूं क्रय केंद्र का स्थलीय निरीक्षण करते हुए आधार भूत व्यवस्थाएं देखी

औरैया 24 अप्रैल ।जिला मजिस्ट्रेट /जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश ने शासन द्वारा कृषकों की उपज का वाजिब मूल्य दिलाये जाने हेतु शासन के निर्देशानुसार जनपद में संचालित गेहूं क्रय केन्द्रों की स्थिति का अंकन करने हेतु अजीतमल गल्ला मंडी में स्थापित एस एम आई क्रय एजेन्सी के संचालित गेहूं क्रय केंद्र का स्थलीय निरीक्षण करते हुए आधार भूत व्यवस्थाएं देखी और अब तक केन्द्र पर क्रय किए गए गेहूं से संबंधित कृषकों के विवरण पंजिका का भी अवलोकन किया और निर्देशित किया कि कृषकों से संपर्क कर उनकी उपज के लिए केन्द्र पर लाने को कहे, जिससे उनको अपनी उपज का समय से वाजिब मूल्य प्राप्त हो सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि केन्द्र पर आने वाले किसी भी कृषक को समस्याओं का सामना न करना पड़े और उन्हें आधार भूत व्यवस्थाएं मुहैया कराये साथ ही क्रय की गयी उपज का समय से नियमानुसार भुगतान भी सुनिश्चित कराये।

निरीक्षण के दौरान अंकन पंजिका में अंकित प्रविष्टियां तौल की गयी उपज (बारदाना)का वजन जांचा तथा अब तक क्रय की गयी फसल के भुगतान संबंधी जानकारी प्राप्त की और निर्देशित किया कि हर संभव प्रयास करके क्रय लक्ष्य सुनिश्चित करें इसमें किसी भी प्रकार की किसी भी स्तर पर की गयी गड़बड़ी/ अनियमिता दृष्टिगत होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

इस अवसर पर अपर जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र पाल सिंह, उप जिलाधिकारी अजीतमल, तहसीलदार अजीतमल, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने बैठक कर बाढ़/सूखा से निपटने के लिए विभागावार कार्य योजना बनाये जाने के निर्देश दिए

औरैया 24 अप्रैल ।जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में बाढ़ स्टेरिंग ग्रुप , सूखा प्रबन्धन के सम्बंध में कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जनपद में बाढ़ के लिहाज से संवेदनशील इलाकों में संभावित बाढ़ से पूर्व की गयी तैयारियों की समीक्षा की, साथ ही बाढ़ चौकियों, आश्रय स्थलों, बाढ़ के दौरान फैलने वाली संक्रामक बीमारियों आदि के बारे में संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।

जिलाधिकारी ने बाढ़/सूखा से निपटने के लिए विभागावार कार्य योजना बनाये जाने के निर्देश सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिये । उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि शत प्रतिशत हैंडपंपों को क्रियाशील रखते हुए स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित रखी जाए। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को बाढ़ के दौरान किसी भी संक्रामक बीमारी को फैलने से रोकने के लिए आवश्यक और जीवन रक्षक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए । यमुना के किनारे स्थित ग्रामो में जहाँ बाढ़ आने का खतरा बना रहता है वहाँ पर लोगो को जागरूक करने के साथ ही नावो व नाविको एवं गोताखोरो को नामित करने के निर्देश संबंधितों को दिए। जिलाधिकारी ने तहसील औरैया, अजीतमल के एसडीएम को

अपने-अपने तहसीलों में बाढ़ से बचाव के दृष्टिगत किए जा रहे प्रबंधों एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण करते रहने के निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि बाढ़ संभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर स्थानीय लोगों से किसी भी संभावित समस्या के बारे में पहले से ही जानकारी प्राप्त कर इसका निस्तारण सुनिश्चित करा लिया जाए ।

अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) महेंद्र पाल सिंह संबंधित अधिकारियों को बाढ़ चौकी व शेल्टर होम, नालों की सफाई, सूखा से निपटने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में तालाबो / पोखरो को समय पर भरने के आदेश दिये। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को पशुओ को पर्याप्त पानी और पशुओं के टीकाकरण, उनके लिए भूसे की उपलब्धता, आवश्यक दवाओं की व्यवस्था उपलब्ध कराने के निर्देश दिये । बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक दिगम्बर कुशवाहा , डिप्टी कलेक्टर गरिमा सोनकिया, उप जिलाधिकारी सदर राकेश कुमार, उप जिलाधिकारी अजीतमल रामअवतार,अधिशाषी अभियंता सिचाई ,आपदा विशेषज्ञ सहित सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारी आदि उपस्थित रहें ।

काशी हिंदू विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर छात्रनेता विवेक सिंह करेंगे आमरण अनशन एवं भूख हड़ताल

रिपोर्टर घनश्याम कुमार की रिपोर्ट वाराणसी उत्तर प्रदेश से ।

आज काशी हिंदू विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर छात्रनेता एवं भाजपा वाराणसी महानगर मंत्री विवेक सिंह अभिषेक तिरंगा झंडा आंदोलन के तहत आमरण अनशन और भूख हड़ताल करेंगे। विवेक सिंह के द्वारा परिसर में पिछले कई महीनों से विशाल राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा स्थापित करने के लिए आंदोलन चलाया जा रहा है तथा जगह जगह पत्राचार भी किया गया जिसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा एक कमेटी गठित की गई। तीन महीना पहले गठित की गई कमेटी आज तक परिसर में राष्ट्रीय ध्वज लगवाने के बारे में बस सोच हीं रही थी। कुछ दिनों पहले कुलपति आवास पर विवेक सिंह के नेतृत्व में कई छात्रों ने जब आमरण अनशन चालू किया तब आन रिकार्ड विश्वविद्यालय के प्रमुख पदाधिकारी एवं आरक्षाधिकारी ने पंद्रह दिन का समय मांगा एवं वे लोग बोले कि पंद्रह दिन के अंदर कमेटी अपना परिणाम देगी मगर आज तक कुछ पता नहीं चला। विवेक सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन के रवैया के वजह से

मजबूरन मैं विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर तब तक आमरण अनशन और भुख हड़ताल करुंगा जब तक कि विश्वविद्यालय द्वारा लिखित रुप से परिसर में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा स्थापित करने के लिए कोई पत्र नहीं मिलेगा।विवेक सिंह ने विश्वविद्यालय के कुलपति पर ये आरोप लगाया कि वे तानाशाही रवैया अपना रहे हैं और राष्ट्रीय ध्वज जैसे संवेदनशील मुद्दे पर भी खामोश हैं। ज्ञात हो कि सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों के परिसर में विशाल राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा स्थापित है पर अभी तक काशी हिंदू विश्वविद्यालय परिसर में तिरंगा झंडा स्थापित नहीं हुआ है। छात्रनेता विवेक सिंह अभिषेक के प्रयास से उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री दयाशंकर मिश्र ने सरकार से काशी हिंदू विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज के लिए राशी आवंटन करा लिया है फिर भी विश्वविद्यालय प्रशासन मौन है।

आम जन में मतदाता जागरूकता हेतु स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गयी

औरैया 24 अप्रैल।जिला मजिस्ट्रेट/ जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश के दिशा निर्देशन में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के विभिन्न विद्यालयों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए किये जा रहे जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत तिलक इंटर कॉलेज औरैया, श्री भगवान दास इंटर कॉलेज

हरचंदपुर, गुलजारी लाल बालिका इंटर कॉलेज फफूंद, नारायण इंटर कॉलेज मलहौसी, रघुनाथ सिंह इंटर कॉलेज अरियारी आदि में आम जन में मतदाता जागरूकता हेतु स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसके माध्यम से आम जन में अपने मताधिकार के लिए जागरूकता आये और वह आगामी 13 मई को संपन्न होने वाले मतदान दिवस पर अपने मताधिकार का प्रयोग कर मतदान प्रतिशत बढ़ाकर एक अच्छे और मजबूत लोकतंत्र के सहभागी बने। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को स्वयं अपने परिवार व आस/पड़ोस के मतदाताओं को जागरुक कर मतदान के लिए प्रेरित करने को भी कहा गया।

देश हित में उत्कर्ष को जिताना कांग्रेस को लाना जरूरी: पंकज

लखीमपुर खीरी आज दिनांक 24/4/024 को कांग्रेस और समाजवादी पार्टी गठबंधन के प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा ÷मधुर÷ के समर्थन में लखीमपुर ब्लाक प्रभारी पूर्व प्रवक्ता जिला कांग्रेस कमेटी खीरी/सह प्रभारी लखनऊ मंडल किसान कांग्रेस यूपी देवेंद्र कुमार ÷पंकज÷ ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा ÷मधुर÷ के समर्थन में ब्लाक लखीमपुर के कई गांवो का भ्रमण कर नुक्कड़ सभाएं करी इस दौरान देवेंद्र कुमार पंकज ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए देश के विकास के लिए क्षेत्र और देश में अमन जैन के लिए देश हित में उत्कर्ष वर्मा ÷मधुर÷ को जिताना जरूरी है वरना सत्ता में बैठे लुटेरे देश को बर्बाद कर देंगे संविधान को अपना और अपने बच्चों का भविष्य और देश को बचाने के लिए उत्कर्ष बर्मा ÷मधुर÷ का जीतना जरूरी है।भाजपा सरकार में कुशासन और भ्रष्टाचार चरम पर है लोकसभा लखीमपुर में भी विकास के नाम पर जनता ठगा सा महसूस कर रही है विकास का कोई काम नहीं हुआ सिर्फ हिंदू मुस्लिम और धर्म के नाम पर लोगों को बांटा गया लखीमपुर लखीमपुर सहित पूरे देश में नफरत फैलाई गई अंग्रेजों की तर्ज पर भाजपा सरकार काम कर रही है कि बांटो और राज करो भारतीय जनता पार्टी की सरकार को इस बार देश की जनता उखाड़ फेंकेगी उन्होंने कहा भाजपा सरकार में ना महिलाएं सुरक्षित है ना बेटियां सुरक्षित हैं ना युवा सुरक्षित है ना किसान सुरक्षित है ना मजदूर सुरक्षित है कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी जी ने वादा किया है कि सरकार बनने पर किसानों का संपूर्ण कर्जा माफ किया जाएगा महंगाई कम की जाएगी युवाओं को रोजगार दिया जाएगा महिलाओं को और बेटियों को सुरक्षा दी जाएगी देश को विनाश से बचाने के लिए राहुल गांधी जी के हाथों को मजबूत करिए और उत्कर्ष वर्मा को भारी बहुमत से जिताइए कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है देश में अमन चैन फिर से कायम होगा।

इस दौरान हरि नारायण वर्मा नैनो दीक्षित रोहित राठौर इकबाल अहमद खान आदि काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

तीन वारण्टी अभियुक्तो को रैपुरा पुलिस ने किया गिरफ्तार

चित्रकूट ब्यूरो - पवन पाण्डेय

चित्रकूट - पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित / वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेंद्रचंद्र पाण्डेय के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक अरविंद कुमार सिंह व उनके हमराही द्वारा वाद संख्या 46/24 धारा 125(3) सीआरपीसी के वारंटी अभियुक्त मनोज कुमार पुत्र गणेश प्रसाद निवासी भौंरी थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट एवं मु0न0 09/2019, अ0सं0 585/2010 धारा 363,366 भादवि0 के वारंटी अभियुक्त कला उर्फ विकास पुत्र भवना 2.भवना पुत्र जगदेव धोबी निवासीगण पाहकंजारी थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

जिलाधिकारी ने निर्वाचन कंट्रोल रूम का स्थलीय निरीक्षण किया

औरैया 24 अप्रैल ।जिला मजिस्ट्रेट/ जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश ने आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 को शांतपूर्ण निष्पक्षता के साथ निर्वाचन की सुचिता बनाए रखते हुए कलेक्ट्रेट में स्थापित निर्वाचन कंट्रोल रूम का स्थलीय निरीक्षण कर उपस्थित कार्मिकों से आने वाली आमजन की निर्वाचन संबंधित समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की और पूछा कि प्राप्त

समस्या के समाधान हेतु क्या प्रक्रिया अपनाई जाती है तथा उसके लिए किस-किस को सूचना देकर जानकारी प्राप्त कराते हैं और समाधान के पश्चात संबंधित को अवगत कराने की कार्यवाही की जाती है तो ऐसी प्रक्रिया में कुल कितना समय लगता है तथा अन्य प्राप्त होने वाली सूचनाओं के संबंध में की जाने वाली प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त की और संबंधित को निर्देशित किया कि अपनी ड्यूटी को मुस्तैदी से संपादित करें जिससे प्राप्त होने वाले शिकायतों का निस्तारण हो और निर्वाचन कार्य भारत निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप शांति पूर्वक बिना किसी व्यवधान के संपन्न हो सके। निरीक्षण के दौरान अपर जिला मजिस्ट्रेट(वि0/रा0)/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र पाल सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

संत निरंकारी मिशन शाखा सिंगरौली द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 73 भक्तों और सेवादारों ने किया रक्तदान

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो

सिंगरौली अनुरोध शुक्ला

सिंगरौली/- मानवता के मसीहा बाबा गुरुबचन सिंह की पावन स्मृति में आज 24 अप्रैल 2024 को पूरे देश में रक्क्तदान शिविरों के आयोजन से मानव एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मानव कल्याणार्थ हेतु संत निरंकारी मिशन बैढ़न जिला सिंगरौली की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, द्वारा संचालित रेडक्रॉस ब्लड सेंटर सिंगरौली के संयुक्त तत्वाधान में विशाल स्वैक्षिक रक्क्तदान शिविर संत निरंकारी सत्संग भवन ढोटी, बैढ़न, शाखा सिंगरौली में आयोजित किया गया । यह रक्तदान शिविर संत निरंकारी मिशन सिंगरौली के जिला संयोजक नरेश शाह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ । बाबा हरदेव सिंह के प्रेरक संदेश रक्त नालियों में नहीं, नाड़ियों में

बहाया जाए द्वारा सभी श्रद्धालुओं को एक नई सकारात्मक दिशा मिली, उसी प्रेरक संदेश को प्रत्येक निरंकारी भक्त मानवता के उपकार हेतु निरंतर उसे जीवन्त रूप में अपनाकर लोक कल्याणार्थ हेतु अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे है । संत निरंकारी मिशन द्वारा प्रथम रक्तदान शिविर का आयोजन दिल्ली में वर्ष 1986 में वार्षिक निरंकारी संत समागम के अवसर पर किया गया था । इन 38 वर्षों में अब तक चौदह लाख यूनिट रक्तदान जनकल्याण हेतु एकत्रित किया जा चुका है । मानवमात्र के कल्याणार्थ हेतु सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के पावन आशीर्वाद एवं उनके दिव्य मार्गदर्शन द्वारा संत निरंकारी मिशन शाखा सिंगरौली द्वारा आयोजित रक्क्तदान शिविर में कुल 73 भक्तों और सेवादारों द्वारा निःस्वार्थ भाव से स्वैच्छिक रक्तदान किया गया। इस शिविर का शुभारंभ राज्यमंत्री सिंगरौली श्रीमती राधा सिंह , विधायक रामनिवास शाह, नगर निगम अध्यक्ष देवेश पांडे, कलेक्टर जिला सिंगरौली चंद्रशेखर शुक्ला, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जी एस नागेश तथा नगर निगम आयुक्त डी के शर्मा, पूर्व विधायक राम लल्लू बैस,रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन एस डी सिंह एवं सुन्दर शाह के उपस्थित में संपन्न कराया गया। ततपश्चात राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह द्वारा रक्तदाताओं का हौसला अफजाई किया गया एवं रक्तदाताओं को रक्क्तदान उपरांत प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया । संत निरंकारी मिशन की ओर से संजय चौरसिया संचालक, आकाश सिंह जैसवाल, राम शरण, कन्हैया प्रसाद सोनी, संतोष कुमार शाह, रामकेत प्रसाद, रामानंद विश्वकर्मा, सुशील कुमार साकेत, राम किशुन भारती, सुनीता देवी, मनोज कुमार गुप्ता, इत्यादि लोग द्वारा रक्तदान किया गया । इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ डी के मिश्रा, डॉ आर डी द्विवेदी प्रभारी ब्लड सेंटर, सुरेश गिरी, अमित राज, शिवेंद्र पांडेय, अमरदीप भरुका एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे ।

संत निरंकारी मिशन सीधी द्वारा रक्त दान शिविर का आयोजन

सीधी। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी* *राजपिता जी के पावन आशीर्वाद से रक्त दान शिविर का आयोजन सन्त निरंकारी भवन नूतन कालोनी सीधी में 24 अप्रेल दिन बुधवार को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक किया गया जिसका* *शुभारंभ सीधी विधानसभा की विधायक श्रीमती रीति पाठक जी एवम सीधी ज़ोन के जोनल इंचार्ज महात्मा श्री रमेश अग्रवानी जी के द्वारा मिलकर किया गया जिसमे कुल 72 यूनिट रक्तदान जिला अस्पताल सीधी के सहयोग से इकट्ठा किया गया* *आदरणीय श्रीमती रीति पाठक जी ने मिशन के द्वारा निरंतर किये जा रहे सेवा कार्यों की भूरी भूरी सराहना की एवं सदैव अपना मानव हित मे किये जा रहे कार्यों में सेवा करने की मंशा दर्शाई सेवादल इंचार्ज आदरणीय राजकुमार आडवाणी जी एवम समस्त सेवादल* *उपस्तिथ रहा रक्त नालियों में न बहकर मानव की नाड़ीयो में बहना चाहिए मानव एकता दिवस के रूप में यह* *आयोजन किया जाता है 72 सेवादार भाई बहनों ने रक्त दान किया। जिसमे भाइयो 55,एवम 17 बहनों का रक्त लिया गया सीधी जिला अस्पताल से आई डाक्टरो की टीम ने सिविल सर्जन डॉ ह्यड्ड खरे जी के मार्ग निर्देशन में इस रक्त दान शिविर को सफल वनाने ने बहुत अच्छा सहयोग दिया

70 प्रतिशत स्थानीय बेरोजगारों को ओबी कम्पनियों में दिया जाय काम वर्ना होगी अब कड़ी कार्यवाही:- कलेक्टर

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो सिंगरौली अनुरोध शुक्ला

सिंगरौली/- सिंगरौली क्षेत्रांतर्गत एनसीएल, एनटीपीसी एवं अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में कार्य करने वाली सभी ओबी कम्पनियां सिंगरौली जिले के स्थानीय लोगों को 70 प्रतिशत तक कार्य देना सुनिश्चित करे। जिसमें विस्थापितों को प्रथम प्राथमिकता दिया जाये। उक्त आशय का निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित ओबी कम्पनियों के प्रबंधको प्रतिनिधियों के बैठक के दौरान कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने दिया। बतादे कि कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ओबी कम्पनियों के साथ बैठक स्थानीय लोगों को रोजगार के संबंध में आयोजित हुई। बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर द्वारा उपस्थित कम्पनियों के प्रतिनिधियों से परिचय प्राप्त कर सिंगरौली जिले के कितने लोगो को कार्य दिया गया है क्रमशः जानकारी ली गई। तत्पश्चात निर्देश दिया गया कि मेरे पास कई शिकायते इस आशय की प्राप्त हुई है कि ओबी कम्पनियां बाहर के लोगो को कार्य दे रही है। सिंगरौली जिले के लोगों को बहुत कम प्रतिशत में कार्य दिया है। जो अत्यन्त ही खेद जनक है। जबकि पूर्व बैठक में इस आशय के निर्देश दिये गये थे कि सिंगरौली जिले के 70 प्रतिशत लोगो को अनिवार्य रूप से ओबी कम्पनियां कार्य पर रखे। सिंगरौली जिले के कितने लोगों को अपने-अपने कम्पनियों मे कार्य दिये है उनका नाम, पता सहित अंकित करे तथा तीन प्रतियों में तैयार करे। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर अरविंद झा, उपखण्ड अधिकारी सिंगरौली सृजन बर्मा, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, खनिज अधिकारी एके राय, श्रम अधिकारी राहुल प्रधान सहित ओबी कम्पनियों के प्रबंधक एवं प्रतिनिधि मौजूद रहे।

मतदाता जागरूकता अभियान के के अंतर्गत एलबीएस कॉलेज में हुई भाषण प्रतियोगिता सेल्फी प्वाइंट बनाया

मतदाता शपथ भी दिलाई गई

सिरोंजन्नगर के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए महाविद्यालय में गठित ईएलसी क्लब के प्रभारी प्रोफेसर संघ प्रिय गौतम एवं ईएलसी के सदस्यों द्वारा मतदाता जागरूकता के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी अनुक्रम में महाविद्यालय में सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है जिसमें विद्यार्थी एवं स्टाफ अपना फोटो खींचकर अपने फेसबुक, ट्विटर इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर मतदाताओं को आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु जागरुक कर रहे हैं । इसके साथ ही महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें एनएसएस, एनसीसी एवं अन्य छात्र छात्राओं ने सहभागिता की। इसके पश्चात लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए लोकसभा निर्वाचन में अपने मत का प्रयोग करने हेतु विद्यार्थियों एवं स्टाफ को मतदाता शपथ दिलवाई गई। प्राचार्य डॉ लालचंद राजपूत ने बताया कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप गतिविधियां लगातार आयोजित की जा रही है। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में विभिन्न कार्यों से आने वाले प्राइवेट छात्र एवं अभिभावकों को भी अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

सरस्वती विद्यालय बैढ़न के आशीष व दिव्या ने जिले का नाम किया रोशन

प्रदेश की टॉप टेन सूची में दसवीं परीक्षा परिणाम में लाये छठवां रैंक

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो सिंगरौली अनुरोध शुक्ला

सिंगरौली माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल के द्वारा आज बुधवार को कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम की घोषणा की है। जहां कक्षा दसवीं में सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलौजी बैढ़न के दो होनहार विद्यार्थी आशीष कुमार बैस और दिव्या पांडे ने प्रदेश की टॉप 10 सूची में छठवां रैंक लाकर जिले का नाम रोशन किया है।

गौरतलब हो आज बुधवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल के द्वारा 10वीं और 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम की घोषणा 4ः30 बजे की गई। जहां कक्षा दसवीं में सिंगरौली जिले के सरस्वती विद्यालय बैढ़न के दो विद्यार्थियों ने मध्य प्रदेश की टॉप 10 सूची में छठवां रैंक लाकर जिले को गौरवान्वित किया है। बताया जाता है कि कक्षा 12वीं में सिंगरौली जिले का नाम टॉप टेन सूची में नहीं है सिर्फ दशमी में सरस्वती विद्यालय के दोनों छात्रों ने जगह बनाने में सफलता अर्जित किया। बारहवी कक्षा में प्रदेश की टॉप 10 सूची में नाम ना आने की वजह से शिक्षा विभाग पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। कक्षा दसवीं में सरस्वती विद्यालय बैढ़न की छात्रा दिव्या पांडे पिता देवेंद्र कुमार पांडे ने 489 अंक अर्जित करते हुए छठवां रैंक में

अपनी जगह बनाई है। वही सरस्वती विद्यालय बैढ़न के ही छात्र आशीष बैस पिता राम प्रसाद बैस ने भी 489 अंक अर्जित करते हुए छठवां रैंक हासिल किया है। इसी तरह सरस्वती विद्यालय बैढ़न की कक्षा 12वीं की छात्रा पूजा वैस ने बायोलॉजी में 474 अंक लाकर जिले में टांप किया है। जिस तरीके से माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल का कक्षा दसवीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई है और जिले में कक्षा 12वीं में टॉप 10 की सूची में जगह नहीं मिलने से यह सवाल उठता है कि शिक्षा विभाग सिंगरौली कहीं ना कहीं शिक्षा के स्तर को सुधारने में हीला हवाली की है।

किसान पुत्र ने किया टॉप

बताया जाता है कि सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलौंजी बैढ़न के कक्षा दसवीं के छात्र आशीष कुमार बैस पिता राम प्रकाश वेश निवासी गड़वानी तहसील चितरंगी के रहने वाले हैं। जो सरस्वती विद्यालय में अध्यनरत थे। आशीष के पिता किसान हैं और माता गृहणी है। आशीष ने बताया कि मैं 6 घंटे पढ़ाई करता था। और ट्यूशन भी नहीं लेता था। हां इतना जरूर है पढ़ाई में माता-पिता और बड़ी बहन के साथ-साथ प्राचार्य और शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा। जिसके वजह से टॉप टेन की सूची में जगह बना पाया। कक्षा 11वीं में मैं गणित विषय लेकर आगे की पढ़ाई करूंगा।

दिव्या ने माता-पिता और गुरूजन को दिया श्रेय

सरस्वती विद्यालय बिलौजी बैढ़न की छात्रा दिव्या पांडे पिता देवेंद्र कुमार पांडे ने दसवीं कक्षा में 489 अंक अर्जित करते हुए प्रदेश की टॉप 10 सूची में छठवां रैंक हासिल करने के बाद अपने बयान में कहा कि जो यह अंक अर्जित हुआ है और प्रदेश की सूची में मेरा नाम आया है। इसका श्रेय माता-पिता और मेरे गुरूजन है मैं 7 घंटे पढ़ाई करती थी। और आगे का सपना है कि कक्षा 11 में गणित विषय लेकर अच्छी पढ़ाई करू।

आबकारी अमले ने देशी/विदेशी मदिरा के साथ एक आरोपी पकड़ा

ओमप्रकाश परमार

देवास। आगामी लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के मद्देनजर अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में कन्नौद तहसील ग्राम पांगरा के एक मकान से 55 लीटर देशी/ विदेशी मदिरा जप्तकर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। आबकारी अधिकारी प्रेमनारायण यादव ने बताया कि कलेक्टर देवास ऋषव गुप्ता के निर्देशन तथा सहायक आबकारी आयुक्त श्रीमती मंदाकिनी दीक्षित के मार्गदर्शन एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी बीके वर्मा व केएस सिकरवार के नेतृत्व में आबकारी दल ने वृत्त कन्नौद में मुखबिर सूचना के आधार पर आबकारी टीम द्वारा ग्राम पांगरा में एक रिहायशी मकान की विधिवत तलाशी लेने पर 55 बल्क लीटर देशी/विदेशी मदिरा बरामद हुई तथा मौके से राजेश मीणा को पकड़ा गया जिसने मदिरा को अवैध रूप से संग्रह कर रखी हुई थी। मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क एवं 34(2) का उलंघन होने से प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जप्त मदिरा का बाजार मूल्य 36 हजार रुपए है। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक राजकुमारी मंडलोई, प्रेमनारायण यादव, उमेश स्वर्णकार, डीपी सिंह, दिनेश भार्गव, विजय कुचेरिया, कैलाश जामोद, आबकारी मुख्य आरक्षक दीपक धुरिया, बालकृष्ण जायसवाल, राजेश जोशी, दीपक टटवाड़े, निकिता परमार, निहाल खत्री, अरविंद जीनवाल रहे। अवैध शराब बिक्री के खिलाफ इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

बजरंग बाल मंडल एवं वैदिक शिक्षा समाज कल्याण समिति द्वारा निकल गया चल समारोह

दैनिक केसरीया हिंदुस्तान

ग्वालियर बजरंग बल मंडल एवं बेसिक शिक्षा समाज कल्याण समिति मैना वाली गली द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर आज एक विशाल चल समारोह निकाला गया यह समझ शाम 4ः00 बजे महिला वाली गली से प्रारंभ हुआ जो की इंदरगंज चौराहे से दाल बाजार नया बाजार लोहिया बाजार से ऊंट पुल दौलतगंज महाराज वाड़ा सराफा बाजार डीडवाना होली अगस्त का ताजिया राम मंदिर से गिरिराज जी मंदिर होते हुए मैनाबाली गली में समाप्त हुआ आज के चल समारोह में बाहर से बुलाए गए कलाकारों द्वारा आकर्षक झांकियों की प्रस्तुति की गई जो की आकर्षण केंद्र बनी हुई थी जगह-जगह चल समारोह का पुष्पमाला पहना कर आरती करके भक्तगणों द्वारा स्वागत किया गया पूरे चल समारोह में जगह-जगह स्वागत किया गया इस चल समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्री पीठाधीश्वर बाधाम्बरी गाड़ी लेटे हनुमान मंदिर संगम प्रयागराज के महंत श्री 1008 बालवीर गिरी जी महाराज एवं पूज्य दंडी स्वामी श्री जितेंद्रानंद सरस्वती महाराज राष्ट्रीय महामंत्री अखिल भारतीय संत समिति वी गंगा महासभा थे वहीं श्री बालाजी मंदिर मेहंदीपुर राजस्थान से श्री धीरज पंडित जी महाराज वी स्वामी श्री आत्मानंद जी महाराज हरिद्वार ऋषिकेश से स्वामी अच्युतानंद जी महाराज ग्वालियर के लाल टिपारा गौशाला के महंत ऋषिभानंद महाराज ददरौआ धाम के महंत श्री श्री 1008 रामदास जी महाराज एवं श्री देव प्रकाश गिरी महाराज बरुआ बाबा सहित कई महंत संत भक्तगण उपस्थित थे इस भव्य चल समारोह में मुख्य झांकी हरियाणा से आए श्री महादेव आर्ट ग्रुप में 12 फुट के नादिया एवं अघोरी शिव तांडव प्रमुख का भोपाल के प्रसिद्ध ढोलकी प्रस्तुति 21 ढोलो की प्रस्तुति एक साथ दी गई।

अनियंत्रित होलपैक डंपर बोलेरो पर चढ़ा, एक की मौत, चार गंभीर

एनसीएल के असंबद्ध कंपनी में हुआ हादसा, खलासी को एनएससी वारंट में चल रहा इलाज

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान कप्तान सिंह चीफ़ ब्यूरो सिंगरौली

सिंगरौली9ः एनसीएल के असंबद्ध कंपनी में मंगलवार को दो बड़ा हादसा हो गया। मिली जानकारी के अनुसार होलपैक स्ट्रॉकर ब्लास्टर इलेक्ट्रानिक इलेक्ट्रानिक वाहनों पर चढ़ाया गया, जिसमें पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्मारक में स्मारक को नेहरू



शताब्दी में ले जाया गया जहां इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। काफिर का इलाज नेहरू शताब्दी में किया जा रहा है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार एनसीएल के असंबद्ध प्लांटों में पांच एनसीएल साझीदार साझीदार पर सवार हो गए थे, उसी दौरान विपरीत दिशाओं से आ रहे होलपैक स्टोकर पर अचानक विस्फोट हो गया और सामुद्रिक चट्टानें टूट गईं। श्राद्ध में संतोष यादव, मनीषीषी कुशवाहा, नकुल सिंह और एक अन्य बताए जा रहे हैं।

हनुमान जयंती: खेड़ापति हनुमान मंदिर पर पिछले 24 घंटे से धार्मिक आयोजन, सुंदरकांड,हनुमान चालीसा व भंडारे का आयोजन, मंदिर की विशेष सजावट व आतिशबाजी

रिपोर्टर - दिनेश शुक्ला

आलोट। आज का दिन मंगलवार हनुमान भक्तों के लिए बड़ा ही विशेष दिन है आज हनुमान जयंती का पर्व है। हनुमान भक्तों का आज का दिन आस्थाओं से भरा हुआ रहा। सुबह से ही लोग भक्ति में भाव विभोर हैं। हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया।

पिछले 24 घंटे से की जा रही है भक्ति।

हनुमान जयंती के पर्व पर भक्तों में उत्साह है। आलोट स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर पर भक्तों का ताता लगा हुआ है। हनुमान जयंती पर बड़ी संख्या में नगर व आसपास के लोग मंदिर परिसर में पहुंचकर भगवान की भक्ति कर रहे हैं।

खेड़ापति हनुमान मंदिर पर पिछले 24 घंटे से धार्मिक आयोजन किया जा रहे हैं।

सुबह 10ः00 बजे से शुरू हुआ भंडारा रात 11ः00 तक चलेगा। यहां पिछले 11 वर्षों से भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।

मंदिर परिसर में कल रात्रि को सुंदरकांड का पाठ हुआ।

आज दिन में सुबह से हनुमान चालीसा सुंदरकांड के पाठ लगातार मंदिर परिसर में चल रहे हैं। मंदिर समिति ने मंदिर परिसर की विशेष लाइट से सजा की है। रात्रि के समय में मंदिर परिसर में आतिशबाजी भी की जा रही है। दिन भर से देर शाम तक बड़ी संख्या में भक्ति दर्शन के लिए मंदिर परिसर पहुंच रहे हैं।

चमत्कारी स्थान।

आलोट स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर चमत्कारी स्थान है, यहां लोगों की अपनी मुरादे पूरी होती है, खेड़ापति हनुमान मंदिर के प्रति क्षेत्र के लोगों की आस्था लगातार बढ़ती जा रही है। बता दे की एकमात्र आलोट क्षेत्र का यह चमत्कारी स्थान है, पिछले कई वर्षों से मंदिर का डेवलपमेंट का कार्य भी चल रहा है वर्तमान में मंदिर भव्य रूप ले चुका है।

राजेंद्र चौक हनुमान मंदिर पर भी आकर्षक विद्युत सज्जा की गई एवं शाम को महा आरती कर महाप्रसाद का वितरण किया गया जगह-जगह हनुमान मंदिरों पर भव्य आयोजन हुवे।तहसील परिसर स्थित हनुमान मंदिर पर पटवारी संघ के द्वारा सुंदरकांड का आयोजन किया गया इस तरह नगर और क्षेत्र में हनुमान जयंती का पर्व हर्षोल्लास एवं श्रद्धापूर्वक मनाया गया।

कांग्रेस नेताओं का निष्कासन बहाल: विधानसभा चुनाव में की थी ऑटो की सवारी,लोकसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी ने किया फैसला

आलोट। मध्य प्रदेश कांग्रेस पार्टी के निर्देशों पर आज कांग्रेस नेताओं की बहाली हुई है। कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इन नेताओं का निष्कासन समाप्त किया है।

विधानसभा चुनाव में पार्टी ने इन्हें किया था निष्कासित।

(1)अनिल शुक्ला पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष ताल

(2) रमेश पाठक पूर्व ब्लाक अध्यक्ष व पूर्व मंडी अध्यक्ष।

(3) कुलदीप सिंह परिहार

(4) पंकज शुक्ला पार्षद व कांग्रेस नेता।

इन करो नेताओं ने कांग्रेस प्रत्याशी मनोज चावला के विरोध में जाकर निर्दलीय प्रत्याशी प्रेमचंद गुड्डू के समर्थन में कार्य किया था जिसके बाद पार्टी ने इन्हें तत्काल निष्कासित कर दिया था।

लोकसभा चुनाव के मध्य नगर पार्टी में वापसी।

कांग्रेस संगठन ने निष्कासित चारों कांग्रेस नेताओं की वापसी लोकसभा चुनाव को देखते हुए की है। बता दे क्या आलोट विधानसभा सीट पर भी कांग्रेस के संगठन में पूरी तरीके से बिखराव है। उज्जैन से भाजपा प्रत्याशी फिरोजिया व महेश परमार के बीच लोकसभा चुनावी मुकाबला। कांग्रेस का संगठन कमजोर होने के कारण कांग्रेस प्रत्याशी परमार को चुनौती मिल रही है।

गुड्डू के करीबी है चारों नेता।

आलोट से विधानसभा का निर्दलीय चुनाव लड़े प्रेमचंद गुड्डू के यह चारों नेता करीबी है। जब पार्टी ने प्रेमचंद गुड्डू को टिकट नहीं दिया और गुड्डू ने निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला किया तो इन चारों नेताओं ने खुलकर प्रेमचंद गुड्डू का सपोर्ट किया।

गुड्डू की अभी तक नहीं हुई वापसी।

बता दे कि प्रेमचंद गुड्डू की पार्टी में अभी तक वापसी नहीं हो पाई है बड़ी बात यह है कि यह चारों ही नेता प्रेमचंद गुड्डू के समर्थन में आए थे और इनको पार्टी ने निष्कासित कर दिया था। जबकि कांग्रेस पार्टी ने प्रेमचंद गुड्डू का निष्कर्ष अभी तक समाप्त नहीं किया है।

थाना गुनगा पुलिस द्वारा शिविर आयोजित कराकर बाउंड ओवर की कार्रवाई कराई गई

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान भोपाल संभाग ब्यूरो राजू

मेहरा.9425727854

बैरसिया।। दिनांक 24.04.24 जिला भोपाल देहात अगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर रखते हुये पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार सिन्हा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देहात डॉ. नीरज चौरसिया के द्वारा प्रतिबंधात्मक कार्यवाही में अधिक से अधिक बाउंड ओवर कराने हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त दिशा निर्देशों के पालन में एसडीओपी बैरसिया श्रीमान आनंद कलादगी, स्ष्ठरू बैरसिया श्रीमान आशुतोष गोस्वामी, की उपस्थिति में थाना प्रभारी गुनगा अरूण कुमार शर्मा द्वारा टीम गठित कर थाना गुनगा पर तहसीलदार बैरसिया श्री अर्जुनन मुरलीधरन , आर0 मकरध्वज तोमर द्वारा थाना गुनगा परिसर में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में धारा 107/116(3) द.प्र.स. व धारा 110 द.प्र.स. की प्रतिबंधात्मक कार्यवाही मे आनावेदकगणो को शिविर के संबंध में अवगत कराकर थाना हाजा पर तलब कर बाउंड ओवर की कार्यवाही की गई जिसमें 113 अनावेदको को बाउंड ओवर कराया गया।

सराहनीय भूमिका उक्त कार्यवाही में सराहनीय भूमिका थाना प्रभारी थाना गुनगा एवं समस्त स्टाफ की रही है।

अनुपयोगी एवं खुले नलकूप के जिओ टैगिंग सर्वे के संबंध में कोतमा व जैतहरी में बैठक सम्पन्न

अनूपपुर। अनुपयोगी एवं खुले नलकूप/बोरवेल/ट्यूबवेल में छोटे बच्चों के गिरने से होने वाली दुर्घटनाओं को रोके जाने के संबंध में सुरक्षा उपाय हेतु जारी दिशानिर्देश के अनुरूप जिले के नगरीय निकायों व ग्राम पंचायतों के जनपद क्षेत्र में नलकूप खनन के पश्?चात् उसकी सुरक्षा एवं नलकूप के खुले होने की स्थिति में सुरक्षात्मक कार्यवाही के संबंध में समुचित प्रशिक्षण एवं ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार एवं सर्वे कार्य के संबंध में जनपद पंचायत कोतमा, अनूपपुर, जैतहरी में बैठकों का आयोजन किया गया। बैठक

में यांत्रिकी अधिकारी तथा जनपद व नगरीय निकायों के अधिकारी व कार्यपालिक दण्डाधिकारियों के साथ ही पटवारी, हैण्डपंप तकनीशियन, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक तथा नगरीय निकाय के अमले को स्थापित नलकूप/अनुपयोगी नलकूपों का सर्वे कार्य एवं जिओ टैगिंग लोकेशन सहित 5 दिवस में सुनिश्चित करने के संबंध में कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों से अवगत कराया गया।

कोतमा के जनपद सभागार में अनुविभागीय दण्डाधिकारी श्री अजीत तिर्की तथा जनपद पंचायत जैतहरी सभागार में एसडीएम जैतहरी श्रीमती अंजली द्विवेदी व एसडीएम अनूपपुर श्रीमती दीपशिखा भगत की उपस्थिति में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में दिशानिर्देश के अनुरूप सर्वेक्षण के संबंध में व सुरक्षात्मक उपाय के संबंध में अमले को अवगत कराया गया।

13 वैकल्पिक पहचान पत्र में किसी एक को दिखाकर कर सकेंगे मतदान

सुरेंद्र पटेरिया केसरिया हिंदुस्तान छत्तरपुर

मो.7509091263

छतरपुर जिले में दूसरे चरण अंतर्गत 26 अप्रैल को मतदान होना है। सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। मतदाता पहचान पत्र सहित 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज में से किसी एक को साथ लेकर मतदान केन्द्र पर जाएं। जिनमें आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, फोटोयुक्त पासबुक, स्वास्थ्य बीमा कार्ड, स्मार्ट कार्ड, सेवा पहचान पत्र, दिव्यांग यूनिक कार्ड, पेंशन दस्तावेज एवं अधिकारिक पहचान पत्र में कोई भी एक दिखाकर मतदाता वोट डाल सकेंगे। अगर मतदाताओं के पास किसी स्थिति में मतदाता पर्ची भी नहीं हैं तो इन 13 आईडी कार्ड में से किसी एक को दिखाकर मतदान कर सकते हैं।

गरजे हनुमान.....हिल गए कंगूरे लंका के..... भजनों पर झूम गए, नाच गए श्रोता

राम जी के भजनों पर खूब नाचे हनुमान

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला

ब्यूरो/ब्रजेश रघुवंशी

गंजबासौदा। हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर चक्क स्वरूप नगर स्थित हनुमान मंदिर पर आयोजित हुई भजन संध्या में भोपाल और विदिशा से आए कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की अभिनव प्रस्तुति ऐसी दी कि श्रोताओं के हाथ पैर नाचने झूमने मजबूर हो गए। शाम 7 बजे से भजनों की रंगा-रंग प्रस्तुति देर रात तक चलती रही। भजन संध्या से पहले मंदिर के भक्तों द्वारा श्री हनुमान जी महाराज का चल समारोह नगर में निकाला गया जो की प्रमुख मार्गो से होते हुए वार्ड नंबर 13 चक्क स्वरूप नगर पहुंच स्थित मंदिर प्रांगण में समापन हुआ। मंदिर में अखंड रामायण पाठ की पूर्णाहुति, हवन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जो की भजन संध्या के साथ देर रात तक चलता रहा।

उल्लेखनीय है कि चक्क स्वरूप नगर स्थित हनुमान मंदिर में विराजमान हनुमान जी की दक्षिण मुखी प्रतिमा

चार दशक पुरानी बताई जाती है। मंदिर की पूजा करने वाले पुजारी पंडित मनोज शर्मा ने बताया कि वह परिवार की चौथी पीढ़ी के रूप में हनुमान जी की सेवा कर रहे हैं। परसों पुराने इस मंदिर की स्थापना जमींदार रहे मित्तल परिवार के परिजनों द्वारा की गई थी। मंदिर पर हर माह की पूर्णिमा को बाहर से आए कलाकारों द्वारा संगीतमय भजनों के साथ सुंदरकांड की प्रस्तुति दी जाती है।वहीं शरद पूर्णिमा और हनुमान जन्मोत्सव का उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर एकता चौक से मंदिर तक आने वाली गली को झिलमिल लाइटों से सजाया गया। मंदिर के अलावा अंदर प्रांगण को भी रंगीन लाइटों, कपड़ों और फ्लावर से सजावट की गई। मंगलवार को हनुमान जी के जन्मोत्सव पर उनका विशेष श्रृंगार कर महाआरती की गई। जन्मोत्सव के मौके पर शाम को कान्हा भैया भजन मंडली के अलावा विदिशा और भोपाल से आए कलाकारों ने भजनों की एक से एक बढ़कर प्रस्तुति दी। भोपाल से आई बाल कलाकार ने जब मंच से गरजे हनुमान हिल गए कंगूरे लंका के... की प्रस्तुति दी तो प्रांगण में मौजूद श्रोता नाचने झूमने मजबूर हो गए और हनुमान जी की जय जयकार कर जोर शोर से जय श्री राम के नारे लगाने लगे। भजनों के बीच पन्नालाल कुशवाह जब हनुमान का रूप रखकर जय श्री राम बोलते हुए श्रोताओं के बीच से नाचते हुए मंच पर पहुंचे तो श्रोताओं की भीड़ ने उन्हें हैप्पी बर्थडे हनुमान जी कहकर जोरदार तालियों से अभिवादन किया। राम जी के भजनों पर हाथ में गदा लिए हनुमान जी मंच पर झूमते हुए ऐसे नाचे की उन्हें देख श्रोता भी अपने आप को नाचने से नहीं रोक पाए।

कार्यालय ओपनिंग प्रचंड बहुमत से जिताने का लक्ष्य

देनिक केसरिया हिंदुस्तान रतलाम जिला ब्युरो सुनिल जोशी÷सोनु÷

जावरा। लोकसभा चुनाव की कार्य व्यवस्था को लेकर विधानसभा चुनाव कार्यालय का शुभारंभ शहर के नीम चोक में क्षेत्रीय विधायक डॉ.राजेन्द्र पाण्डेय व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य केके सिंह कालूखेड़ा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। सर्वप्रथम पूजा अर्चना की गई व विधि विधान के साथ फीता काट कर कार्यालय का शुभारंभ सेकड़ो कार्यकर्ताओ की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर विधायक डॉ. पाण्डेय ने कहा जिस प्रकार विधानसभा चुनाव में भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत से पार्टी को ऐतिहासिक जीत मिली थी लोकसभा के चुनाव में भी निश्चित ही हम 50 हजार से ज्यादा की लीड विधानसभा से प्राप्त करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने हर वर्ग की चिंता करते हुए अंतिम व्यक्ति तक सभी योजनाओ का लाभ पहुचाया है आज हर वर्ग भाजपा की योजनाओं से खुश है व अबकी बार 400 पार के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहा है। प्रदेश कार्यसमिति

सदस्य कालूखेड़ा ने कहा कि पुनः इस बार कार्यकर्ताओं की ताकत से ऐतिहासिक बढत के साथ लोकसभा में कमल खिलेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओ से आह्वान किया कि मंदसौर लोकसभा में पुनः कमल खिलाकर प्रधानमंत्री मोदी के हाथों को मजबूत करते हुए पुनः प्रधानमंत्री बनने में अपना भी देश के विकास में योगदान दे। अतिथियों का स्वागत मण्डल अध्यक्ष राजेश शर्मा, अमित पाठक, महामंत्री दिनेश पाटीदार, सोनू यादव, घनश्याम बैरागी, कैलाश बारोड ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष हरिराम शाह, भाजपा जिला मंत्री रतनलाल लाकड़, सांसद प्रतिनिधि प्रदीप चोधरी, धर्मचंद्र चपडोद, अभय कोठारी, दिलीप शाकल्य, कीर्ति शरण सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पूनम पटवा, पूर्व नपा अध्यक्ष निर्मला हाड़ा, सुमन मेहता, अजय सिंह भाटी, वीरेंद्र सिंह चोहान, मुकेश प्रजापत, घनश्याम सोलंकी, सय्यद अमजद अली, इफ्तखार पठान, केवी सिसोदिया, पार्षद अनिल मोदी, रजत सोनी, राजेश धाकड़, अनिल तातेड़, शिवेन्द्र माथुर, कालू कदम आदि उपस्थित थे।संचालन विधानसभा संयोजक महेश सोनी ने किया आभार सह संयोजक बद्रीलाल शर्मा ने माना। उक्त जानकारी विधानसभा मीडिया संयोजक प्रफुल जैन ने दी।

पिकनिक मनाने गए रेलवे गॉर्ड की नदी में डूबने से हुई मौत, 3 गॉर्ड गए थे नहाने

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान विनोद पांडे/अनूपपुर/ बिजुरी

बिजुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार को सीतामढ़ी में पिकनिक मनाने के दौरान नहाने के दौरान डूबने से 43 वर्षीय रेलवे गार्ड की मौत हो गई। घटना की सूचना के पश्चात पुलिस के द्वारा मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिजुरी रेलवे में पदस्थ तीन गार्ड समरेंद्र सिंह (43) अमित चंद्रा भारती एवं दीप चंद्रशेखर पिकनिक मनाने के लिए सीतामढ़ी पिकनिक स्पॉट गए हुए थे। पिकनिक के दौरान तीनों नहा रहे थे, इसी दौरान समरेंद्र सिंह का पर गहराई में चला गया और वह डूबने लगा। साथ में गए अमित चंद्रा भारती एवं दीप चंद्रशेखर ने समरेंद्र सिंह को बचाने का प्रयास किया, लेकिन डूबने के पश्चात उसका पता नहीं चल पा रहा था। समरेंद्र सिंह के डूब जाने के पश्चात साथ में पिकनिक मनाने गए अमृत चंद्र भारती एवं दीप चंद्रशेखर के द्वारा मदद के लिए स्थानीय ग्रामीण से सहायता मांगी गई जिस पर स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा मृतक के शव को बाहर निकाला गया।सीतामढ़ी पिकनिक स्पॉट में पूर्व में कई लोगों की नहाने के दौरान गहरे पानी में डूबने की वजह से मौत हो चुकी है। इसके पश्चात यहां प्रशासन के द्वारा पानी के गहने होने तथा इसे डूबने के संबंध में नोटिस बोर्ड लगाया गया था। इसके बावजूद यहां पिकनिक के लिए लोग पहुंच रहे थे। घटना की सूचना मिलने के पश्चात पुलिस के द्वारा मौके पर पहुंचकर शव पंचनामा तथा पोस्टमार्टम की कार्रवाई प्रारंभ की गई है।

पक्षी, जानवरों के लिए पानी पीने की व्यवस्था कर दो -सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज

रोज कुछ न कुछ परमार्थी काम करना चाहिए, सब जीवों में प्रभु की अंश जीवात्मा है, सभी जीवों पर दया करो

सुल्तानपुर (उ.प्र)पूर समरथ सन्त सतगुरु, दुःखहता, उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज ने अधिकृत यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम पर लाइव प्रसारित संदेश में बताया कि रोज कर्म इकट्ठा होते हैं, रोज कर्मों को काटा जाता है। शरीर, मन, धन से कर्म बन गए, उनको काटने का उपाय निकाल दिया गया। क्या? कि कोई (दरवाजे पर भूखा) आ जाय तो उसे रोटी खिला दो, धन से गलत पाप कर्म बन गया, धन कहीं गलत जगह पर लग गया तो गाय, पक्षी, आदमियों को खिला दो। गर्मी बहुत है, पक्षियों, जानवरों के पानी पीने के लिए व्यवस्था कर दो, गौशाला बनवा दो आदि। तो उसमें धन लगा दो तो धन से बने पाप कर्म कट जाएंगे।

पहले लोगों में बहुत सेवा भाव था

शरीर से सेवा करो। पहले कितना बढ़िया नियम था लोगों का, रोटी बना करके पगडंडी रास्ते पर जाते थे, जहां से लोग पैदल आते-जाते थे। और आने-जाने वाले लोगों को बुला-बुलाकर खिलाते थे। कोई किसी के यहां चला जाए तो फिक्र नहीं रहती थी कि कहां रहेंगे, क्या खायेंगे। किसी के दरवाजे पर पहुंच जाता तो खुश हो जाते थे कि बिना बुलाए मेहमान आ गए। मेहमान नहीं भगवान आ गए। उसके यहां जो भी रहता, अच्छे से अच्छा खिलाने की कोशिश करता, अच्छे बिस्तर में सुलाने की कोशिश किया करता था।

नीयत खराब होने से परेशानियां बढ़ती चली जा रही

पहले भाव अच्छे थे। लोग जब मेहनती ईमानदारी की कमाई करते थे, सेवा भाव रखते थे, पैदावार ज्यादा होती थी। उसमें सब खाने वालों का अंश आता था। एक कमाता, दस खाते थे। नीयत लोगों की अच्छी रहती थी। लेकिन अब वह चीजें खत्म होती जा रही हैं, इसलिए परेशानियां बढ़ती चली जा रही हैं।

प्रेमियो! रोज न कुछ न कुछ परमार्थी काम करना चाहिए

परमार्थी काम क्या है? जान बचाना बहुत बड़ा पुण्य का काम होता है। जीवों की हत्या करना बहुत बड़ा पाप होता है। यह जल्दी क्षमा नहीं होता। फिर तो सजा भोगनी पड़ती है। जान करके जो गलती करता है, उसको और सख्त सजा मिलती है। जीवों पर दया करो। सभी में प्रभु की अंश जीवात्मा है। जो हमारे-आपके अंदर है, वही हाथी घोड़ा ऊंट पशु-पक्षियों, कीड़ों जिनको हम-आप आंखों से देख नहीं सकते, सबमें यही आत्मा है। सब जीवों पर दया, रहम करो। जीव हत्या मत करो। जीवन को बचाना बहुत बड़ा पुण्य का काम होता है।

अत्याचार पीड़ितो के प्रकरणों का निराकरण अति संवेदनशीलता के साथ करें- कमिश्नरं

अधिकारी अत्याचार पीड़ितो के दर्द को समझें- एडीजीपी

शहडोल। कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति वर्ग के अत्याचार पीड़ितो के प्रकरणों के निराकरण अति संवेदलशलता के साथ करें। कमिश्नर ने कहा है कि अत्याचार पीड़ितों को राहत राशि यात्रा भत्ता, उनके प्रकरणों में गवाही देने वाले लोगों को यात्रा भत्ता, भोजन व्यय, एवं मजदूरी आदि का भुगतान नियमानुसार संवेदनशीलता के साथ मुहैया कराएं। कमिश्नर ने यह भी निर्देश दिए है कि अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत अनुश्रवण समितियों की बैठकें जिला स्तर पर भी आयोजित करें तथा इसकी सतत मानीटरिंग करें। उन्होनें यह भी निर्देश दिए हैं कि अनुश्रवण समितियों की बैठकें पूरी तैयारी के साथ हों बैठकों की शिर्फ रस्मअदायगी न हो कमिश्नर ने निर्देश दिए है कि अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम में पीड़ित पक्षों को हर हाल में न्याय मिलना चाहिए यह सभी अधिकारी सुनिश्चित करें।

कमिश्नर ने दिए निर्देश

बैठक में कमिश्नर ने यह भी निर्देश दिए कि संभाग स्तर पर होने वाली अनुश्रवण समिति की बैठक में सभी अधिकारी तैयारी के साथ आएं तथा समुचित जानकारी के साथ आएं। कमिश्नर शहडोल संभाग बुधवार को अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की अनुश्रवण समिति के बैठक में अधिकारियों का निर्देशित कर रहे थे। बैठक में कमिश्नर ने अत्याचार पीड़ितों को आर्थिक सहायता, गवाहों एवं आश्रितो को यात्रा भत्ता, परिवहन आहार, एवं भरण पोषण व्यय, मासिक निर्वाह भत्ता रोजगार एवं स्वरोजगार बच्चो की शिक्षा सामाजिक पुर्नवास पुलिस थानो में दर्ज प्रकरणों की समीक्षा की गई।

एडीजीपी ने किया संबोधित

बैठक को संबोधित करते हुए एडीजीपी शहडोल जोन डीसी सागर ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम में प्रकरण दर्ज होते ही कार्यवाही करना सुनिश्चित करे। उन्होने कहा कि ऐसे प्रकरणों में थाना स्तर पर विलंब नहीं होना चाहिए। उन्होनें दो माह बाद भी प्रकरण में चालन प्रस्तुत नहीं होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा कहा कि पुनरावृत्ति फिर कभी नहीं होनी चाहिए। एडीजीपी ने कहा कि कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, सहायक अयुक्त आदिवासी विकास, लोक अभियोजन अधिकारी के बीच समन्वय होना चाहिए। तभी हम अत्याचार पीड़ितों को न्याय दिला सकते हैं और अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लोगो पर अत्याचार करने वाले लोगों को सजा दिला सकते हैं। उन्होने कहा कि अनुसूचित जाति एवं अनूसूचित जनजाति वर्ग के लोगों के प्रति हो रहे अत्याचार को रोकने हम सब को संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की जरूरत है। बैठक में पुलिस उप महानिरीक्षक सुश्री सविता सुहाने ने कहा कि अनूसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के अपराधिक प्रकरण में पुलिस के अधिकारियों को डिटेल जानकारी होनी चाहिए। प्रकरणों की जानकारी पुलिस अधीक्षक स्तर भी होनी चाहिए। उन्होने कहा कि जाति प्रमाण पत्र के अभाव में कई बार प्रकरण विलम्ब होता है, इस पर कलेक्टर को ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होने कहा कि अनूसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के अत्याचार पीडितों की गवाही हेतु आने वाले लोगों को यात्रा भत्ता, भोजन व्यय एवं मजदूरी का भुगतान किया जाता है। इसकी हर थाने में विधिवत जानकारी संधारित होनी चाहिए। बैठक में परिलिक्षित क्षेत्रों पर भी चर्चा की गई।

ये रहे मौजूद

बैठक में कलेक्टर शहडोल तरूण भटनागर, कलेक्टर अनूपपुर आशीष वशिष्ट, कलेक्टर उमरिया धरणेन्द्र कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक शहडोल कुमार प्रतीक, पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेन्द्र सिंह पवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमरिया प्रतिपाल सिंह महोबिया, संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश, उपायुक्त राजस्व श्रीमती निमिषा पाण्डेय, उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती ऊषा सिंह, सहायक अयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनन्द राय सिन्हा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

अधिकारी सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पेयजल समस्या का निराकरण सुनिश्चित कराए- कमिश्नर

हर एक गांव में पेयजल की समस्या का निराकरण हमारा लक्ष्य- कमिश्नर

कमिश्नर ने संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में पेयजल व्यवस्था की समीक्षा की

शहडोल। कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद ने अधिकारियो को निर्देश दिए हैं कि वे ग्रामीण क्षेत्रों की पेयजल संबंधित समस्याओ के निराकरण के लिए ग्रामीण क्षेत्रों का सतत रूप से भ्रमण करें, दूर-दराज के गांव में जाकर पेयजल व्यवस्था की निरंतर मानीटरिंग करें। कमिश्नर ने कहा है कि जहां हैंडपंप खराब हैं, नल जल योजनाएं बंद पड़ी हैं, ऐसे बंद पड़ी नल जल योजनाओं और हैडपंपों को शीघ्र सुधारें तथा लोगों को शुद्ध पेयजल समुचित मात्रा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने शहडोल संभाग के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के यंत्रियों एवं सहायक यंत्रियों को निर्देश दिए हैं कि वे ग्रमीण क्षेत्रों का निरीक्षण कर पेयजल व्यवस्था के संबंध में प्रतिदिन उनसे बात करें, और ग्रामीण क्षेत्रो की पेयजल व्यवस्था के संबंध में उन्हें अवगत कराएं। उन्होंने कहा है कि ग्रीष्मकाल में हर एक गांव में पेयजल की समस्या का निराकरण करना हम सभी का लक्ष्य है कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि शहडोल सभाग के सभी नागरिकों और ग्रामीणों को समुचित पेयजल उपलब्ध हो इसके लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जल निगम के अधिकाारी कर्मचारी समन्वय बनाकर निरंतर कार्य करें। कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद बुधवार को कमिश्नर कार्यालय में आयोजित पेयजल व्यवस्था की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।

कमिश्नर ने दिए निर्देश

कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन क्षेत्रों में पेयजल के स्त्रोत सूख गए हैं, ऐसे गांव में जहां पेयजल से भरे कूप हैं अथवा नलकूप हैं का अधिकरण करना सुनिश्चित किया जाए तथा ग्रामीणों को समुचित पेयजल उपलब्ध कराया जाए। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि ग्रीष्मकाल में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का मैदानी अमला सजगता के साथ कार्य करें जहां नल जल योजनाएं अथवा हैंडपंप खराब होने की शिकायतें मिलती हैं ऐसी शिकायतों का निराकरण अधिकारी तत्काल कराना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने सभी अधिकारियों को ताकित करते हुए कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की शिकायतें मिलने पर मैं संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय करूंगा तथा उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही करूंगा।

ये रहे मौजूद

बैठक में कमिश्नर ने अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ क्षेत्र एवं उमरिया जिले के आकाशकोट क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था की भी समीक्षा की तथा निर्देश दिए कि पुष्पराजगढ़ एवं आकाशकोट की पेयजल व्यवस्था पर अधिकारी विशेष ध्यान केन्द्रित करें। बैठक में संयुक्त आयुक्त विकाश मगन सिंह कनेश, उपायुक्त राजस्व श्रीमती निमिषा पांडेय, एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला शिक्षा अधिकारी ने जारी किया अशासकीय विद्यालय के संचालको को कारण बताओं नोटिस

शहडोल। कलेक्टर तरूण भटनागर के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी शहडोल फूल सिंह मरपाची ने अशासकीय ज्ञानोदय इंग्लिश मीडियम स्कूल शहडोल, अशासकीय शांति मेमोरियल स्कूल शहडोल, अशासकीय भारतीयम पब्लिक स्कूल ब्यौहारी, अशासकीय क्रिस्ता ज्योति उ.मा.वि. ब्यौहारी (सी.बी.एस.ई), अशासकीय भारतमाता उ.मा.वि. शहडोल, अशासकीय गुड शेफर्ड कॉन्वेंट स्कूल शहडोल (सी.बी.एस.ई), अशासकीय ज्ञान निकेतन स्कूल बुढ़ार, अशासकीय विद्यासागर सीनियर सेकेन्डरी स्कूल बुढ़ार। अशासकीय, एम.जी.एम. स्कूल गोपालपुर बुढ़ार, अशासकीय एम.जी.एम. स्कूल धनपुरी (सी.बी.एस.ई), अशासकीय ग्रीन बेल्स पब्लिक स्कूल बुढ़ार, अशासकीय स्प्रिंग बैली स्कूल धनपुरी, अशासकीय मिलेनियम ड्रीम इंटरनेशनल स्कूल ब्यौहारी, अशासकीय सतगुरू पब्लिक स्कूल शहडोल, अशासकीय विवेक पब्लिक स्कूल शहडोल, अशासकीय सत्यसाँई इंग्लिश मीडियम स्कूल शहडोल के संचालको को कारण बताओ नोटिस जारी किया है तथा 07 दिवस के अंदर अपना प्रति उत्तर प्रस्तुत करने हेतु कहा गया है। जारी कारण बताओं नोटिस में कहा गया है कि निजी स्कूलों द्वारा पाठ्य पुस्तकों, यूनिफार्म एवं शैक्षणिक सामग्री के क्रय हेतु पालकों पर अनुचित दबाव बनाए जाने के संबंध में उक्त आशय की शिकायत प्राप्त होने की स्थिति में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में कलेक्टर जिला शहडोल द्वारा निजी विद्यालयों के निरीक्षण हेतु विकासखण्ड स्तरीय समिति का गठन किया गया। विकासखण्ड स्तरीय समिति द्वारा विद्यालयों का निरीक्षण कर निरीक्षण प्रतिवेदन कलेक्टर जिला शहडोल की अध्यक्षता में गठित जिला समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुत निरीक्षण प्रतिवेदन का जिला समिति द्वारा परीक्षण किया गया। विकासखण्ड स्तरीय समिति द्वारा प्रस्तुत निरीक्षण प्रतिवेदन के आधार पर विद्यालयों में म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के वर्ष 2015 में जारी मार्गदर्शी सिद्धांतों एवं म.प्र. निजी विद्यालय अधिनियम 2020 में वर्णित नियमो, निर्देशो, उपबंधों का पालन नहीं किया गया है एवं कमियां पाई गई है।

हनुमान चालीसा पाठ कर कराया गया विशाल भंडारे का आयोजन, नव युवाओं ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

शहडोल/अनूपपुर। मंगलवार को अमलाई स्थित दुर्गा मंदिर परिसर व ज्ञान हार्डवेयर के समीप स्थानीय नव युवाओं व श्रद्धालुओं के द्वारा साफ-सफाई की गई और हनुमान जी का प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया गया। नव युवाओं व श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में हनुमान चालीसा का सस्वर पाठ किया और परिसर तथा ज्ञान हार्डवेयर के समीप विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मुख्य रूप से स्थानीय भक्त रत्नेश गुप्ता सनी के द्वारा भक्ति मय से पूरे रूप में लग रहे थे और हनुमान जी की पूजा कर भंडारे का आयोजन कराया गया। नवयुवक श्रद्धापूर्वक हनुमान चालीसा का पाठ आयोजित किया। सभी भक्तों ने सामूहिक रूप से पाठ किया और प्रसाद वितरण कर हनुमान जन्मोत्सव मनाया। मंदिर परिसर में आयोजित किए गये अनुष्ठानों में सहयोग हेतु नवयुवा सेवा समिति अमलाई के सदस्य मौजूद रहे। जिसमें मुख्य रूप से रत्नेश सनी गुप्ता, रमेश, गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, कपिलेश गुप्ता, चिंटू गुप्ता, मनीष वाधवानी, बल्लू गुप्ता, मल्लू गुप्ता, दिवाकर कोल, सोहेल मंसूरी, बबली, तेजू महरा, पप्पू, संजय, फुलेश्वर, पवन, शकील खान, प्रदीप उपस्थित रहे।

कमिश्नर एवं एडीजीपी ने खिलाड़ियों को दी बधाई

बालक बास्केटबॉल प्रतियोगिता 27 अप्रैल से, खिलाड़ी चयनित

शहडोल। सहायक संचालक खेल ने जानकारी दी है कि राष्ट्रीय शालेय 17 वर्ष बालक बास्केटबॉल प्रतियोगिता गुरुग्राम हरियाणा में 27 से 30 अप्रैल 2024 तक आयोजित की जाएगी। बास्केटबाल प्रतियोगिता हेतु मध्य प्रदेश की चयनित बास्केटबॉल टीम में लक्ष्य बत्रा शहडोल उत्कर्ष शहडोल सीकर शुक्ला शहडोल कृष्णा चौरसिया शहडोल रूद्र मनीष देसाई जबलपुर अमन कश्यप इंदौर आजम खान जबलपुर आदित्य सिंह इंदौर तनिष्क पांचाल उज्जैन सुशांत वर्मा भोपाल सुनारिया ग्वालियर टीम के जनरल मैनेजर ओ पी चौधरी शहडोल मैनेजर जगजीत सिंह जबलपुर, वीरेंद्र श्रीवास्तव, केके श्रीवास्तव को टीम में चयनित किया गया है। चयनित खिलाड़ियों को कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद, एडीजीपी डीसी सागर, डीआईजी सविता सुहाने, कलेक्टर शहडोल तरुण भटनागर कलेटर उमरिया धर्मेंद्र कुमार जैन, कलेक्टर अनूपपुर आशीष वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक शहडोल कुमार प्रतीक, अनूपपुर पुलिस अधीक्षक जीतेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

मानव श्रृंखला बनाकर बग ग्रुप ने दिया मतदाता जागरूकता संदेश

शैलेन्द्र चौहान भोपाल संभाग रिपोर्टर

केसरिया हिंदुस्तान बाड़ी- भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविन्द कुमार दुबे के निर्देश पर जिले भर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जा रहे है। इस अभियान में बड़ी संख्या में लोग जुड़ रहे है। शासकीय अशासकीय कर्मचारी, नगर परिषद कर्मचारियों, आगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली, रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी डिजाइन, साइकिल रैली का आयोजन किया जा रहा है।

मंगलवार को वोटर अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों द्वारा नगरीय क्षेत्र बाड़ी के भाग संख्या 260 एवं 261 के सदस्यों द्वारा बूथ स्तर पर निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने व लोगो को मतदान के प्रति अभिप्रेरित करने तहसीलदार प्रमोद उइके एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती निरुपमा एस यादव के मार्गदर्शन में एकीकृत शासकीय कन्या माध्यमिक शाला बाड़ी खुर्द के प्रधानाध्यापक संदीप नेमा के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओ को 7 मई 2024 को शत प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। रैली में सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, चाहे नर हो या नारी मतदान सब की जिम्मेवारी, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, जन जन की है यही पुकार वोट डालो अबकी बार, जैसे नारो से ओतप्रोत मतदाता जागरूकता रैली विद्यालय से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग हिंगलाज रोड, मंगलवारा बाजार होते हुए नगर परिषद प्रांगण में में सेकड़ो कर्मचारियो द्वारा स्वीप बैनर, फ्लेक्स व हाथो में तख्तियां लेकर मानब श्रृंखला बनाई गई व स्वीप का संदेश दिया।

इस अवसर पर शिक्षक संदीप नेमा प्रभारी प्रधान अध्यापक श्रीमती अल्पना सिंह, रंजना पटेरिया, भगवती गढ़वाल,श्री जीएस गोलियां, अनिल पन्द्राम, मनोरमा ठाकुर, रागिनी श्रीवास्तव, आरती पटेल, अनामिका वैष्णव, चंचल टैगोर, सुमन बाई पस्टारिया, बीएलओ अमित शर्मा, गोविंद चौहान, बैजंती पांडेय, रेखा सोनी, सरिता नामदेव, मुकेश साहू, विनोद गौर सहित सेकड़ो अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

रेत उत्खनन के संबंध में लोक सुनवाई 27 एवं 28 मई को

शहडोल। कलेक्टर तरूण भटनागर ने आदेश जारी किया गया है कि मध्यप्रदेश राज्य खनिज निगम के पक्ष में स्वीकृत रेत खदानों से उत्खनन के संबंध में लोक सुनवाई 27 एवं 28 मई 2024 को आयोजित की गई है। जारी आदेश में कहा गया है कि तहसील जयसिंहनगर के रेत खदान सेमरपाखा हेतु लोक सुनवाई 27 मई 2024 को ग्राम पंचायत सेमरपाखा एवं गंधिया रेत खदान की लोक सुनवाई 28 मई 2024 को ग्राम पंचायत गंधिया में आयोजित की जाएगी।

पुलिस द्वारा की गई चालानी कार्यवाही

शहडोल। जिला शहडोल पुलिस द्वारा मंगलवार को बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 33 चालानों में 10,500/- रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर (मध्य प्रदेश) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह , संपादक : अशोक सोनी (9009601101) , भोपाल कार्यालय पता-- प्रेस काम्प्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश
दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 Email id :hindustannews404@gmail.com, R.N.I. No. MPHIN/2021/82530

मतदाता जागरूकता के लिए पंचायत स्तरीय चुनावी पाठशालाओं का आयोजन

बिसवां सीतापुर । जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी सीतापुर के निर्देशन पर सामान्य निर्वाचन 2024 को लेकर विकास खण्ड बिसवां की समस्त ग्राम सभाओं में ग्राम स्तरीय चुनावी पाठशालाओं के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने एवं मतदान शत-प्रतिशत तक पहुंचाने की संकल्पना की जा रही है। खण्ड विकास अधिकारी बिसवां सुमित सिंह व सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) राजेश कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिति में ग्राम पंचायत जहांगीराबाद सहित लालपुर, बजेहरा, गोधनी सरैंय्या व बसुदहा ग्राम पंचायतों में मशहूर जादूगर मुन्ना जादूगर एण्ड पार्टी द्वारा नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से जादुई कला का प्रदर्शन कर मतदाताओं को आगामी 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गयी।

जहांगीराबाद स्थित श्री राम मनोहर श्रीवास्तव स्मारक विद्यालय में आयोजित ग्राम स्तरीय चुनावी पाठशाला में एडीओ पंचायत राजेश कुमार श्रीवास्तव ने सभी को आवश्यक रूप से मतदान करने की शपथ भी दिलाई। खण्ड विकास अधिकारी ने सभी उपस्थित लोगों को उनके मतदान के अधिकार को विस्तार से बताते हुए जागरूक किया और आगामी 13 मई को हर हाल में अपने दैनिक अन्य जरूरी कार्यों के साथ-साथ प्राथमिकता के आधार पर प्रत्येक दशा में मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। इसी बीच बीडीओ सुमित सिंह बूथों का निरीक्षण करने पूर्व माध्यमिक विद्यालय कम्पोजिट जहांगीराबाद गये। उन्होंने बूथों पर सभी आवश्यक सुविधाओं को जल्द से जल्द पूरा करने के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने विद्यालय में शिक्षक शिक्षिकाओं और बच्चों की उपस्थिति कम होने की जानकारी भी जायजा लिया। एडीओ पंचायत राजेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि आपके वोट से ही लोकतंत्र मजबूत होता है और एक सशक्त देश की सरकार का गठन होता है।सारे काम छोड़कर पहले मतदान फिर कोई काम का नारा दिया।इस प्रकार की पाठशालाओं का आयोजन प्राथमिक विद्यालय लालपुर, गोधनी सरैंय्या, बजेहरा व बसुदहा में भी किया गया। इस मौके पर ग्राम पंचायत विकास अधिकारी हरिओम श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुनीर अहमद अंसारी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक व शिक्षक शिक्षिकायें, अनुराग पाठक, प्रशांत श्रीवास्तव,रजत श्रीवास्तव, रूपेन्द्र, अनुराग सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

चार सौ पार के बड़बोलेपन के नारे से उपजी राजनीतिक हताशा

बिसवां सीतापुर - चार सौ पार के बड़बोलेपन के नारे से उपजी राजनीतिक हताशा ने मोदी जी को भाषा के मलकुंड में गिरा दिया है । उक्त बाते आज आल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के राज्य सचिव डां बृजबिहारी ने पटनी , तिलरवा और सेवता की कार्यकर्ताओ की बैठक मे कहीं , उन्होने कहा बिसवां और सेवता विधान सभा क्षेत्र मे भूमाफिया और भ्रष्टाचारी सत्ता के संरक्षण में गरीबो को आवंटित की जाने वाली जमीनो को हथिया रहे है और गरीबो की योजनाओ को लूट रहे है , इस लूट को रोकने के लिए सीतापुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा को हराना आवश्यक है और इंडिया गठबंधन/ कांग्रेस उम्मीदवार राकेश राठौर को जिताने आवश्यक है । क्षेत्र में मनरेगा मजदूरो की फर्जी हाजिरी लगाकर उन्हे चुनाव प्रचारक बनाया जा रहा है जबकि जरूरतमंद मजदूरो को काम नहीं दिया जा रहा है । सत्ता पक्ष पर यह आरोप लगाते हुए आल इंडिया पीपुल्स फन्ट की केन्द्रीय कमेटी की सदस्य सुनीला रावत ने कहा इस पूरे प्रकरण की जांच के लिए आईपीएफ ने आयुक्त लखनऊ मंडल और चुनाव आयोग को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है । सीतापुर लोकसभा क्षेत्र के लगभग चार लाख मनरेगा मजदूर इस बार भाजपा को हराने में अहम भूमिका निभायेंगे । इस अवसर पर सकरन ब्लाक प्रभारी रामखेलावन गौतम , लल्लन गौतम और रेऊसा ब्लाक प्रभारी अल्लन इदरीसी सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहकर भाजपा को हराने और इंडिया गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी राकेश राठौर को जिताने का संकल्प लिया ।

मंदिर जा रही वृद्धा से बाइक सवार दो नकाबपोश युवकों ने चेन छीनी

-सुबह मंदिर जा रही वृद्धा से नकाबपोशों ने की चेन स्नेचिंग

-नकाबपोश बाइक सवार युवकों ने दी पुलिस के इकबाल को चुनौती

महमूदाबाद कोतवाली के जैन मंदिर के पास की घटना

महमूदाबाद/सीतापुर। दिगंबर जैन मंदिर के पास से दिनदहाड़े बाइक सवार दो नकाबपोश युवक एक वृद्ध महिला से सोने की चेन छीनकर फरार हो गए। महिला मंदिर पूजा करने के लिए जा रही थी। घटना मंदिर के पास स्थित कपड़े की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस मामले को लेकर गंभीर है। आसपास की तमाम सी दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे पुलिस द्वारा खंगाले जा रहे हैं।

महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के नई बाजार दक्षिणी निवासी 70 वर्षीय पुष्पा जैन पत्नी श्री कुमार जैन ने बताया कि वह बुधवार सुबह करीब 6 बजे नगर के सरावगी टोला स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर पूजन दर्शन के लिए जा रहीं थीं। मंदिर के पास पहुंचीं थीं कि तभी सामने से एक बिना नंबर की बाइक पर दो युवक आए और उनके गले से सोने की चेन छीनकर फरार हो गए। चालक ने हेलमेट पहना हुआ था, जबकि पीछे बैठे युवक ने कपड़े से मुंह ढका हुआ था। वृद्धा के पति की इंजन पार्ट्स की दुकान मंदिर के पास में ही है। पति ने बताया की पत्नी की सोने की चेन लगभग 25 ग्राम की थी। फिलहाल कोतवाली पुलिस सीसीटीवी फोटोज के जरिए आरोपियों की तलाश में जुटी है। सीओ दिनेश शुक्ला ने बताया कि तहरीर के मुताबिक मुकदमा दर्ज किया गया है। टीम गठित कर घटना के शीघ्र अनावरण के प्रयास किए जा रहे हैं।

भाजपा की बूथ अध्यक्ष बैठक में शत प्रतिशत बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे

महमूदाबाद-सीतापुर। स्थानीय बेचू पहलवान गेस्ट हाउस में आयोजित भाजपा की बूथ अध्यक्ष बैठक में शत प्रतिशत बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।

लोकसभा क्षेत्र में चुनाव के संदर्भ में विधानसभा महमूदाबाद के बूथ अध्यक्षो की बैठक को भाजपा के प्रदेश महामंत्री व अवध क्षेत्र के प्रभारी संजय राय ने सम्बोधित किया।

बूथ अध्यक्षों को समोबधित करते हुए प्रत्याशी राजेश वर्मा ने बाहर क्षेत्रो में रह रहे वोटरों को लाने सम्बन्धी सुझाव देते हुए आगे कहा कि बूथ पर सक्रिय होकर कार्य करे, हर बूथ तक मतदाता पहुंचे इसके लिए भी सभी बूथ अध्यक्ष अभी से कमर कस ले।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश भाजपा महामंत्री संजय राय सहित इस कार्यक्रम में ज़िला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धासागर, विधायक आशा मौर्य, भाजपा ज़िला प्रभारी नीरज, लोक सभा प्रभारी दिनेश तिवारी ,विधानसभा संयोजक चंद्रभूषण शुक्ला, अनिल यादव मोहन प्रसाद बारी, संजय वर्मा, आर जे वर्मा, कमलेश तिवारी , सर्वेंद्र विक्रम सिंह, रामशंकर वर्मा, अजय वर्म, मृत्युंजय बाजपेई, रितेश रस्तोगी सहित कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ज़िला महामंत्री विश्राम सागर राठौर ने किया।

संस्थान द्वारा बहुत ही अच्छा प्रशिक्षण मिलेगा

सीतापुर । इण्डियन बैंक आरसेटी द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, सीतापुर द्वारा जिला कारागार सीतापुर में निरुद्ध महिला बंदियो को आत्मनिर्भर बनाने हेतु उद्यमिता विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत गाय के गोबर से धूपबत्ती, अगरबत्ती, दिये, हवन वेदी एवम् ईंट बनानें के प्रशिक्षण का उद्घाटन जेल अधीक्षक एस. के. सिंह एवं इंडियन बैंक के अग्रणी जिला प्रबंधक अनल कुमार तथा आरसेटी निदेशक प्रीती पाण्डेय द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक नें सभी बंदियों से पूर्ण ईमानदारी व निष्ठा के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने तथा आत्मनिर्भर बननें हेतु प्रेरित किया। संस्थान की निदेशक में कहा कि आप लोगों को संस्थान द्वारा बहुत ही अच्छा प्रशिक्षण मिलेगा और आप आत्मनिर्भर बन सकेगीं, ऐसा मेरा विश्वास है। आप लोग प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार शुरू कर नये भारत के निर्माण में अपना सक्रिय योगदान दीजिये। निश्चित ही आप सफल होगें। इस अवसर पर जिला कारागार सीतापुर के अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अपराधी गिरफ्तार

सीतापुर । पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद में अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही एवम् वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस को निर्देशित किया गया है।

उक्त निर्देश के अनुपालन के क्रम में क्षेत्राधिकारी बिसवां उदयराज सिंह के नेतृत्व में थाना तंबौर पुलिस टीम उपनिरीक्षक जयकृष्ण तिवारी, आरक्षी सुधीर कुमार द्वारा मु0अ0सं0 195/2024 धारा 2/3 यूपी गैंगेस्टर थाना तंबौर में वांछित अभियुक्त बब्बन पुत्र लल्लन नि.सिर्सटोला कस्बा व थाना तंबौर सीतापुर को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त शातिर अपराधी है जिसके विरुद्ध पूर्व में गिरोह बनाकर सामूहिक दुष्कर्म जैसे आपराधिक कृत्य में अभियोग पंजीकृत हैं। अभियुक्त द्वारा अपराध से अर्जित संपत्ति का पता लगाकर जब्तीकरण की कार्यवाही की जायेगी। जनपद में अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही निरन्तर इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।

घर में मतदान कराने हेतु जो गाइडलाइन है उसके अनुसार ही टीम बनाकर मतदान कराया जाये : डीएम

सीतापुर । जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को दृष्टिगत रखते हुये अब तक की गयी कार्यवाही/तैयारी के संबंध में समस्त संबंधित अधिकारियो के साथ बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि घर में मतदान कराने हेतु जो गाइडलाइन है उसके अनुसार ही टीम बनाकर मतदान कराया जाये। इसमें वृद्धजन एवं दिव्यांगजन जो आने में असमर्थ है, उनको घर में ही मतदान कराया जायेगा। जहां मतदान कराने जायें वहां पहले से ही तिथि नोटिस के मतदाताओं को बता दी जाये। उन्होंने बूथों पर सामग्रियों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि दवाओं की किट एवं मूलभूत सुविधाएं बूथों पर मुहैय्या रहे, यह सुनिश्चित किया जाये। पोस्टल बैलेट की जानकारी लेते हुये कहा कि बैलेट पेपर रखने हेतु तैयारी कर ली जाये। सभी बूथों पर पानी, शौचालय, प्रकाश व शेड की व्यवस्था जल्द से जल्द कर ली जाये ताकि बाद में कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों को लाने व ले जाने हेतु गाड़ी रखी जाये ताकि दिव्यांगों को मतदान के दौरान कोई परेशानी न हो। उन्होंने निर्देश दिये कि वोटर कार्डों का वितरण जल्द ही मतदाताओं को करा दिया जाये, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न की जाये। बी0एल0ओ0 के माध्यम से वोटर कार्ड वितरित किये जायें। आर0एम0पी0 में ई0वी0एम0 के रख-रखाव हेतु की गयी व्यवस्थाओं की जानकारी ली एवं निर्देश दिये कि लॉगबुक रखा जाये ताकि अन्दर जाने वाले लोगों को नाम दर्ज हो सके। स्ट्रांग रूम की जानकारी लेते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी कार्य शेष बचा है उसको पूर्ण कराया जाये तथा संकेतक चिन्ह अवश्य लगवा दिये जाये ताकि जो भी गाड़ी मशीन लेकर स्ट्रांग रूम जाये उसको किसी प्रकार की दिक्कत न हो। सी-विजिल की जानकारी ली एवं संबंधित को निर्देश दिये कि जो भी शिकायतें मतदाताओं की प्राप्त हो रही है उनका निस्तारण सही ढंग से किया जाये। हीट वेव के लिये शेड, पानी व ओ0आर0एस0 की व्यवस्था बूथों पर कर ली जाये, जिससे मतदाताओं को परेशानी न हो।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बसंल, आई0ए0एस0 नितिन सिंह, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 हरपाल सिंह, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति, सभी उपजिलाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

आज तक कुल नामांकन 21 हो चुके हैं

सीतापुर । लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत नामांकन छठे दिन 07 नामांकन आज दिनांक-24 अप्रैल 2024 को राजेश कुमार वर्मा (भाजपा), रामकुमार मिश्र (प्रजाशक्ति पार्टी समदर्शी), महेन्द्र सिंह (बसपा) 02 सेट में, मुन्ना लाल (नारी नर रक्षक पार्टी), राकेश राठौर (इण्डियन नेशनल कांग्रेस) 02 सेट में, मो0 काशिफ (अपना दल कमेरावादी), लेखराज (आजाद समाज पार्टी, कंशी राम) द्वारा किया गया। नामांकन के कुल सेट आज 09 प्राप्त हुये हैं। अभी तक कुल 11 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किया जा चुका है। आज तक कुल नामांकन 21 हो चुके हैं।

जश्ने ईद मिलादुन्नबी का आयोजन

बिसवां सीतापुर । कस्बा के मोहल्ला मियांगंज में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का आयोजन किया गया। हकीम मौलाना असगर हुसैन मोईनी रह0 अलैह की सालान बरसी के अवसर पर आयोजित इस जलसे की सदारत मुफ़्ती एजाज हुसैन सीतापुरी ने की व संचालन मौलाना अनवर देहलवी ने किया। जलसे से ख़िताब करते हुए मुफ़्ती लियाकत नेपाली ने कहा कि आज हमारे समाज में तरह तरह की बुराइयां फैली हुयी हमें नबी पाक के सुन्नतों पर अमल करते हुए इन बुराइयों से खुद को और समाज को बचाने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि आजकल शादी ब्याहों में तरह तरह की रस्मो को जोड़कर नाजायज फिजूल खर्ची की जा रही है जबकि हमारे नबी ने निकाह को आसान करने का हुक्म दिया है। ख़िताब करते हुए मौलाना इफ्तिखार हुसैन देहलवी ने कहा कि शिक्षा में ही वो ताकत है जिससे हम खुद को और समाज को संवार सकते हैं इसलिए सभी मुसलमानों को शिक्षा हासिल करनी चाहिए और अपने बच्चों को भी शिक्षा हासिल करने पर जोर देना चाहिए तभी हम कामियाब होंगे। जलसे में शायरे इस्लाम उल्फत नूरी व शाहनवाज रजा इस्माइली ने नाते पाक पढ़कर खिराजे अकीदत पेश की। अंत में मुफ़्ती एजाज हुसैन ने मुल्क में अमन व चैन की दुआ मांगी इस मौके पर मौलाना फैजान हुसैन कादरी, मौलाना जुबैर रजा, हाफिज जमीर हसन, अंजुम हुसैन, हस्सान रजा आदि मौजूद रहे।

जारी आदेश हुए दर किनार , खण्ड़ विकास अधिकारी ने किया अग्रिम भुगतान

सीतापुर में वि.ख.ऐलिया की ग्रा,पं.कुचकापुर में सत्र 2023-24मनरेगा कार्यो में हो गया भुगतान नहीं हुआ कार्य , प्रकरण प्रकाश में आने पर जे .सी .वी .से हो रहा कार्य जिम्मेदार प्रकरण में कर रहे लीपापोती ।

जानकारी प्राप्त हुई है प्रकरण की जाँच करायी जाएगी

सीडीओ सीतापुर

ऐलिया सीतापुर । जनपद में चारो ओर मनरेगा कार्यो में जिम्मेदार अधिकारी भ्रष्टाचार की सारी सीमाएं पार कर रहे है, पहले से ही विकास खंड ऐलिया में फर्जी हाजिरी का सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है, वही एक नये मामले ने तूल पकड़ लिया है, इस पूरे प्रकरण में खण्ड विकास अधिकारी ऐलिया ने भ्रष्टाचार की सारी सीमाएं लांघ कर अपने हितैषियों को लाभ पहुचाने के लिए बिना कार्य कराए ही लाखो रुपये का अग्रिम भुगतान करवा दिया, जब यह प्रकरण क्षेत्र में चर्चा का विषय बना तो खंड विकास अधिकारी ने मौके पर जाकर आनन फानन में अपने आप को बचाने के लिये कार्य प्रारंभ करा दिया,प्रारम्भ हुए कार्य को जल्दबाजी में करा कर अपने आप को व अन्य जिम्मेदारो को बचाने की कवायद में कार्य भी मानकविहीन कराया जाने लगा।

बताते चले कि यह पूरा प्रकरण विकास खंड ऐलिया की ग्राम पंचायत कुचकापुर का है, ग्राम पंचायत में मनरेगा के अंतर्गत कुचकापुर से तालाब तक नाला निर्माण कार्य में निर्माणाधीन कार्य पर 100त्न का अग्रिम भुगतान करा दिया गया, वही उसी ग्राम पंचायत में छीता पासी अमृत सरोवर निर्माण कार्य भी पूर्ण नही हो सका और उसका भी 100त्न का भुगतान करा दिया गया, जल्द से जल्द कार्य पूरा करके कागजी कारवाही पूरी करने के उद्देश्य से तालाब में जे सी बी मशीन से कार्य कराया जा रहा है, दोनो ही कार्यो पर लगभग 20 लाख रुपये का भुगतान किया गया। खण्ड विकास अधिकारी इस पूरे मामले को दबाने के लिए हर सम्भव प्रयास कर रहे है क्योंकि इस पूरे मामले की जानकारी खंड विकास अधिकारी को पहले से है फिर आखिर क्यों अभी एक कार्यवाही नही की गई। जब इस पूरे प्रकरण पर खंड विकास अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मुझे जानकारी है लेकिन चुनाव के चलते व्यस्तता है जिस कारण अभी हम देख नही पाए है दिखवाते है।

श्री हनुमान प्राकट्योत्सव पर हुए आयोजन

श्री मारुति नंदन मंदिर पर हुआ भव्य विशाल भंडारे का आयोजन

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। चैत्र शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा मंगलवार को भगवान शिव के 11वें रुद्रावतार भगवान हनुमान का प्राकट्योत्सव मना। श्री हनुमान के प्राकट्योत्सव पर मंदिरों से लेकर घरों तक धूम रही। इस अवसर पर जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया। घरों और मंदिरों में सुंदरकांड का पाठ हुआ।पुरानी तहसील अकबरपुर के हनुमान मंदिर के साथ नगर के आधा दर्जन हनुमान मंदिरों में हनुमान का प्राकट्योत्सव श्रद्धाभाव से मनाया गया। पूजा कर भक्तों ने अकाल मौत से मुक्ति की मनौती मांगी। वहीं अधिकांश घरों में भी प्राकट्योत्सव मनाया गया। व्रत रखकर भक्तों ने प्रसाद का वितरण किया। इस अवसर पर पूजा और आराधना करने और के साथ सिंदूर चढ़ाने से हर कामना पूरी होती है। अशुभ ग्रह भी शुभ फल देने लगते हैं। इसी के चलते मंगलवार को नगर की पुरानी तहसील के साथ इल्तिफातगंज रोड के गांधीनगर, पाठक कॉलोनी के और सब्जी मंडी के हनुमान मंदिरों में भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सब्जी मंडी के हनुमान मंदिर में विशेष तौर पर उत्सव मनाया गया। भजन कीर्तन के साथ प्रसाद का वितरण हुआ। संकट मोचन हनुमान

मंदिरर सब्जी मंडी में प्रात- काल में दिव्य श्रृंगार हुआ। शाम को सुंदर काण्ड का पाठ एवं प्रसाद वितरण समारोह और भव्य आरती हुई। इस अवसर पर जिले में कई जगह भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने विभिन्न प्रकार के प्रसाद का रसास्वादन किया।

फूड प्वाइजनिंग से 70 से ज्यादा बीमार

वैवाहिक आयोजन में खाने से बिगड़ी हालत; बच्चे और बुजुर्ग शामिल

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। वैवाहिक आयोजन में फास्ट फूड खाने के बाद 70 से अधिक लोग बीमार पड़ गए। इसमें घराती और बराती दोनों शामिल रहे। आधी रात में सभी को जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।घटना बेवाना थाना इलाके के मुंगरी गांव की है। स्थानीय निवासी सीताराम की पुत्री का मंगलवार को विवाह था। बरात आने के बाद वहां फास्ट फूड खाने का दौर शुरू हुआ। इसके कुछ देर बाद से लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी। पेट दर्द के साथ ही उल्टी और चक्कर आने जैसी दिक्कत शुरू हो गई। एक-एक कर कई लोगों की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें नजदीकी जाफरगंज स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्र ले जाया गया। हालांकि संख्या अधिक होने पर सभी को जिला अस्पताल भेजा गया। वहां सभी को भर्ती कर उपचार शुरू हुआ। इन सबके बीच जैसे तैसे वैवाहिक रस्म भी निभाई गई। जिला अस्पताल में 69 लोग भर्ती हैं जबकि चार अन्य का इलाज जाफरगंज में किया गया। बीमार लोगों में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल हैं। सीएमएस डॉ ओम प्रकाश ने बताया कि फूड प्वाइजनिंग की वजह से ऐसा हुआ है। सभी लोगों की हालत अब सामान्य है। एक साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणों के फूड प्वाइजनिंग की खबर मिलते ही डीएम अविनाश सिंह, एसपी डॉ कौस्तुभ, एडीएम डॉ सदानंद और सीएमओ डॉ राजकुमार भी जिला अस्पताल पहुंच गए। अधिकारियों ने वहां भर्ती लोगों से बातचीत की। सीएमएस को निर्देश दिया कि पूरी तरह ठीक होने के बाद ही यहां से वापस घर भेजा जाए।

जिला अस्पताल में मुंगरी की मंजू (22), रमेश (62), शिवांगी (14), राम जियावन (70), शशि (35), अंकित (36), प्रिया (6), ममता (24), अवधेश (11), सुनीता (27), राम बचन (65), राजू (38), सुनील (25), अंजू (18), कमला (48), अवनीश (12),शीला (42), अतुल (5), श्याम सुंदर (18) आदि भर्ती होने वालों में शामिल हैं।

चार स्कूलों को बंद करने का नोटिस जारी

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। बगैर मान्यता के संचालित विद्यालयों पर प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। बीईओ जलालपुर ने मान्यताविहीन चार विद्यालयों को नोटिस जारी कर तत्काल विद्यालय का संचालन बंद करने का निर्देश दिया है। कहा गया कि ऐसा न करने पर जुर्माना व विधिक कार्रवाई की जाएगी।बताते चलें कि बीते दिनों शासन ने ऐसे विद्यालयों को बंद करने का निर्देश दिया था, जिनके पास न तो स्कूल संचालन की वैध मान्यता है और न ही मानकों को पूरा कर रहे हैं। ऐसे विद्यालयों को बंद कराने के साथ ही वहां अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को नजदीकी प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय में समायोजित करने का निर्देश है।इस बीच अब जलालपुर बीईओ मीनाक्षी सिंह ने चार विद्यालयों का चिह्नांकन किया है, जिनके पास स्कूल संचालन के लिए मान्यता नहीं है। इन विद्यालयों के प्रबंधकों/प्रधानाध्यापकों को नोटिस जारी कर उन्हें तत्काल विद्यालय बंद करने का निर्देश दिया है। साथ ही वहां पढ़ रहे बच्चों का नामांकन नजदीकी प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कराने को कहा है। बताया कि निर्देश की अवहेलना पर न सिर्फ प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना देना होगा वरन एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी।इन विद्यालयों को भेजा नोटिस

बीईओ ने जिन विद्यालयों को नोटिस जारी किया है उसमें राम आसरे जूनियर विद्यालय लखनिया, बीएलपीसी कटघरमूसा जूनियर स्कूल, मैडेन पब्लिक स्कूल कटघरमूसा व स्मार्ट कॅरियर पब्लिक स्कूल जहांगीरपुर शामिल है। इन सभी विद्यालयों पर नोटिस चस्पा करा दिया गया है।

हनुमान जयंती के पावन अवसर पर ऐतिहासिक भजन कीर्तन का आयोजना

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

सुल्तानपुर। जिले में चांदा क्षेत्र के नगर पंचायत कोइरीपुर के सभी मंदिरों को सजाया गया। नगर पंचायत कोइरीपुर के वृंदावनेश्वर हनुमान मंदिर ,राम जानकी हनुमान मंदिर ,पुराना हनुमान मंदिर, जालपा मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों पर हनुमान जयंती के इस पावन अवसर पर मंगलवार की सुबह यज्ञ, हवन एवं भजन कीर्तन कराया गया। दोपहर के समय प्रसाद वितरण किया गया , कोइरीपुर के वृंदावनेश्वर हनुमान मंदिर के आचार्य राम टहल तिवारी जी महाराज ने बताया कि हनुमान जयंती के उपलक्ष पर सुबह के समय सुंदरकांड का पाठ एवं भजन कीर्तन आदि का आयोजन किया गया। सुबह के समय अभिषेक आरती के बाद दोपहर को विशेष रूप से भोग आरती भी की गई । इस अवसर पर हनुमान मंदिर पर भक्त जनों की भीड़ बड़ी तेजी के साथ उमड़ी हुई थी । हनुमान जयंती के पावन अवसर पर नगर पंचायत कोइरीपुर के चौक में सांय 7ः00बजे ऐतिहासिक जवाबी कीर्तन का भी आयोजन किया गया था। यह ऐतिहासिक जवाबी कीर्तन बाराबंकी से ज्योति कमल और कानपुर से क्रांति माला के बीच किया गया। इस पावन अवसर पर उपस्थित रामगंज के अध्यक्ष राकेश सिंह द्वारा मंच पर हनुमान जी की आरती पूजा अर्चना व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, और नगर पंचायत

कोइरीपुर के पूर्व अध्यक्ष सुधीर साहू द्वारा रामगंज के अध्यक्ष राकेश सिंह जी को पुष्पमाला व वस्त्र माल्यार्पण करके मुख्य अतिथि के रूप में सम्मान एवं सत्कार किया गया। इस मौके पर उपस्थित अशोक गुप्ता ,सोनू बरनवाल ,नगर पंचायत कोइरीपुर के वार्ड नंबर 8 के सभासद कुलदीप अग्रहरि ,जितेंद्र जायसवाल, प्रशांत जायसवाल, प्रेम दीदी, पिंटू अग्रहरि , लाल मणि अग्रहरि इत्यादि लोग मौजूद रहे।

अचानक एडीएम ने किया जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय का निरीक्षण

मिली खामियां लगाई जमकर फटकार

कार्यालय में अधिकतर बाबू मिले लंबे समय से एक ही पटल पर बने बाबू

एसी में बैठ मजा लेते बाबू को बोला कार्यालय में लूट खसोट मचाने का हो रहा काम...प्रबल सूत्र

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकरनगर। जिला मुख्यालय पर स्थित जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय का निरीक्षण अपर जिला अधिकारी सदानंद गुप्ता ने अचानक सुनील कुमार तिवारी जिला विकास अधिकारी के साथ किया।

प्रबल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कार्यालय परिसर में मौजूद संबंधित पटलो का कार्य भार देख रहे बाबू के ऑफिस का निरीक्षण किया।

बारी बारी बाबूवो से उनके कार्यालय से संबद्ध होने के कार्यकाल के बारे में पूछताछ की। सभी बाबुओं के दफ्तर में ए सी लगा मिला जिसपर नाराज होते हुए बोले कि 2000 ग्रेड पे के कर्मचारी और एसी लगा कर मौज मस्ती चल रही है। बाबुओं को लूट घसोट मचाने के संबोधन के साथ एक एक बाबुओं के पटल कब से उनके पास मौजूद है इसकी जांच पड़ताल कर जानकारी हासिल की जिसमे बड़ी खामियां पाई गई। इसी दौरान सभी बाबुओं को कड़ी फटकार लगाई जब की उक्त कार्यालय में हो रहे भ्रष्टाचार की खबर लगातार समाचार पत्रों में प्रकाशित हो रही थी।

भाजपा नेताओं ने चुनावी समर को फतह करने के लिए विचार विमर्श किया

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर । भाजपा अंबेडकर नगर लोक सभा क्षेत्र में पूरी तरह से चुनावी मोड़ पर आ चुकी है। लगातार भाजपा के पदाधिकारियों का प्रवास पर आ कर चुनाव को गति देना इस बात का प्रमाण है कि इस बार अंबेडकर नगर की लोक सभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की जीत का डंका बजेगा।

बुधवार को जिला मुख्यालय पर पहुंचे लोक सभा चुनाव के प्रदेश सह प्रभारी डाक्टर संजीव चौरसिया ने भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी,लोक सभा प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू,लोक सभा संयोजक अवधेश द्विवेदी की उपस्थिति में लोक सभा कोर कमेटी के सदस्यों से लोक सभा चुनाव के बारे में गहन मंत्रणा करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेताओं से चुनावी समर को फतह करने का महत्वपूर्ण विचार विमर्श किया।

केंद्रीय लोक सभा चुनाव कार्यालय पर लोक सभा और विधान सभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश सह प्रभारी संजीव चौरसिया ने कहा कि बूथ जीता तो चुनाव जीता की योजना रचना पर कार्य किया जाना चाहिए। उन्होंने मण्डल से लेकर बूथ स्तर तक की सांगठनिक रचना पर चर्चा करते हुए कहा

कि बूथ के 20 महत्वपूर्ण करणीय कार्य पूरी निष्ठा से पूरा किया जाए।संगठन की रचना को संरचना में बदलने का कार्य भाजपा कार्यकर्ताओं से करते हुए कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के लिए संघर्ष का परिणाम भी हमारे सामने है। लोक सभा चुनाव देश को सशक्त बनाने और देश के नेतृत्व का चुनाव है।भारत मोदी जी के नेतृत्व में विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बन चुकी है और भारत विश्व गुरु बने यह संकल्प लेकर भाजपा प्रत्याशी को जीत दिलाने का कार्य किया जाना चाहिए।कहा कि दलितों का आरक्षण छीनने का कार्य कांग्रेस ने किया।भाजपा किसी का आरक्षण खत्म नहीं करेगी।भाजपा दलितों, किसानों, युवाओं, महिलाओं को समृद्धिशाली बनाने का कार्य कर रही है। कहा कि कश्मीर से धारा 370 हटने पर बूथ से 370 + मत प्राप्त करना है। 400 पार सीट भाजपा के जीतने की संकल्प को पूरा करना है। उपरोक्त बैठकों की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी और संचालन अवधेश द्विवेदी ने किया। बैठकों और स्वागत में मुख्य रूप से क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित गुप्ता,विधान परिषद सदस्य डाक्टर हरि ओम पाण्डेय,जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा,पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा,डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी,राम प्रकाश यादव,ज्ञान सागर सिंह,शिव नायक वर्मा,रमा शंकर सिंह,लोक सभा सह प्रभारी राम मोहन भारती,चेयर मैन ओमकार गुप्ता,ब्लॉक प्रमुख मौसम वर्मा,डाक्टर राना वीर सिंह,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह मिंटू,भारती सिंह,सुधा वर्मा,पूर्व विधायक त्रिवेणी राम,संजू देवी,विधान सभा प्रभारी मनोज मिश्र,संजय सिंह,देवेंद्र मणि त्रिपाठी,संयोजक आदर्श चौधरी,दान बहादुर सिंह,रमेश चंद्र गुप्ता,अनंत राम मिश्र,डाक्टर राना रणधीर सिंह,डाक्टर रजनीश सिंह,विमलेंद्र प्रताप सिंह,जिला महामंत्री बाबा राम शब्द यादव,अमरेंद्र कांत सिंह,दिलीप पटेल देव, लोक सभा मीडिया संयोजक/जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय,चंद्रिका प्रसाद,विनय पाण्डेय,पंकज वर्मा,सुनील पासवान,अमर नाथ सिंह,कपिल देव तिवारी,मण्डल अध्यक्ष शिव पूजन राजभर,शशि द्विवेदी,अरविंद सिंह डिंपू,पंकज प्रजापति,धीरेंद्र प्रताप सिंह,बजरंगी पाठक,अनिल मिश्र, राकेश गुप्ता, राकेश सिंह आदि शामिल रहे।

22 ट्रैफिक कर्मी गए गैर जनपद, यातायात पर असर

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। चुनाव व वीआईपी ड्यूटी में ट्रैफिक कर्मियों की ड्यूटी लगाए जाने से यातायात प्रबंधों को लेकर चुनौती खड़ी हो गई है। कुल 49 ट्रैफिक कर्मियों से 22 को अलग9अलग स्थानों में ड्यूटी पर जिले से बाहर जाना पड़ा है। इससे जिला मुख्यालय समेत अन्य शहरी क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने को लेकर कठिनाई सामने आ रही है।जिला मुख्यालय समेत टांडा, बसखारी व जलालपुर नगर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए कुल 49 ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की तैनाती है। यातायात का दबाव बढ़ने के साथ ही ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की संख्या में भी पिछले कुछ वर्षों में बढ़ोत्तरी हुई है। इसका सकारात्मक असर भी होता आया है। हालांकि अब चुनाव व वीआईपी ड्यूटी ने इस व्यवस्था को प्रभावित किया है।एक टीएसआई व आठ सिपाही एक दिन पहले सोमवार को वीआईपी ड्यूटी के लिए बरेली चले गए। एक टीएसआई व आठ सिपाहियों को अयोध्या ड्यूटी के लिए भेजा गया है। चार सिपाही चुनाव ड्यूटी के लिए बिजनौर रवाना हो चुके हैं। नतीजा यह है कि न सिर्फ अकबरपुर वरन अन्य शहरी क्षेत्रों में भी यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में कठिनाई खड़ी हो रही है। माना जा रहा कि अभी आने वाले दिनों में अन्य सिपाहियों को भी गैर जनपद की ड्यूटी में भेजा जा सकता है। इससे सबसे ज्यादा असर अकबरपुर नगर की यातायात व्यवस्था पर दिखेगा। यातायात प्रभारी जयबहादुर यादव ने कहा कि यातायात व्यवस्था प्रभावित नहीं हो रही है। अतिरिक्त प्रबंधों के जरिए व्यवस्था सुचारु बनाए रखा जा रहा है।

थाना मालीपुर पुलिस टीम द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित बाल अपचारी को किया गया गिरफ्तार

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर।जनपद पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मालीपुर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 99/2024 धारा-363, 366, 376, 506 भादवि व 3/4 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित एक नफर बाल अपचारी को मुखबिर खास की सूचना पर खजुरी टैम्पो स्टेण्ड के पास से समय करीब 9.05 बजे अभिरक्षा में लिया गया । बाल अपचारी उपरोक्त को सम्बन्धित न्यायालय भेजा गया ।

ब्लड की कमी को देखते हुए राकेश विश्वकर्मा ने किया रक्तदान

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। समाजसेवी बरकत अली के आवाहन पर राकेश विश्वकर्मा ग्राम शहराजा पोस्ट माहुल जिला आजमगढ़ ने समाजसेवी बरकत अली से संपर्क करके जिला अस्पताल अकबरपुर में ब्लड की कमी को देखते हुए रक्तदान करने की इच्छा जाहिर किया समाजसेवी बरकत अली ने राकेश विश्वकर्मा को

जिला अस्पताल अकबरपुर ब्लड बैंक में रक्तदान करवाया और लोगों से आग्रा भी किया कि ज्यादा से ज्यादा लोग रक्तदान करें ताकि किसी जरूरतमंद का जीवन बच सके लगातार आज तीसरा दिन है लोग स्वयं रक्तदान कर रहे हैं और रक्तदान करने के बाद लोगों से अपील भी कह रहे हैं कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग रक्तदान करें ताकि किसी भी व्यक्ति की जान ब्लड के वजह से न जाए।

पत्रकार को पितृ शोक

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अयोध्या ।जिले के गोशाईगंज के निवासी पत्रकार कपिल देव जी के पिता जी का गम्भीर बीमारी से निधन। कपिल देव जी ने बताया कि रविवार की सुबह 10 बजे के आसपास उनके पिता जी जटाशंकर जी का उनके पैतृक निवास इलफातगंज टांडा पर लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उन्होंने बताया कि उनकी उम्र 85 वर्ष के लगभग थी। विभिन्न पत्रकार संगठनों द्वारा निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया व ईश्वर से प्रार्थना की है कि पत्रकार कपिल देव सहित शोकाकुल परिजनों एवम शुभ चिंतकों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

राष्ट्रीय दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

जिला अस्पताल के सामने संचालित फर्जी एक्स-रे,ईसीजी सेंटर का कौन मास्टरमाइंड

फर्जी केंद्र और अयोग्य व्यक्ति के द्वारा दी जा रही चिकित्सीय सेवाएं,स्वास्थ्य अमला लाचार

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान विनोद कुमार

पांडे अनूपपुर

अनूपपुर/जिले भर में इन दिनों जगह जगह कुकुरमुत्ता की तरह अवैध तरीके से फर्जी चिकित्सकीय कार्य संचालित हो रहे हैं चाहे वह क्लिनिक हो एक्स-रे सेंटर हो अथवा पैथोलॉजी लैब इनके ना तो किसी प्रकार का रजिस्ट्रेशन का पता ना डिग्री डिप्लोमा का पता फिर भी लोग बाग खुलेआम अपने अवैध फर्जी तरीके से संचालित दुकान में बैठकर संबंधित कार्य को अंजाम देने में नहीं चूक रहे हैं और स्वास्थ्य अमला मूक दर्शक बनकर बिना जांच किए इन्हें संरक्षित कर रखा है।

जिला अस्पताल के सामने संचालित हो रहा अवैध एक्सरे ईसीजी सेन्टर

जिला अस्पताल अनूपपुर के सामने कई वर्षों से देखा जा रहा है कि मां शारदा डिजिटल एक्स-रे एवं ईसीजी सेन्टर के नाम से लगातार संचालित हो रहा है जिसमें प्रोपराइटर का नाम राजीव द्विवेदी लिखा हुआ है बताया जा रहा है यह व्यक्ति बुढार का है जो इसी नाम से अपना उक्त दुकान निवास शहर में भी संचालित करके रखा गया है। सूचना के अधिकार के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला अनूपपुर के यहां से प्राप्त जानकारी के अनुसार अनूपपुर जिला मुख्यालय में कोई भी एक्स-रे सेंटर वैद्य नहीं बताया गया है फिर भी खुले आम धड़ल्ले से इस तरह के फर्जी डिजिटल एक्स-रे और ईसीजी सेन्टर के नाम से मेडिकल के अवैध व्यापार को अंजाम दिया जा रहा है और स्वास्थ्य अमला इससे अनजान बनकर बैठा है या यू कहा जाए इन्हें यह स्वयं संरक्षण देकर कार्य कराया जा रहा है। एक जानकारी और प्राप्त हुई है कि जो मां शारदा डिजिटल एक्स-रे ईसीजी सेंटर का प्रोपराइटर है उसके नाम पर एक क्लीनिक के नाम से सीएमएचओ ऑफिस में रजिस्ट्रेशन है परंतु उक्त प्रोपराइटर के नाम से ऐसा कोई डिजिटल एक्सरे सेंटर का जिक्र नहीं पाया गया है अथवा यह माना जा सकता है कि उक्त केंद्र पूर्ण तरीके से अनलीगल है और सबसे प्रमुख बात तो यह है कि एक ही रजिस्ट्रेशन पर दो स्थानों पर व्यापार नहीं किया जा सकता जबकि इनका बुढ़ार में उक्त नाम पर पूर्व से केंद्र संचालित होना बताया जा रहा है और इसी आड़ में इनके द्वारा अनूपपुर में भी संचालन करके रखा गया है और स्वास्थ्य विभाग के आंखों में धूल झोंक कर राजीव द्विवेदी के नाम पर क्लिनिक रजिस्ट्रेशन करके एक्सरे और ईसीजी सेंटर का अवैध संचालन किया जा रहा है। प्रमुख बात यह है कि उक्त फर्जी केंद्र संचालन में आखिर कौन है मास्टरमाइंड राजीव द्विवेदी को आखिर किसने दिया संरक्षण जो खुलेआम कई वर्षों से अवैध तरीके से लोगों को लूटने का काम कर रहा है।

प्रोपराइटर का भाई करता है संचालन

मां शारदा डिजिटल एक्स-रे ईसीजी सेंटर पर पहुंचने पर एक बड़ा खुलासा यह हुआ कि डिग्री डिप्लोमा के अभाव में केंद्र के प्रोपराइटर राजीव द्विवेदी नाम के व्यक्ति का भाई उक्त केंद्र का संचालन करता है और जवाब तलब किए जाने पर अपने भाई का पता नहीं कौन सा फोटो कॉपी वाला डिप्लोमा डिग्री दिखाया जाता है सोचने वाली बात है कि फर्जी सेंटर ऊपर से अयोग्य व्यक्ति का संचालन किया जाना किस तरह से आखिर लोगों को उपयुक्त तरीके से डिजिटल एक्सरे और ईसीजी का रिपोर्ट प्राप्त होता होगा यह माना जाए कि उनके द्वारा जनमानस को ठगने का कार्य किया जा रहा है और प्रशासन को चूना लगाने का काम किया जा रहा है इन अवैध सेन्टर के पास ना तो राज्य सरकार से रजिस्ट्रेशन है और ना ही जिला स्तर पर सीएमएचओ ऑफिस में किसी प्रकार का दस्तावेज जमा है और ना ही रजिस्ट्रेशन हेतु अनुमति ली गई है।जिस पर शासन प्रशासन को ध्यान देकर इस तरह के जिले भर में संचालित अवैध और फर्जी सेंटरों में कार्यवाही करते हुए एफआईआर दर्ज कर दंडात्मक कार्यवाही करते हुए दुकानों को सील करने की आवश्यकता है।

इनका कहना है

हमारे द्वारा उनको नोटिस जारी की जा रही है अगर उनके पास केंद्र संचालन के संबंध में डिग्री डिप्लोमा है तो वह रजिस्ट्रेशन हेतु तत्काल अप्लाई करें अन्यथा 15 दिवस बाद सील कर दी जायेगी।

डा.ए.के.अवधिया
सीएमएचओ जिला अनूपपुर

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सामग्री वितरण केन्द्र की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया

मतदान सामग्री लेकर पोलिंग पार्टियां कल होगीं रवाना

जीपीएस सिस्टम से लैस रहेगा बसें

जिला निर्वाचन अधिकारी ने पूर्ण रूप से व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

सुरेंद्र पटेरिया केसरिया

हिंदुस्तान छत्तरपुर

मो.7509091263

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत छतरपुर जिले में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है। जिले में निर्वाचन संबंधी सम्पूर्ण तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। बुधवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. ने एसपी अगम जैन के साथ शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 01 छतरपुर में बनाए गए मतदान सामग्री वितरण केन्द्र की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जी.आर. ने सुरक्षात्मक व्यवस्था पुख्ता रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान दलों को सामग्री प्राप्त करने और जमा करने में कोई समस्या न हो। साथ ही पेयजल, छाया, मेडिकल किट इत्यादि व्यवस्था रहे। साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर काजोल सिंह सहित सभी एआरओ उपस्थित रहे। जिले में कुल 1430356 मतदाता हैं, जिनमें महिला 760145 एवं 670191 और 20 ट्रांस्जेंडर मतदाता है। जिले में 1589 मतदान केन्द्र (इस बार छतरपुर विधानसभा में दो एवं राजनगर में एक मतदान केन्द्र को बढ़ाया गया है) बनाए गए हैं। जिनके लिए 1589 पोलिंग पार्टी नियुक्ति की गई हैं जिसमें 159 पोलिंग पार्टी को रिजर्व रखा गया है। जिनमें संपूर्ण मतदान केन्द्रों के लिए कुल रिजर्व सहित 2082 महिला एवं 4910 पुरूषकर्मियों (कुल संख्या 6992 है) को लगाया गया है।

इस बार 165 पूर्ण महिला मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। 6 सुगम, 1 यूथ मतदान केन्द्र बनाए गए हैं और अन्य केन्द्र में दो महिला एवं पुरूष पोलिंग पार्टी में रहेगें। जिले के जनपद क्षेत्रों में 13 आदर्श उत्कृष्ट मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। जिले में कुल 149 सेक्टर है। प्रत्येक सेक्टर स्तर पर एम्बुलेंस मेडिकल टीम इत्यादि की व्यवस्था रहेगी। चुनाव सम्पन्न कराने प्रत्येक बूथ पर पुलिस बल के अलावा अन्य कर्मचारियों को विशेष पुलिस अधिकारी (सैनिक, आबकारी उप निरीक्षक, सिपाही, कोटवार, चौकीदार, हेल्पर, ऊर्जा विभाग के कर्मी, खल्लासी सहित महिला एवं बाल विकास विभाग का अमला शामिल रह सकता है) के रूप नियुक्त किया गया है। 60 प्रतिशत मतदान केन्द्रों पर वेबकास्टिंग की सुविधा रहेगी। इसी में 15 प्रतिशत में अंदर और बाहर कैमरों से निगरानी रखी जाएगी। जिले में 356 क्रिटिकल एवं 48 वल्नरेबल मतदान केन्द्र है।

*लोकसभा निर्वाचन अधिकारी अंतर्गत सामग्री वितरण प्लान

जिले की सभी छः विधानसभा के मतदान केन्द्रों के लिए 25 अप्रैल को मतदान दल बसों के माध्यम से रवाना होगा। जिसमें के लिए पार्किंग स्थल चिन्हित किए गए है। बिजावर और बड़ामलहरा विधानसभा में जाने वाली बसें मेला ग्राउण्ड, राजनगर की बसें पुलिस लाइन ग्राउण्ड, छतरपुर और चंदला की बसें हॉकी ग्राउण्ड और महाराजपुर विधानसभा के मतदान केन्द्रों पर जाने वाली पोलिंग पार्टियों की बसें उत्कृष्ट मा.वि. क्रमांक 02 में खड़ी रहेंगी। वापसी में सभी बसें सामाग्री वितरण केन्द्र के बाहर क्रमानुसार रुकेंगी। सामग्री वितरण के लिए विधानसभा स्तर पर 16-16 काउण्टर बनाएं गए है। महाराजपुर विधानसभा की सामग्री वितरण शा. उत्कृष्ट वि क्र. 02 से एवं अन्य सभी का शा. उत्कृष्ट वि क्र 01 से होगा। प्रत्येक काउण्टर से 20 मतदान केन्द्रों की सामग्री का वितरण किया जाएगा। साथ ही सुविधा की दृष्टिगत विधानसभा स्तर पर कलर कोड निर्धारित किए गए हैं। महाराजपुर के लिए हरा रंग, चंदला के लिए पीला, राजनगर के लिए नीला, छतरपुर के लिए गुलाबी, बिजावर के लिए आसमानी एवं मलहरा के लिए लाल रंग को निर्धारित किया गया है। जिसमें विधानसभाओं में जाने वाले मतदान दलों से संबंधित बैनर इत्यादि चीजें एक कलर की होंगी। पोलिंग पार्टियों को मय ईवीएम मशीनों के साथ जिन बसों से रवाना होगीं सभी बसें जीपीएम सिस्टम से लैस रहेंगी। जिसकी मॉनिटरिंग कलेक्ट्रेट से की जाएगी। सेक्टर अधिकारियों के लिए अलग से काउण्टर लगेगा और इनके वाहनों (जीपीएस लैश) की पार्किंग महाराजा छत्रसाल बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय के परिसर में रहेगी। गर्मी के दिनों को देखते हुए सामग्री वितरण केन्द्र पर मेडिकल टीम, कूलर एवं पेयजल इत्यादि की व्यवस्था की जाएगी।

सामग्री वितरण का समय निर्धारित

जिले की विधानसभाओं के लिए मतदान सामग्री वितरण का समय निर्धारित किया गया है।विधानसभा क्षेत्र चंदला, बिजावर एवं मलहरा के लिए सुबह 8 बजे सामग्री का वितरण होगा और छतरपुर, राजनगर एवं महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए सामग्री वितरण सुबह 10 बजे से की जाएगी। मतदान दलों के लिए पार्किंग स्थल पर खड़ी बसों के पास पहुंचने के लिए (जो ज्यादा दूरी पर है) भी जीपीएस लगे हुई बसों की व्यवस्था रहेगी।

सामग्री वितरण एवं वापसी के समय केन्टीन की रहेगी सुविधा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. के निर्देशन में 25 एवं 26 अप्रैल को लोकसभा निर्वाचन 2024 में सामग्री वितरण एवं वापसी के समय अधिकारी एवं कर्मचारियों की सुविधा के दृष्टिगत चाय, नाश्ता, पानी, भोजन इत्यादि की व्यवस्था के लिए केन्टीन लगाई जाएगी। उक्त स्थल पर धूम्रपान, गुटखा इत्यादि सामग्री का विक्रय नहीं होगा।

पुलिस अधीक्षक छतरपुर द्वारा लोकसभा निर्वाचन शांति , निर्विघ्न एवं सकुशल संपन्न हेतु किया गया जिले में भ्रमण, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था का किया गया निरीक्षण

सुरेंद्र पटेरिया केसरिया हिंदुस्तान छत्तरपुर

मो.7509091263

क्रिटिकल मतदान केंद्र एवं वल्नरेबल क्षेत्र का भ्रमण करते हुए आम जनमानस में सुरक्षित परिवेश एवं भय मुक्त मतदान हेतु कराया एहसास

निर्वाचन ड्यूटी में पुलिस की भागीदारी में आए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के साथ एरिया डोमिनेशन करते हुए बल के ठहराव स्थल में भ्रमण करते हुए गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक सामग्री की भी करवाई जा रही व्यवस्था

लोकसभा निर्वाचन मतदान क्षेत्र में निर्विघ्न मतदान संपन्न करवाने हेतु पुलिस अधीक्षक छतरपुर श्री अगम जैन ने समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारी को क्षेत्र में निरंतर एरिया डोमिनेशन एवं क्षेत्रीय नागरिकों को भय मुक्त मतदान करने एवं शांति व्यवस्था बरकरार रखने हेतु निर्देशित किया गया है साथ ही निर्वाचन ड्यूटी में भागीदारी में आए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल एवं ड्यूटी अन्य संबंधित विभाग के बल के ठहराव स्थल की उचित प्रबंध के साथ आवश्यक सुविधाओं हेतु भी निर्देशित किया गया था।

पुलिस अधीक्षक छतरपुर श्री अगम जैन द्वारा थाना नौगांव एवं थाना बिजावर क्षेत्र में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। पुलिस अधिकारियों के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण करते हुए भ्रमण किया गया।

थाना नौगांव एवं थाना बिजावर क्षेत्र में बल के साथ एरिया डोमिनेशन करते हुए नगरीय एवं ग्रामीण स्तर पर रह रहे नागरिकों से जन संवाद स्थापित कर भय मुक्त मतदान करने एवं सुरक्षित परिवेश होने का एहसास करवाया गया।

इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक छतरपुर द्वारा थाना नौगांव एवं थाना बिजावर क्षेत्र में निर्वाचन ड्यूटी में आए केंद्रीय सशस्त्र बल के ठहराव स्थल के परिसर एवं बैरक तथा उपलब्ध आवश्यक सुविधाओं का भी निरीक्षण किया गया।

ठहराव स्थल में पेय जल, अन्य आवश्यक क्रिया हेतु जल की व्यवस्था, भवन, गर्मी के मौसम में कूलर पंखों की व्यवस्था, बिस्तर एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। साथ ही ड्यूटी में आए बल से संवाद स्थापित कर अन्य आवश्यकताओं के बारे में पूछ कर संबंधित पुलिस अधिकारी को तत्काल व्यवस्था हेतु निर्देशित कर व्यवस्था करवाई गई।

गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हु? ड्यूटी मे लगे बल को प्राथमिक उपचार हेतु आवश्यक औषधि, नींबू, पुदीना, इलेक्ट्रोल, ग्लूकोन-डी एवं ओ आर एस पाउडर एवं अन्य सामग्री की व्यवस्था की गई।

10वीं 12वीं रिजल्टः ताल की देशना जैन जिले में टॉपर 500 में से 480 अंक, आलोट की जय शर्मा 436 अंक लाकर दसवीं में दूसरे स्थान पर

रिपोर्टर - दिनेश शुक्ला। आलोट।एमपी बोर्ड 10वीं, 12वीं रिजल्ट 2024 की घोषणा का इंतजार कर रहे लाखों स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन निर्णायक हो गया है। अव्वल नंबर से पास हुए छात्रों की रिजल्ट जारी होते ही खुशियों का दौर शुरू हो गया। ताल महावीर विद्यालय की छात्रा जिले में टॉपर। महावीर विद्यालय में दसवीं की क्लास में पढ़ने वाली देशना जैन जिले में टॉपर रही है, देशना ने सर्वाधिक 500 अंक मे से 480 अंक हासिल किए हैं। देशना का रिजल्ट प्रतिशत भी 96 रहा है। आलोट की टॉपर जय शर्मा। आलोट विकासखंड की रहने वाली जय शर्मा दसवीं क्लास में आलोट क्षेत्र से टॉपर रही है। जया मे 500 436 अंक हासिल किए हैं, जय शर्मा का रिजल्ट प्रतिशत 87.2 रहा है। वही चेतली प्रवीण शर्मा 86.00 अंक प्राप्त किये। स्थानीय विद्यालय श्री राजेश्वर पब्लिक स्कूल धरोला आलोट सफल विद्यार्थियों को लेकर बच्चो तथा स्टाफ में हर्ष व्याप्त । वर्ष 2023-24 की 10 वी बोर्ड में सिया पांचाल (81.60त्न) प्रथम स्थान , इशिका पुरोहित (79.80त्न) द्वितीय स्थान , गर्व वेद (79त्न) तृतीय स्थान, जया चौहान (78.80त्न) चतुर्थ स्थान, यामिनी वेद (77.60त्न) ने पंचम स्थान प्राप्त किया । इसी के साथ 10 वी बोर्ड में विद्यालय का परिणाम 89त्न रहा ।

विद्यालय परिवार ने सभी बच्चो को उत्कृष्ठ परिणाम के लिए बधाईयां प्रेषित की।

विशाल मानव श्रृंखला बनाकर मतदान के लिए किया गया प्रेरित

लगभग 4000 छात्र-छाओं एवं शासकीय सेवकों ने बनाई पौने तीन किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला

हाथों में मतदाता जागरूकता प्ले-कार्ड, बैनर, फ्लैक्स लेकर दिया मतदान करने का संदेश

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिलाई मतदान की शपथ

जिला सीहोर भेरुदा /पत्रकार दिनेश चौरसिया

सीहोर। लोकसभा चुनाव को लोकतंत्र के महापर्व के रूप में पूरे जिले में मनाने के लिए विशाल मानव श्रृंखला बनाई गई। मानव श्रृंखला के माध्यम से अधिक से अधिक मतदान कर सीहोर को नम्बर वन बनाने के लिए मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। लगभग 4000 से अधिक छात्र-छात्राओं, शासकीय सेवकों तथा स्वसहायता समूह की महिलाओं ने पौने तीन किलो मीटर लम्बी मानव श्रृंखला बनाई। मानव श्रृंखला के निर्माण के बाद कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं को मतदान करने की शपथ दिलाई।

विशाल मानव श्रृंखला के लिए सुबह 8.30 बजे से स्कूली बच्चे मतदान के लिए प्रेरित करने वाले संदेश लिखी तख्तियाँ, बैनर, पोस्टर हाथ में लेकर परे उत्साह और उमंग के साथ लोकतंत्र के इस पर्व में सहभागी बनने के लिए नगर के निर्धारित 11 स्थानों पर उपस्थित हुए। एक दूसरे का हाथ पकड़कर मानव श्रृखला बनाई गई और सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो.....अपनी ताकत को पहचान कर चलो करें मतदान करों....सबका यह अरमान है, करना अब मतदान है.....लोकतंत्र हो तभी महान, जहां करें सभी मतदान...वोट करेगा सीहोर, सबको मतदान करना है, सीहोर को नंबर वन बनाना है....आदि नारे लगाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण सिंह रंगबिरंगे गुब्बारे आसामन में छोड़कर इस मानव श्रृंखला का शुभारंभ किया। कलेक्टर श्री सिंह के साथ ही एसपी श्री मयंक अवस्थी, जिला पंचायत सीईओ श्री आशीष तिवारी, सहायक कलेक्टर श्री अर्पित गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर श्री नितिन टाले एवं एसडीएम श्री तन्मय वर्मा सहित अनेक विभागों के जिला अधिकारी शामिल हुए। वृहद मानव श्रृंखला के इस आयोजन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी श्री संजय तोमर को नोडल अधिकारी बनाया गया था।

दौड़ने के बाद पैरों में होता है दर्द तो इन छह उपायों से पाएं आराम

कई बार जॉगिंग करने के बाद पैरों की पिंडलियों में इतना अधिक जकड़न और ऐंठन महसूस होने लगता है और इसकी वजह से सीढ़ियां उतने और चढ़ने में भी मुसीबत बन जाता है. यह समस?या उन लोगों को भी होती है जो नया नया लेग एक?सरसाइज करना शुरू किए हैं और जिम जा रहे हैं. ऐसे में पैर की पिं?डलियों के मसल?स टाइट हो जाते हैं और लगातार क्रैंप जैसा दर्द भी होने लगता है. आइए आज हम आपको बताते हैं कि आप पिंडलियों में होने वाले दर्द से आराम पाने के लिए कौन सा घरेलू उपाय कर सकते हैं.

इस तरह करें पिंडलियों के दर्द को ठीक

पहले वार्मअप जरूरी- अगर आप नया नया दौड़ना शुरू किए हैं तो इस तरह के दर्द से बचने के लिए वार्मअप जरूर करें. इसके अलावा दौर की शुरुआत धीमी गति से करें और जब बॉडी गर्म हो जाए तब ही व?यायाम करें.

हाइड्रेशन जरूरी- अपने शरीर को हाइड्रेट रखें क्योंकि डिहाइड्रेशन के कारण भी मसल?स में क्रैंप और ऐठन जैसी समस?या होने लगती है.

आइस पैक का सेक- मासंपेशियों में दर्द होने पर आप पैरों का सीधा कर बैठ जाएं और आईस पैक की मदद से 15 मिनट तक सेक लगाएं. इसके बाद अच?छी तरह से तेल मालिश कर लें.

अच्छे जूतों का करें प्रयोग- पैर की पिंडलियों को चोट से बचाने के लिए आप सही साइज के जूते और स्पोर्ट्स वेयर पहनें. ऐसा करने से पैरों पर अतिरिक?त दबाव नहीं पड़ता और आप बिना दर्द के दौर सकते हैं.

पैरों को उठाकर रखें- सूजन और दर्द को कम करने के लिए आप अपने पैर को सोते समय कुछ देर के लिए ऊपर की ओर दीवार के सहारे रखें. इससे आपको बेहतर महसूस होगा.

एक्सरसाइज से करें ठीक- पिंडलियों के दर्द को ठीक करने के लिए आप सिंगल लेग स्क्वाट, पिंडलियों को उठाना, पिंडलियों का स?ट्रेचिंग, जंपिंग जैक जैसे व?यायाम करें. अधिक दर्द होने पर आप डॉक?टर की सलाह ले सकते हैं.

आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए अपनाएं ये पांच प्राकृतिक तरीके

कोरोना काल में लोगों का स्क्रीन टाइम काफी अधिक बढ़ गया है. वर्क फ्रॉम होम कल्चर के कारण जिस काम को लोग ऑफिस में 9-10 घंटे में निपटा दिया करते थे, वही काम अब 13-14 घंटे में पूरा हो रहा है. इसके अलावा, घर से बाहर अधिक ना जाने के कारण भी लोगों का खाली समय मोबाइल, टीवी देखने में ही अधिक बीतता है. इन आदतों का सबसे बुरा असर आंखों की सेहत पर पड़ा है. अधिकतर लोगों को आज आंखों में जलन, धुंधला दिखाई देना, आंखों से पानी आना, आंखों की रोशनी कमजोर होना जैसी समस्याएं परेशान करने लगी हैं. चाहते हैं आपकी आंखें और अधिक खराब ना हों, आंखों की कोई बीमारी ना हो, तो आज से ही शुरू कर दें आंखों को स्वस्थ रखने और आंखों की रोशनी को बेहतर बनाए रखने के ये उपाय.

करें पामिंग एक्सरसाइज- ओन्लीमाईहेल्थ में छपी एक रिपोर्ट के अनुसार, पामिंग एक्सरसाइज करने से आंखों की रोशनी बढ़ती है. इससे आंखें रिलैक्स होती हैं. थकान दूर होता है. पामिंग एक्सरसाइज करने के लिए अपनी दोनों हथेलियों को एक साथ मिलाकर रगड़ें और इसे आंखों पर कुछ सेकेंड के लिए रखें. ऐसा 5-7 बार करें. आंखों की सारी थकान दूर हो जाएगी.

आंखों को गोल-गोल घुमाएं- घंटों मोबाइल देखकर या लैपटॉप पर काम करते-करते आंखें थक जाएं, तो काम से ब्रेक लें. अपनी आंखों को गोलाई में घुमाने की कोशिश करें. क्लॉकवाइज और एंटी-क्लॉकवाइज डाइरेक्शन में कम से कम 5 बार आंखों को घुमाएं. दिन भर में दो बार ऐसा करें, आंखों की रोशनी बढ़ेगी, आंखें रहेंगी लंबी उम्र तक स्वस्थ.

पलकें झपकाएं- बीच-बीच में पलकें झपकाने से भी आंखों से स्ट्रेस और स्ट्रेन दूर होता है. अपनी आंखों को 2 सेकेंड के लिए बंद करें, फिर खोलें और 5 सेकेंड के लिए लगातार पलकें झपकाएं. इसे कम से कम 5-7 बार दोहराएं. ऐसा करने से आंखों की सारी थकान और आंखें लाल होने की समस्या दूर हो जाएगी.

20-20-20 रूल करें फॉलो- यह एक बेहद ही आसान और आंखों को हेल्दी रखने का ट्रेंडी तरीका है. आंखों के स्पेशलिस्ट भी इसे करने की सलाह देते हैं. इस 20-20-20 रूल में आपको बस इतना करना है कि लैपटॉप पर काम करने के दौरान हर 20 मिनट के गैप में ब्रेक लेते हुए 20 सेकंड के लिए किसी ऐसी वस्तु को देखें, जो आपसे कम से कम 20 फीट दूर हो. इस एक्सरसाइज से आंखों की रोशनी तेज करने में मदद मिलती है.

लें हेल्दी डाइट- वेबएमडीमें छपी एक रिपोर्ट के अनुसार, आंखें तभी स्वस्थ रहेंगी, जब आपकी थाली में हेल्दी और पौष्टिक चीजें शामिल होंगी. न्यूट्रिएंट्स जैसे ओमेगा-3 फैटी एसिड्स, जिंक, विटामिन सी, ई से भरपूर चीजों के सेवन से उम्र बढ़ने के कारण आंखों की दृष्टि कमजोर होने की समस्या जैसे मैकुलर डिजनरेशन, मोतियाबिंद से काफी हद तक बचा जा सकता है. ऐसे में कुछ फूड्स जैसे हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक, केल, ऑयली फिश जैसे टूना, सैल्मन, अंडा, नट्स, बींस, नॉनमीट प्रोटीन फूड सोर्सेज, खट्टे फल या जूस जैसे नींबू, संतरा आदि को प्रतिदिन डाइट में शामिल करना चाहिए. एक संतुलित आहार आंखों को लंबी उम्र तक स्वस्थ रखने के लिए बहुत जरूरी है. इसके साथ ही अनहेल्दी हैबिट्स जैसे स्मोकिंग, एल्कोहल का सेवन भी सीमित मात्रा में करना चाहिए. डॉक्टर के पास लगातार आंखों का परीक्षण कराने जाएं. आजकल बच्चों की आंखें जल्द खराब हो जाती हैं, ऐसे में उनका भी रेगुलर आई चेकअप करवाना जरूरी है.

स्विमिंग ही नहीं, एडवेंचरस एक्टिविटीज भी करना पसंद करती हैं नरगिस फाखरी

मुंबई. नरगिस फाखरी एक एडवेंचरस सीकर हैं और वाटर स्पोर्ट्स के प्रति उनका प्रेम इसका प्रमाण है. %रॉकस्टार% गर्ल, जिसने वॉटर-बेबी होने की बात स्वीकार की है, ने कहा कि वह सेलिंग, पैडल बोर्डिंग, कायाकिंग और जेट स्कीइंग जैसी कुछ सबसे मजेदार वॉटर-बेस्ड एक्टिविटीज में शामिल होना पसंद करती है. एडवेंचरस स्पोर्ट्स में शामिल होने के अलावा, एक्ट्रेस को अपने आस-पास के शांत और शानदार व्यू का आनंद लेने के लिए अपनी भागदौड़ भरी जिंदगी से ब्रेक लेना पसंद है. एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि अपने वेकेशन या मी-टाइम बिताने का उनका आइडियल तरीका डेक पर बैठना, पानी को निहारना, शांति का आनंद लेना और अच्छा खाना खाना है.

एक्ट्रेस ने यह भी खुलासा किया कि हालांकि उन्हें स्नॉर्कलिंग पसंद है, लेकिन वह स्कूबा डाइविंग के अपने पहले प्रयास में असफल रहीं, जिसे वह एक बार फिर से आजमाना चाहती हैं. उन्होंने याद किया कि उनके पहले स्कूबा डाइविंग अनुभव ने उन्हें भयभीत कर दिया था क्योंकि वह पानी के नीचे कई जीवों को देखने के बाद ÷घबरा÷ गई थी.उन्होंने आगे कहा कि उन्हें वेकबोर्डिंग, क्लैमिंग और मछली पकड़ने का भी आनंद मिलता है. अपने ÷सुपर फन÷ क्लैमिंग अनुभव के बारे में बात करते हुए, नरगिस ने एक इंटरव्यू में कहा, ÷मैंने पहली बार अबू धाबी में ऐसा किया था. तो, मैं अपनी बोट से रेत पर उतरें. पानी मेरे घुटने के ठीक ऊपर है. मैंने क्लैम के लिए रेत खोदी. मैं ताजा मछली लेकर घर गयी और मैंने क्लैम से पास्ता बनाया. इस बीच, काम के मोर्चे पर, नरगिस फाखरी को आखिरी बार टटलूबाज़ में देखा गया था. उनके पास पाइपलाइन में कई प्रोजेक्ट्स हैं, जिनकी घोषणा वह इस साल के अंत में करेंगी.

स्नेहा वाघ का श्री हनुमान से डिवाइन कनेक्शन

मुंबई. स्नेहा वाघ अपने करियर में अब तक निभाए गए किरदारों को लेकर हमेशा खुद को गौरवान्वित महसूस करती हैं. लेकिन उनका अपने शो %कहत हनुमान जय श्री राम% से भी बेहद खास कनेक्शन है क्योंकि इसमें उन्हें श्री हनुमान की मां अंजनी का किरदार निभाने का मौका मिला था.

हाल ही में, स्नेहा वाघ को अपनी पुरानी प्रोडक्शन टीम के व्यक्ति ने राजस्थान के मेहंदीपुर बालाजी मंदिर का एक वीडियो भेजा, जिसने उन्हें कई भावनाओं से भर दिया. प्रोडक्शन के व्यक्ति ने उन्हें बताया कि जो लोग लाइन में मंदिर आ रहे थे, वे शो %कहत हनुमान जय श्री राम% के बाल हनुमान के साथ उनकी पेंटिंग के पास शीश झुका रहे थे और प्रार्थना कर रहे थे.

इस पवित्र परिस्थिति पर अपने विचार साझा करते हुए, स्नेहा वाघ ने कहा, ÷मैं आश्चर्यचकित और मंत्रमुग्ध थी और एक ही बार में बहुत कुछ सोच रही थी. मैंने इस तरह के स्वर्ग समान और गौरवशाली मंदिर में खुदको ऐसे देखने की उम्मीद नहीं की थी - वह मेहंदीपुर का बालाजी मंदिर है! मुझे लगता है इसने मुझे ईश्वरीय सर्वोच्चता के एक कदम और करीब ला दिया है.÷

स्नेहा वाघ वास्तविक जीवन में बहुत आध्यात्मिक व्यक्ति हैं. उसे भारतीय पौराणिक कथाओं के बारे में पढ़ना और हमारे आध्यात्मिक स्थानों पर जाना बहुत पसंद है.

÷अंजनी देवी का किरदार निभाना, जो इंद्रलोक की एक हुई अप्सरा थी, जिसने बाद में महादेव के प्रति अपनी अपार भक्ति के कारण श्री हनुमानजी को जन्म दिया! यह भूमिका मेरे दिल के बहुत करीब थी. इस दिव्य स्त्री शक्ति के रूप में खुदको ढालने के लिए मुझे बहुत सारी कठिनाइयों से गुजरना पड़ा लेकिन दुर्भाग्यवश, कोविड आ गया और जिससे शो में बाधा उत्पन्न हुई, काश हम शो जारी रख पाते क्योंकि इसमें बहुत संभावनाएं थीं,÷ स्नेहा वाघ ने %कहत हनुमान जय श्री राम% शो के साथ अपने एसोसिएशन के बारे में बात करते हुए और अपनी यादें साझा करते हुए कहा 7

जैसे-जैसे बड़ी हो रही हूं, मैं ग्लैमरस होने की सोच से मुक्त हो रही हूः लारा दत्ता

एक्ट्रेस और मिस यूनिवर्स रह चुकीं लारा दत्ता अपनी अपकमिंग वेब सीरीज %रणनीति- बालाकोट एंड बियॉन्ड% के लिए तैयारी कर रही हैं। उन्होंने कहा कि उम्र के साथ-साथ वह ग्लैमरस की सोच से भी मुक्त हो रही हैं। ग्लैमरस दिखने के बजाय, उनका लक्ष्य उन किरदारों पर फोकस करना है जो ऑडियंस के दिलों में जगह बनाते हैं।

एक्ट्रेस ने साइकोलॉजिकल क्राइम थीम पर काम करने की इच्छा जाहिर करते हुए कहा कि वह बिना किसी हिचकिचाहट के नेगेटिव कैरेक्टर को आसानी से निभा सकती हैं। लारा ने कहा, ÷जैसे-जैसे मैं बड़ी हो रही हूं, मैं ग्लैमरस होने या सिर्फ एक बड़े खिताब को पाने के रूप में देखे जाने के सोच से मुक्त हो रही हूं। इसके बजाय, मैं उस तरह के काम पर ध्यान दे रही हूं, जो मैं कुछ समय से करना चाहती हूं। आजकल महिलाएं फिल्में बनाने से लेकर स्क्रिप्ट लिखने तक हर तरह के कामों में आगे बढ़ रही हैं।

एक्ट्रेस ने कहा, मैं उस इंडस्ट्री का हिस्सा बनकर भाग्यशाली महसूस करती हूं जो बेहतरी के लिए बदल रहा है। मेरी दिलचस्पी साइकोलॉजिकल क्राइम थीम में है, भले ही इका मतलब नेगेटिव किरदार निभाना क्यों न हो। यह मेरे लिए डायरेक्शन का अनोखा अंदाज है और मैं स्क्रीन पर डार्क रोल निभाना पसंद करूंगी।÷ %रणनीति- बालाकोट एंड बियॉन्ड 25 अप्रैल से जियो सिनेमा पर उपलब्ध होगी।